* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

27 दिसंबर, 2023
पौष, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 09, अंक 67

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


लाल सागर में पोत पर हमला करनेवालों को पाताल से निकाल कर सजा देंगे: राजनाथ सिंह








### आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

# विकास को दे रहे हैं रफ्तार: हेमंत सोरेन

**मुख्यमंत्री ने इंटीग्रेटेड कोचिंग सेंटर, ब्लॉक कंप्यूटर सेंटर और माइनिंग स्किल ट्रेनिंग सेंटर का किया उद्घाटन**

शैलेश कुमार

**सिमरिया (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि जब झारखंड अलग राज्य बना, उस वक्त यहां का सरप्लस बजट हुआ करता था। सरकार का खजाना भरा था। संसाधनों की कोई कमी नहीं थी। फिर भी राज्य पिछड़ता चला गया। गरीबी, अशिक्षा और बेरोजगारी यहां के लोगों का पीछा नहीं छोड़ रही थी। पिछले दो दशकों के दौरान इस पर किसी सरकार को इसकी चिंता नहीं थी। राज्य का विकास हाशिये पर चला गया। जबसे हमारी सरकार बनी है, तमाम चुनौतियां और विपरीत परिस्थितियों के बीच भी विकास को रफ्तार देने का काम कर रहे हैं और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से राज्यवासियों को सशक्त बना रहे हैं। मुख्यमंत्री मंगलवार को चतरा के सिमरिया प्रखंड में आयोजित 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार'कार्यक्रम में बोल रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चतरा जिला को नये वर्ष में बाइपास रोड की सौगात मिलेगी। इसके टेंडर निष्पादन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। जनवरी में इसका शिलान्यास होगा। उन्होंने कहा कि आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करने पर सरकार का विशेष फोकस है, क्योंकि इसी के जरिए विकास का द्वार खुलता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने यूपीएससी तथा जेपीएससी जैसी प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी को लेकर इंटीग्रेटेड कोचिंग सेंटर, ब्लॉक कंप्यूटर सेंटर और माइनिंग स्किल ट्रेनिंग सेंटर का भी उद्घाटन किया।

हमारी सरकार ने लिये हैं कई मजबूत निर्णयः मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने गरीबों, वंचितों और जरूरतमंदों के कल्याण, हित और सुरक्षा के दृष्टिकोण से कई ऐतिहासिक और मजबूत निर्णय लिये हैं। उन्होंने सार्वजनिक पेंशन योजना, अबुआ आवास योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हरा राशन कार्ड, निजी संस्थानों में 75 प्रतिशत नौकरी स्थानीयों को देने, ग्राम गाड़ी योजना समेत कई योजनाओं का जिक्र किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि योजनाएं आदिवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक, किसान, मजदूर, महिला, नौजवान, हर किसी के लिए तैयार की गयी हैं। आप अपनी जरूरत की योजनाओं का चयन करें और इसका लाभ लें। सरकार की कोशिश है सभी को अपने पैरों पर खड़ा कर सकें।




#### आज आपके दरवाजे आ रही सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले आप अपनी समस्याओं को लेकर इधर-उधर भटकते रहते थे। दलालों के चक्कर में फंस जाते थे। आपका पैसा भी बर्बाद होता था और समय भी। इसके बाद भी आपकी समस्या जस की तस बनी रहती थी। आज सरकार आपका दरवाजा खटखटा रही है। पंचायतों में लग रहे शिविर में अधिकारी दल बल के साथ पहुंच रहे हैं और आपकी समस्या का समाधान करने के साथ कल्याणकारी योजनाओं से आपको जोड़ रहे हैं ।

#### हर वर्ष चलेगा यह कार्यक्रम

हेमंत ने कहा कि वर्ष 2021 में इस कार्यक्रम की शुरुआत हुई थी। वर्ष 2022 में इसका दूसरी बार आयोजन हुआ। इस वर्ष 24 नवंबर से यह कार्यक्रम लगातार चल रहा है। इस कार्यक्रम को लेकर सरकार को काफी बेहतर रिस्पांस मिल रहा है। ऐसे में यह कार्यक्रम आगे भी हर वर्ष आयोजित होगा। सरकार नयी-नयी योजनाओं को लेकर आपके बीच आयेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एक संवेदनशील सरकार है, जो आपके दु:ख-दर्द में आपके साथ हमेशा खड़ी है। हमारी कोशिश है कि एक-एक व्यक्ति की परेशानियों को दूर कर सकें।

#### झारखंड को मजबूत और सशक्त बनाने का प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2025 में झारखंड 25 वर्ष का युवा राज्य बन जायेगा। यह राज्य किस तरह मजबूत हो, इसके लिए हमारी सरकार लगातार कदम उठा रही है। अगले दो वर्षों में हमारा लक्ष्य झारखंड को इतना ताकतवर बनाना है कि वह अपने बलबूते देश के अग्रणी राज्यों में शुमार हो सके। हम सबसे पहले ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, क्योंकि गांव को मजबूत किये बिना राज्य को मजबूत नहीं बना सकते हैं।

#### कई विकास योजनाओं का दिया तोहफा

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 249.80 करोड़ रुपये की 402 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। वहीं, विभिन्न योजनाओं के 1.13 लाख से अधिक लाभुकों के बीच करीब 221.78 करोड़ रुपये की परिसंपत्तियां बांटी गयीं। इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, बादल और विधायक अंबा प्रसाद के अलावा झारखंड राज्य समन्वय समिति के सदस्य फागू बेसरा समेत अधिकारीगण मौजूद थे।

### वीर बाल दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुए प्रधानमंत्री

# विरासत पर गर्व करते, तो दुनिया अलग नजरिये से देखती : मोदी

**दिल्ली के भारत मंडपम में कार्यक्रम का हुआ आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आजादी के अमृतकाल में 'वीर बाल दिवस' के रूप में एक नया अध्याय शुरू हुआ है। गुरु गोविंद सिंह और उनके चारों बेटों की वीरता हर भारतीय को ताकत देती है। ये दिवस उन वीरों के शौर्य की सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि हमने पिछले साल से ये दिवस मनाना शुरू किया था। इस साल कई देशों में यह कार्यक्रम मनाया गया। जब हम अपनी विरासत पर गर्व करना शुरू करते हैं, तो दुनिया हमें अलग नजरिये से देखती है।

प्रधानमंत्री मंगलवार को दिल्ली के भारत मंडपम में वीर बाल दिवस कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने गुरु गोविंद सिंह के चार साहिबजादों की शहादत को याद किया। गुरु गोविंद सिंह जी के बेटों की शहादत को याद करने के लिए सोमवार को दिल्ली के भारत मंडपम में वीर बाल दिवस मनाया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत वो देश है, जहां चंद्रगुप्त मौर्य जैसा युवा एक महान साम्राज्य बना लेता है। भारत वो देश है, जहां बालक ध्रुव कठोर तपस्या करता है। भारत वो देश है, जहां एकलव्य जैसा वीर कठिन तपस्या करके दिखा देता है। भारत वो देश है, जहां खुदीराम बोस, बटुकेश्वर दत्त, रानी गाइडिल्यू जैसे क्रांतिकारियों ने अपने शौर्य से आदर्श पेश किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज जब मैं भारत को तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनाने की बात करता हूं तो मेरे मन में युवा रहते हैं। 2047 का भारत कैसा होगा, इसकी तस्वीर युवाओं को ही बनानी है। आज भारत, दुनिया के उन देशों में से है, जो देश सबसे ज्यादा युवा देश है। इतने युवा तो भारत की आजादी की लड़ाई के समय भी नहीं थे। भारत का युवा किसी भी क्षेत्र में, समाज में पैदा हुआ हो, उसके सपने असीम हैं। इन सपनों को पूरा करने के लिए सरकार के पास स्पष्ट रोड मैप है, स्पष्ट विजन है, स्पष्ट नीति है और नीयत में कोई खोट नहीं है।

# आइएनएस इंफाल नौसेना में शामिल

**वॉरशिप में ब्रह्मोस एंटीशिप मिसाइल और आठ बराक मिसाइल भी तैनात हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** हिंद महासागर में चीन की बढ़ती घुसपैठ के बीच नया स्टील्थ गाइडेड मिसाइल से लैस आइएनएस इंफाल वॉरशिप भारतीय नौसेना में शामिल हो गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आइएनएस इंफाल को मुंबई डॉकयार्ड में कमीशंड किया। यह वॉरशिप नौसेना की पश्चिमी कमान में शामिल होगा। यह डिस्ट्रॉयर वॉरशिप सतह से सतह पर मार करनेवाली आठ बराक, 16 ब्रह्मोस एंटीशिप मिसाइल, सर्विलांस रडार, 76 एमएम रैपिड माउंट गन और एंटी सबमरीन टॉरपीडो से लैस है। रक्षा मंत्रालय के मुंबई स्थित शिपयार्ड मझगांव डॉकशिप बिल्डर्स लिमिटेड ने इंफाल को बनाया है। इंफाल के निर्माण में स्वदेशी स्टील का इस्तेमाल किया गया है। इसका 75% हिस्सा पूरी तरह स्वदेशी है। इस वॉरशिप को बंदरगाह और समुद्र में टेस्टिंग के बाद 20 अक्टूबर 2023 को भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया था। इंफाल पहला वॉरशिप है, जिसका नाम नॉर्थ ईस्ट के एक शहर पर रखा गया है। इसके लिए राष्ट्रपति ने 16 अप्रैल 2019 को मंजूरी दी थी। इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत सरकार ने ड्रोन हमले को गंभीरता से लिया है। हालिया हमलों के बाद भारत ने समुद्र में गश्त बढ़ा दी है। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरिकुमार ने कहा कि हमारे पास समुद्री लुटेरों (पाइरेट्स) और ड्रोन हमलों का मुकाबला करने के लिए 15 अल्फा और ब्रावो कैटेगरी के चार विध्वंसक तैनात हैं। इनमें पी-8आई विमान, डोर्नियर्स, सी गार्डियन, हेलीकॉप्टर और तटरक्षक जहाज भी शामिल हैं।

## न्यूज रील्स

### 2.5 करोड़ लोगों को रामलला के दर्शन करायेगी भाजपा

लखनऊ। अयोध्या के राममंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद भाजपा लोगों को अयोध्या दर्शन करायेगी। देशभर की 543 लोकसभा सीटों और सभी विधानसभा क्षेत्रों से करीब 2.5 करोड़ लोग अयोध्या लाये जायेंगे। यहां रामलला के दर्शन और अयोध्या घूमने के बाद अपने-अपने शहरों के लिए लौटेंगे। योजना है कि हर लोकसभा सीट से पांच-पांच हजार लोग, जबकि हर विधानसभा क्षेत्र से दो-दो हजार लोगों को यहां लाया जायेगा।

### आरबीआइ को मिला बम रखने की धमकी भरा इमेल

नयी दिल्ली। आरबीआइ ऑफिस को मंगलवार को धमकी भरा इमेल आया। मेल करनेवाले शख्स ने खुद को खिलाफत इंडिया ग्रुप का मेंबर बताया। उसने मेल में दावा किया कि उसने आरबीआइ ऑफिस, एचडीएफसी बैंक और आइसीआइसीआइ बैंक समेत 11 जगहों पर बम रखे हैं, जो दोपहर 1 बजे फटेंगे। शख्स ने आरबीआइ गवर्नर शक्तिकांत दास और कैबिनेट मंत्री निर्मला सीतारमन के इस्तीफे की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### यू-ट्यूब पर मोदी के दो करोड़ सब्सक्राइबर

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एक और उपलब्धि जुड़ गयी है। पीएम मोदी की लोकप्रियता का प्रमाण दुनिया के सबसे बड़े वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म यू-ट्यूब पर भी देखने को मिल रहा है। नरेंद्र मोदी यू-ट्यू पर दो करोड़ सब्सक्राइबर्स पानेवाले पहले वैश्विक नेता बन गये हैं। सब्सक्राइबर्स और व्यूज के मामले में पीएम मोदी ने दुनिया के अपने तमाम प्रतिद्वंद्वी नेताओं को काफी पीछे छोड़ा है। पीएम मोदी के यूट्यूब चैनल पर कुल 450 करोड़ व्यूज हैं।

# हिंदू कोई धर्म नहीं, एक धोखा: स्वामी प्रसाद मौर्य

**केशव ने कहा, उनकी बुद्धि को भगवान ने हर लिया**

**डिंपल यादव ने कहा, सपा समर्थन नहीं करती**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लखनऊ।** दिल्ली में सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने एक बार फिर हिंदू धर्म को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की है। सोमवार को उन्होंने कहा कि हिंदू एक धोखा है। ये कोई धर्म नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी कहा है कि हिंदू धर्म कोई धर्म नहीं है। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भी ऐसा बयान दे चुके हैं। जब ये लोग ऐसे बयान देते हैं तो भावनाएं आहत नहीं होतीं। लेकिन, अगर यही बात स्वामी प्रसाद मौर्य कहते हैं तो अशांति फैलती है। हालांकि, स्वामी प्रसाद मौर्या के बयान से सपा ने किनारा कर लिया है। सांसद डिंपल यादव ने कहा कि सपा उनके बयान का समर्थन नहीं करती है। भाजपा ने भी स्वामी प्रसाद के बयान को लेकर हमला बोला है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि उनकी बुद्धि को भगवान ने हर लिया।

# सीआरपीएफ जवान ने खुद को मारी गोली


**झुमरा पहाड़ स्थित कैंप में की खुदकुशी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** बेरमो अनुमंडल के झुमरा पहाड़ स्थित रहावन सीआरपीएफ कैंप में एक 35 वर्षीय सीआरपीएफ जवान ने मंगलवार को लगभग एक बजे खुद को गोली मार ली। बाद में जवान की मौत हो गयी।

मृतक जवान का नाम रामबाबू राय है, जो रामगढ़ का रहनेवाला बताया जा रहा है। जवान द्वारा खुद को राइफल्स से गोली मार लेने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। हालांकि प्रारंभिक सूचना के अनुसार घटना का कारण पारिवारिक विवाद बताया जा रहा है। घटना के बाद सीआरपीएफ-पुलिस के वरीय अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारी आत्महत्या के कारणों की जानकारी लेने के प्रयास में लगे हैं।



### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की बंगाल भाजपा को नसीहत

# केंद्रीय नेतृत्व पर निर्भर न रह कर अपने बूते लड़ें चुनाव

**शाह-नड्डा ने बंगाल के लिए गठित की 15 सदस्यीय चुनाव प्रबंधन टीम**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पार्टी की बंगाल इकाई को केंद्रीय नेतृत्व पर निर्भर रहने के बजाय अपने बूते आगामी लोकसभा चुनाव लड़ने की नसीहत दी है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ सोमवार की देर रात डेढ़ बजे वह कोलकाता पहुंचे।



अमित शाह ने मंगलवार को बंगाल भाजपा की कोर कमेटी के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बैठक में अमित शाह ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व और केंद्रीय एजेंसियों पर निर्भर रहने से नहीं चलेगा। अपनी लड़ाई खुद लड़नी होगी।

इसके बाद उन्होंने जेपी नड्डा के साथ बंगाल के लिए 15 सदस्यीय चुनाव प्रबंधन टीम का गठन कर लोकसभा चुनाव की तैयारियों का आगाज कर दिया। टीम में बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजुमदार, बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी, सांसद दिलीप घोष, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राहुल सिन्हा, अमिताभ चक्रवर्ती, सतीश धंड, जगन्नाथ सरकार, अग्निमित्रा पाल, लाकेट चटर्जी, दीपक बर्मन और ज्योतिर्मय महतो शामिल हैं। बंगाल के चार केंद्रीय पर्यवेक्षकों सुनील बंसल, अमित मालवीय, आशा लकड़ा और मंगल पांडेय को भी इसमें जगह दी गयी है। बंगाल से चार केंद्रीय मंत्रियों निशिथ प्रमाणिक, शांतनु ठाकुर, सुभाष सरकार और जान बारला को इसमें शामिल नहीं किया गया है। टीम का काम चुनाव संबंधी सभी कार्यों की देखरेख करना होगा। कहां, कैसे प्रचार किया जायेगा, कौन से केंद्रीय नेता प्रचार के लिए बंगाल आयेंगे, ये सब तय करने की जिम्मेदारी इन नेताओं के कंधों पर होगी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
189200 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 60,200 रु./10 ग्राम
चांदी 78,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 27 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in


# 2024 में वापस आ रही है मोदी सरकार!

## ■ एबीपी-सी वोटर के देशव्यापी सर्वेक्षण के नतीजे ने दिया संकेत
## ■ पीएम पद के लिए नरेंद्र मोदी अब भी सबसे उपयुक्त उम्मीदवार
## ■ मोदी सरकार के कामकाज से अधिकांश मतदाता पूरी तरह संतुष्ट

आजाद सिपाही विशेष

**लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियां जोरों पर हैं। भाजपा और इंडी गठबंधन अपनी पूरी ताकत झोंकने की तैयारी कर रही हैं। मुकाबला भाजपा की अगुवाई में एनडीए और कांग्रेस के साथ वाले इंडी अलायंस में होना है। इस चुनाव की संभावनाओं को टटोलने को लेकर देश के अग्रणी न्यूज चैनल एबीपी ने सी-वोटर के साथ मिल कर देशव्यापी सर्वे कराया है। इस सर्वे का नतीजा बताता है कि 2024 में एनडीए भारी बहुमत के साथ लगातार तीसरी बार केंद्र की सत्ता में वापस होता दिख रहा है। विपक्षी गठबंधन उसके आसपास भी नहीं है। सर्वे के अनुसार भाजपा उत्तर, पश्चिम और पूर्वी भारत में मजबूत स्थिति में है। वहीं दक्षिण भारत में मामला टाइट है। हालांकि बिहार और पश्चिम बंगाल में एनडीए को पिछली बार के मुकाबले कम सीटें मिल रही हैं। इसके अलावा सर्वे का नतीजा बताता है कि देश के प्रधानमंत्री पद के लिए आज भी नरेंद्र मोदी सबसे उपयुक्त उम्मीदवार हैं। एबीपी-सी-वोटर का सर्वे पिछले दो दिन, यानी शनिवार और रविवार से चल रहा है। इसमें राज्यों के साथ क्षेत्रवार सीटों के गणित के बारे में बताया गया है। क्या कह रहा है सर्वे और किसे कितनी सीटें दी गयी हैं, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

देश का माहौल पूरी तरह चुनावी हो चला है। अलग-अलग राजनीतिक दल अपने तरीके से तैयारियों में जुटे हैं, तो समाचार माध्यमों की तैयारी भी समानांतर चल रही है। मीडिया समूह अपने-अपने तरीके से देश के मतदाताओं का मूड भांपने की कोशिश कर रहे हैं। इसके तहत अग्रणी समाचार चैनल एबीपी ने देश की सबसे प्रमुख सर्वे एजेंसी सी-वोटर के साथ एक देशव्यापी सर्वे किया। सभी 543 संसदीय सीटों पर कराये गये सर्वे का नतीजा बता रहा है कि 2024 में भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए लगातार तीसरी बार देश की सत्ता में लौटेगा। सर्वे के नतीजे का विश्लेषण बेहद वैज्ञानिक तरीके से किया गया है।

### दक्षिण भारत को छोड़ हर जगह एनडीए आगे

सर्वे का नतीजा बताता है कि उत्तर भारत की 180 सीटों में से भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को 150 से 160 सीटों पर जीत मिल सकती है। वहीं विपक्षी इंडी गठबंधन को 20 से 30 सीटें मिलने के आसार हैं। इसके अलावा अन्य को 0-5 सीट हासिल हो सकती है। कर्नाटक, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान में भाजपा को कुल 110 सीटों में 82 से 92 सीटों पर जीतता हुआ दिखाया गया है। दूसरी तरफ कांग्रेस के खाते में 13 से 23 और अन्य के खाते में 4 से 6 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया है। महाराष्ट्र, तेलंगाना और पंजाब में कांग्रेस बेहतर करती नजर आ रही है। वहीं, पश्चिम बंगाल में टीएमसी और बिहार में महागठबंधन शानदार प्रदर्शन करता दिख रहा है। लेकिन जानकारों की मानें, तो महाराष्ट्र में भाजपा के पक्ष में मामला पलट सकता है। वहीं बिहार की बात करें, तो बिहार में इंडी गठबंधन में सब कुछ ठीक दिखाई नहीं पड़ रहा। नीतीश कुमार की पार्टी जदयू में टूट के संकेत दिखाई पड़ रहे हैं। यह कहना अभी जल्दबाजी होगी, लेकिन चुनाव आते-आते तस्वीर पूरी तरह साफ हो जायेगी।



### बिहार में महागठबंधन दिख रहा आगे

सर्वे के मुताबिक बिहार में महागठबंधन को जबरदस्त समर्थन मिलता दिख रहा है। महागठबंधन को 43 फीसदी वोट मिलने के आसार हैं। वहीं दूसरी ओर भाजपा को 39 फीसदी वोट मिलने का अनुमान है। अन्य को 18 फीसदी वोट मिल सकते हैं। सीटों के लिहाज से महागठबंधन को 21 से 23 सीट मिलने का अनुमान है। बिहार में लोकसभा की कुल 40 सीटें हैं, जिनमें भाजपा को 16 से 18, इंडी गठबंधन को 21 से 23 और अन्य को 0 से 2 सीटें मिलने का अनुमान है।

### मध्यप्रदेश में भाजपा की धमक

सर्वे के अनुसार लोकसभा चुनाव में मध्यप्रदेश में दोबारा भाजपा के चमकने के आसार हैं। सर्वे में भाजपा हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव वाला प्रदर्शन दोहराती दिख रही है। भाजपा को राज्य में 58 फीसदी वोट मिलने का अनुमान है। कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में 36 फीसदी वोट से संतोष करना पड़ सकता है। मध्यप्रदेश में लोकसभा की कुल सीटें 29 हैं। इसमें से भाजपा को 27 से 29, कांग्रेस को 0 से 2 और अन्य को 0 सीट मिलते दिखाया गया है।

### पश्चिम बंगाल में टीएमसी आगे

पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस लोकसभा चुनाव में बेहतर करती हुई नजर आ रही है। सी-वोटर सर्वे में टीएमसी को 44 फीसदी वोट मिलने के आसार बताये गये हैं। टीएमसी को 42 में से 23 से 25 सीट मिलने का अनुमान है। भाजपा को 39 फीसदी के साथ 16 से 18 सीटें मिल सकती हैं। अन्य के खाते में नौ फीसदी वोट मिलने का अनुमान है। इस तरह टीएमसी राज्य में 2019 का प्रदर्शन दोहराती नजर आ रही है। भाजपा वहां कुछ पिछड़ती दिख रही है। कांग्रेस और लेफ्ट को महज 8 फीसदी वोट मिलने का अनुमान है।

### महाराष्ट्र में हो सकता है खेल

महाराष्ट्र में लोकसभा की कुल सीटें 48 हैं। सर्वे के अनुसार इसमें भाजपा को 19 से 21, कांग्रेस को 26 से 28 और अन्य को 0 से 2 सीटें मिलने के अनुमान है। लेकिन राजनीति के जानकारों की मानें, तो महाराष्ट्र में भाजपा इससे कहीं ज्यादा सीटें लाने का दमखम रखती है। इसमें इंडी गठबंधन के साथ कोई खेल हो जाये, तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए। हिंदुत्व का मुद्दा महाराष्ट्र में भी चरम पर होगा। भाजपा को इसका पूरा लाभ जरूर मिलेगा।

### बाकी राज्यों में क्या है अनुमान

पंजाब में लोकसभा की कुल सीटें 13 हैं। यहां भाजपा को 0 से 2 सीटें , कांग्रेस को 5 से 7, आम आदमी पार्टी को 4 से 6 और अन्य को 0 दिखाया गया है। वहीं कर्नाटक में कुल सीटें 28 है। इसमें से भाजपा को 22 से 24, कांग्रेस को 4 से 6 सीटें और अन्य को 0 सीट मिलती दिखायी गयी है। तेलंगाना में लोकसभा की कुल 17 सीटें हैं। यहां भाजपा को 1 से 3, कांग्रेस को 9 से 11, बीआरएस को 3 से 5 और अन्य को दो सीटें दिखायी गयी हैं। छत्तीसगढ़ में कुल सीट 11 हैं। यहां भाजपा को 9 से 11, कांग्रेस को 0 से 2 और अन्य को 0 सीटें मिलती दिखायी गयी है। वहीं राजस्थान में कुल 25 लोकसभा सीटें हैं। यहां भाजपा को 23 से 25, कांग्रेस को 0 से 2 और अन्य को 0 सीटें मिलती दिखायी गयी है।

### झारखंड में भाजपा का दबदबा

झारखंड की 14 लोकसभा सीटों पर भाजपा का दबदबा कायम रहने की भविष्यवाणी की गयी है। यहां भाजपा को 11 से 13, झामुमो को 0 से 1 और अन्य को 0 से 2 सीट मिलने का अनुमान लगाया गया है। 2019 के चुनाव में भाजपा ने राज्य की 11 सीटों पर जीत हासिल की थी, जबकि उसकी सहयोगी आजसू ने एक सीट जीती थी। कांग्रेस और झामुमो को एक-एक सीट मिली थी।

### प्रधानमंत्री पद के लिए देश की पसंद हैं मोदी

सर्वे के अनुसार दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रधानमंत्री पद के लिए नरेंद्र मोदी आज भी पहली पसंद बने हुए हैं।

सर्वे में लोगों से पूछा गया कि अगर उन्हें सीधे प्रधानमंत्री चुनना हो, तो किसे चुनेंगे। लोगों ने इस पर चौंकानेवाला जवाब दिया है। इस सवाल के जवाब में 59 फीसदी लोगों ने कहा कि वे मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दोबारा मौका देंगे। 32 फीसदी लोगों ने कहा कि वे कांग्रेस नेता राहुल गांधी को चुनेंगे।

चार फीसदी ऐसे भी थे, जिन्होंने कहा कि वे दोनों में किसी को नहीं चुनेंगे। पांच फीसदी लोगों ने इस सवाल का जवाब 'पता नहीं' में दिया। इसी सर्वे में जब राहुल गांधी के कामकाज को लेकर सवाल किया गया, तो 39 फीसदी ने 'असंतुष्ट' बताया। 26 फीसदी ने कहा कि वे 'बहुत संतुष्ट' हैं। 'कम संतुष्ट' वालों का आंकड़ा 21 फीसदी है। 14 फीसदी लोगों ने इसका जवाब 'कुछ नहीं पता' में दिया। जहां तक मोदी सरकार के कामकाज से संतुष्टि का सवाल है, तो देश के 44 फीसदी लोग इस सरकार से पूरी तरह संतुष्ट हैं, जबकि 21 फीसदी कम संतुष्ट हैं। 18 प्रतिशत लोगों ने सरकार के कामकाज के प्रति असंतोष जाहिर किया, तो 17 फीसदी लोगों ने 'पता नहीं' कहा।

---

## राजनीतिक हलचल | बिहार की ठंड में राजनीतिक चर्चाओं का बाजार गर्म

# बढ़ते कुहासों के बीच ललन सिंह और नीतीश कुमार के रिश्तों में धुंध की खबर गरमायी

**जानकारों** की माने तो नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड के अंदर सब कुछ ठीक नहीं दिखायी पड़ रहा। उनका मानना है कि 29 दिसंबर को दिल्ली में होनेवाली राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के ठीक पहले, 25 दिसंबर को पटना में पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत कर्पूरी ठाकुर के नाम पर होने वाला जदयू का बड़ा कार्यक्रम रद्द नहीं होता। ठंड का हवाला देकर इस कार्यक्रम को रद्द करने की बात कही गयी थी, लेकिन इस बार पहले की अपेक्षाकृत बहुत कम ठंड है, इसलिए सर्दी के आधार पर कार्यक्रम रद्द होने की बात सहज नहीं लगती। चर्चाओं के बाजार में कभी जदयू से टूटकर राजद में विलय की चर्चा आ रही, कभी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुर्सी छोड़ने की, कभी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह को हटा कर खुद उस कुर्सी पर बैठने की। अब स्थिति ऐसी बन पड़ी है कि नीतीश कुमार खुद ललन सिंह के घर पर पहुंच कर भी इन अटकलों पर विराम नहीं लगा पा रहे।

### ललन सिंह के जदयू अध्यक्ष पद से हटने की अटकलों ने पकड़ा जोर

मंगलवार को एक बार फिर ललन सिंह के जदयू अध्यक्ष पद से हटने की अटकलों ने जोर पकड़ा। इस बार उन्हें हटाये जाने की अटकल नहीं, बल्कि खुद हटने की। लेकिन पार्टी के बड़े नेताओं ने स्पष्ट तौर पर इस बात का खंडन किया। जदयू कोटे से बिहार के वरिष्ठ मंत्री और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी विजय कुमार चौधरी ने पहले भी इस बात का खंडन किया था। ललन सिंह ने भी ऐसी तमाम अफवाहों पर साफ-साफ कहा था कि यह भाजपा में खाली पड़े नेताओं की दिमागी उपज है। इसी क्रम में जब भाजपा के नेताओं से बात की गयी तो पता चला कि जदयू से ज्यादा भाजपा में नीतीश कुमार की पार्टी को लेकर खबरें हैं। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी और पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी तो दुहरा भी रहे हैं कि जदयू टूटने वाला है, राजद में विलय होने वाला है, कुछ लोग भाजपा में आयेंगे, ललन सिंह की कुर्सी जायेगी वगैरह-वगैरह। भाजपा के प्रदेश कार्यालय में तो दो कदम आगे भी चर्चा चल रही है। चर्चा ऐसी है कि नीतीश कुमार को पता चल गया है कि ललन सिंह उनके खिलाफ साजिश रच रहे थे, इसलिए उनसे मिल कर कह आये हैं कि खुद इस्तीफा सौंप दें। अब इस बात में कितनी सच्चाई है यह ललन सिंह और नीतीश ही जानें। लेकिन चर्चाओं का बाजार तो गर्म हो चला है।



### तो, जदयू में क्या होने वाला है और कब- यह भी जानें

जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 29 दिसंबर को दिल्ली में है। उस बैठक की पार्टी में पूरी तैयारी भी है। जदयू के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी इस तैयारी में अहम भूमिका निभा रहे हैं। त्यागी ने ही स्वीकार किया था कि इंडी एलायंस की बैठक में प्रधानमंत्री पद को लेकर किसी नाम का प्रस्ताव नहीं किये जाने की बात थी। मतलब, जदयू में इस बात के असंतोष की पुष्टि सिर्फ त्यागी ने की थी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और जदयू अध्यक्ष ललन सिंह भी इसे नकार चुके थे। 29 नवंबर को पार्टी की बैठक में इस बात पर भी चर्चा होगी, यह तो पक्का है। लेकिन सबसे अहम राजद-कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे पर भी बात होगी और आम आदमी पार्टी या किसी अन्य की एंट्री पर भी पार्टी का फैसला होगा। जहां तक ललन सिंह के हटने का सवाल है तो ऐसा होने का मतलब है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और जदयू अध्यक्ष का दावा बेकार गया। और, अगर अध्यक्ष को लेकर दावा गलत साबित होता है तो यह भी पक्का मान लिया जायेगा कि जदयू में टूट की खबर सही थी और इंडी एलायंस में नाराजगी की बात भी पक्की थी। यह सबकुछ 29 दिसंबर को तय होगा। उसके पहले कुछ हुआ तो बाकी दोनों बातों को नकारने के लिए शायद मुख्यमंत्री का सामने आना मुश्किल होगा। वहीं उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने भी इसे नकार दिया था। तेजस्वी ने स्पष्ट कहा था कि महागठबंधन में सब कुछ ठीक चल रहा है।

### ललन सिंह के इस्तीफे की बात में सच्चाई नहीं : विजय चौधरी

इधर, जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह के इस्तीफे की चर्चा पर सीएम नीतीश कुमार के करीबी और बिहार सरकार के मंत्री विजय चौधरी मीडिया के सामने आये। जदयू कार्यालय में उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस की। ललन सिंह के इस्तीफे के सवाल पर कहा कि यह खबर आपको मिल रही। पार्टी को इसकी सूचना ही नहीं है। मुझे भी सूचना नहीं मिली है। ललन सिंह के इस्तीफे की बात में बिल्कुल भी सच्चाई नहीं है। सुशील मोदी जदयू की बात इसलिए करते हैं, क्योंकि उनको अपने दल मे कोई पूछ नहीं रहा है। इसलिए उनका मन भटक रहा है। विजय चौधरी ने कहा कि जदयू में कोई अंदरूनी कलह नहीं है। अटकलें तो आप लोग ही पैदा करते हैं। 29 दिसंबर को राष्ट्रीय कार्यकारिणी और राष्ट्रीय परिषद की बैठक हो रही है। यह काफी दिन से लंबित थी। इसलिए आयोजन करने का फैसला लिया गया। लोकसभा चुनाव को लेकर यह बैठक हो रही है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

**वेदर**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 25.2 °c | 11.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.11 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.28 बजे |



# हेमंत सरकार के चार साल: मोरहाबादी में राज्य स्तरीय कार्यक्रम 29 को

## फुलप्रूफ तैयारियों का डीसी ने लिया जायजा

आजाद सिपाही संवाददाता





**रांची।** रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने मोरहाबादी मैदान में 29 दिसंबर 2023 को राज्य सरकार के चार वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम की तैयारी का जायजा लिया। मोरहाबादी मैदान पहुंच कर पूरी तैयारियों की जानकारी लेते हुए संबंधित सभी अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान रांची डीडीसी दिनेश कुमार यादव, सिटी एसपी राजकुमार मेहता, नजारत उप-समहर्ता रांची केवल कृष्ण अग्रवाल, जिला कल्याण पदाधिकारी संगीता शरण और जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रांची डॉ प्रभात शंकर और इवेंट से जुड़े पदाधिकारी और सभी संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।

डीसी ने लोगों के बैठने की समुचित व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल में लोगों के लिए पीने के पानी, शौचालय और आसपास साफ-सफाई को लेकर, कार्यक्रम के लाइव टेलीकास्ट, एलइडी की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, वाहन पार्किंग, विभिन्न विभागों द्वारा झांकी प्रदर्शन आदि सारी व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने को कहा। डीसी ने कहा यह कार्यक्रम भव्य तरीके से संपन्न हो, जितनी भी व्यवस्था इस कार्यक्रम को लेकर की गयी हैं, वे तमाम व्यवस्था ससमय हो जायें, यह सुनिश्चित करें।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** नौकरी में उच्चाधिकारियों से सहयोग मिलेगा, नये पद-अधिकार प्राप्त होने की संभावना।

**वृष** आपको कुछ महत्वपूर्ण मामले निपटाने पड़ सकते हैं, सुखद समाचारों की प्राप्ति होगी।

**मिथुन** व्यापार-व्यवसाय में उन्नति होगा.कामकाज अच्छा चलेगा.आमदनी बढ़ेगी।

**कर्क** परिश्रम के बावजूद स्थिति मनमाफिक नहीं रहेगी, मानसिक चिंता रहेगी।

**सिंह** अपने सोचे अनुसार काम कम होंगे, किसी न किसी समस्या से उलझना पड़ सकता है।

**कन्या** रोजगार-व्यापार के कार्य तेजी से चलेगा और आपकी प्रगति होगी, परिवार में विवाहादि शुभ कार्य करने का योग बनेगा।

**तुला** आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, आपका काम बनेगा.किसी काम से आपको पैसा मिलेगा।

**वृश्चिक** आपकी कोई पुरानी इच्छा पूर्ण होगी, घर में बड़े लोगों का समागम होगा।

**धनु** रोजी-रोजगार में सफलता, अभी तक जो कोई इच्छा अधूरी रही हो, ऐसी इच्छा की पूर्ति होने का सिलसिला प्रारंभ होगा।

**मकर** उच्चस्तरीय लोगों से आप संबन्ध बनाने की चेष्टा करें उनसे चल रहे समस्या का समाधान मिलेगा।

**कुंभ** आवश्यक कामोंमें आपकी व्यवहार कुशलता सिद्धि और प्रसिद्धि देने वाली है।

**मीन** आपने जिस पर भी भरोसा किया होगा ऐसा व्यक्ति आपके विरोध में कार्य करेगा, लेकिन आपको किसी तरह का नुकसान नहीं होगा।

सार्वजनिक अधिसूचना

रेलवे सुरक्षा आयुक्त, दक्षिण पूर्व सर्कल द्वारा दिनांक 27.12.2023 को रांची मंडल के पकरा-कुरकुरा खंड के बीच नवनिर्मित दोहरीकरण का निरीक्षण

एतदद्वारा यह सूचित किया जाता है कि रेलवे सुरक्षा आयुक्त, दक्षिण पूर्व सर्कल, कोलकाता **दिनांक 27.12.2023 को रांची मंडल के पकरा-कुरकुरा खंड के बीच** नवनिर्मित दोहरीकरण को खोले जाने हेतु निरीक्षण करेंगे। **दिनांक 27.12.2023 को** निरीक्षण स्पेशल, मोटर ट्रॉली, पुश ट्रॉली आदि द्वारा आवश्यक निरीक्षण किया जाएगा तथा निरीक्षण स्पेशल द्वारा स्पीड ट्रायल किया जाएगा। सड़क उपयोगकर्ताओं, स्थानीय जनता और अन्य उपयोगकर्ताओं को एतदद्वारा यह सलाह दी जाती है कि वे इस अधिसूचना को ध्यान में रखें और लाइन पार करते समय पर्याप्त सुरक्षा सावधानी बरतें तथा अतिक्रमण से बचें।

(PR-961) मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण), गार्डन रीच

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

## गिरिडीह में वीर बलिदान दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए बाबूलाल

# सिखों ने सनातन धर्म की रक्षा के लिए कई बार तलवार उठायी: मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गिरिडीह।** मुगल शासकों के अत्याचार के खिलाफ बलिदान देनेवाले चार साहिबजादे के उपलक्ष्य में वीर बाल दिवस मंगलवार को गिरिडीह के स्टेशन रोड स्थित प्रधान गुरुद्वारा में मनाया गया। गुरुद्वारा के प्रधान सेवक डॉ गुणवंत सिंह मोंगिया और पूर्व प्रधान सचिव डॉ अमरजीत सिंह सलूजा के नेतृत्व में मनाये गये बलिदान दिवस में सिख समुदाय के साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, जमुआ विधायक केदार हाजरा, पूर्व मंत्री चंद्रमोहन प्रसाद, पूर्व विधायक निर्भय शाहाबादी, जिलाध्यक्ष महादेव दुबे, मेयर सुनील पासवान भी शामिल हुए। इस मौके पर भाजपा नेताओं को भगवा सिरोपा पहना कर सम्मानित किया गया। स्थानीय रागी जत्था भाई ज्ञानी सिंह ने अरदास के जरिये सनातन धर्म की रक्षा के लिए लड़े चार साहिबजादे की वीरता को बताया और कहा कि मुगल शासक ने सनातन धर्म समेत सिख समुदाय के लोगों को धर्म परिवर्तन करने को कहा। जब धर्म परिवर्तन से इनकार किया गया, तो कई तरह की यातनाएं दी गयीं। चार साहिबजादे की दादी माता गुजरी देवी ने अपने चारों बच्चों को धर्म की रक्षा के लिए बलिदान होने को कहा, जिससे सनातन धर्म की रक्षा हो सके। भाई ज्ञानी सिंह ने कहा कि अब तक युवाओं को गलत इतिहास ही पढ़ाया गया।

इधर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आनेवाली युवा पीढ़ी को सिख समुदाय के त्याग और बलिदान की जानकारी तो होनी ही चाहिए कि किस तरह से सिख समुदाय ने सनातन धर्म की रक्षा के लिए कई बार तलवार उठायी और मुस्लिम शासकों से लड़ाई की। क्योंकि मुस्लिम शासक देश और सनातन धर्म पर लगातार हमले करते रहे। इधर वीर बलिदान दिवस को लेकर प्रधान गुरुद्वारा में 48 घंटे का अखंड पाठ हुआ। शबद कीर्तन का भी आयोजन किया गया। इसमें स्थानीय रागी जत्था भाई ज्ञानी सिंह के साथ सिख समुदाय के बच्चों ने कई भजन पेश किये। मौके पर सिख समुदाय के सतविंदर सिंह सलूजा उर्फ मणि, जोरावर सिंह सलूजा उर्फ सिल्की, तरणजीत सिंह बंटी, हरेंद्र सिंह सलूजा उर्फ गिन्नी, ऋषि सलूजा, सरदार त्रिलोचन सिंह सलूजा, चरणजीत सिंह सलूजा, हरमिंदर सिंह बग्गा समेत अन्य उपस्थित थे।

## पंचायत स्वयंसेवक संघ का प्रदर्शन 29 को

**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्यस्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ 29 दिसंबर को नंग-धड़ंग प्रदर्शन करेगा। संघ के अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार ने मंगलवार को बताया कि स्वयंसेवक संघ 29 दिसंबर को नंग-धड़ंग प्रदर्शन करेंगे। साथ ही उन्होंने सामूहिक आत्मदाह की चेतावनी भी दी है। उन्होंने कहा कि संघ ने विधानसभा घेराव के दौरान 21 दिसंबर को हुई लाठीचार्ज की निंदा करते हुए एफआइआर वापस लेने की भी मांग की है।

## योगेंद्र तिवारी के खिलाफ इडी के आरोपों का अदालत ने लिया संज्ञान

**रांची (आजाद सिपाही)।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने योगेंद्र तिवारी और सारण अल्कोहल प्राइवेट लिमिटेड, संथाल परगना प्राइवेट लिमिटेड, मैहर होटल्स एंड रिसॉर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, राजमहल ट्रेडर्स समेत उसकी 11 कंपनियों के खिलाफ 16 दिसंबर को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत अभियोजन शिकायत (पीसी) दायर की है। इसका विशेष पीएमएलए न्यायालय, रांची ने 23 दिसंबर को संज्ञान लिया है। इडी ने झारखंड पुलिस द्वारा योगेंद्र तिवारी और अन्य के खिलाफ दर्ज 19 एफआइआर के आधार पर मामले की जांच शुरू की। ये एफआइआर बालू के अवैध खनन और बिक्री, शराब की अवैध बिक्री, जमीन की अवैध खरीद-बिक्री और अन्य आपराधिक गतिविधियों के आरोप में भादवि की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज की गयी थी। इडी की जांच में पता चला कि योगेंद्र तिवारी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त है।

# बंधु की सजा के खिलाफ अपील पर बहस 10 को

## आय से अधिक संपत्ति मामला

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** आय से अधिक संपत्ति मामले में सजायाफ्ता मांडर के पूर्व विधायक बंधु तिर्की की ओर से सीबीआइ कोर्ट द्वारा सुनायी गयी सजा के खिलाफ दायर क्रिमिनल अपील की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में 10 जनवरी को होगी। मामले में अपीलकर्ता की ओर से कोर्ट से समय की मांग की गयी थी। हाइकोर्ट के आदेश के आलोक में मामले में रांची की सीबीआइ की विशेष अदालत से लोअर कोर्ट रिकॉर्ड (एलसीआर) आ चुका है। दरअसल, सीबीआइ के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने 28 मार्च 2022 को बंधु तिर्की को दोषी करार देते हुए तीन साल की सजा सुनायी थी। साथ ही उन पर तीन लाख रुपये जुर्माना भी लगाया था। जुर्माने की राशि अदा नहीं करने पर उन्हें छह महीने की अतिरिक्त सजा भुगतने का निर्देश दिया था। सीबीआइ की विशेष अदालत ने 6 लाख 28 हजार आय से अधिक रुपये अर्जित करने के मामले में बंधु तिर्की को सजा सुनायी थी।

सीबीआइ ने बंधु तिर्की के खिलाफ पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा कांड में 11 अगस्त 2010 को आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में आरसी 5/ 2010 दर्ज किया था। 16 जनवरी 2019 को आरोप गठित किया गया था। मामले में सीबीआइ की ओर से सीबीआइ के तत्कालीन एसपी सह मामले के जांच अधिकारी पीके पाणिग्रही और रांची के तत्कालीन डीसी राजीव अरुण एक्का समेत 21 की गवाही दर्ज करायी गयी है। बचाव पक्ष की ओर से पांच गवाही दर्ज करायी गयी थी।

# ताबड़तोड़ फायरिंग करनेवाला एएसआइ गिरफ्तार

## नशे में धुत एएसआइ ने बरसायीं ताबड़तोड़ 28 गोलियां, बुलेटप्रूफ जैकेट पहन कर पुलिस ने पकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग में शराब के नशे में एक पुलिसकर्मी ने सर्विस रिवॉल्वर से ताबड़तोड़ 28 गोलियां बरसा दीं। एएसआइ की इस हरकत से पुलिस लाइन में अफरा-तफरी मच गयी। जवानों ने बुलेटप्रूफ जैकेट पहन कर उसे पकड़ा। एसपी ने घटना के बाद तत्काल प्रभाव से आरोपी एएसआइ को सस्पेंड कर दिया है और अब उसे जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। यह घटना हजारीबाग स्थित पुलिस लाइन की है। फायरिंग से पूरे इलाके में सनसनी फैल गयी। बताया जा रहा है कि एएसआइ बृजनंदन के इस तरह फायरिंग के बाद जवान वहां से भाग गये और उसे बाद में बुलेटप्रूफ जैकेट पहन कर पुलिसकर्मियों ने पकड़ा। दरअसल, पुलिस लाइन में सोमवार की देर शाम शराब के नशे में एक एएसआइ द्वारा ताबड़तोड़ 28 राउंड गोलियां चलायी गयीं। एसएसआइ ने ये गोलियां अपनी ही सर्विस रिवॉल्वर से चलायी। बताया जा रहा है कि एएसआइ बृजनंदन पीसीआर ड्यूटी में थे। शाम सात बजे ड्यूटी कर वापस आने के बाद वह बैरक में ही थे। इसके बाद रात करीब आठ बजे पुलिस लाइन की सड़क पर निकल कर उन्होंने करीब 6 राउंड गोलियां हवा में दाग दीं। उस वक्त एएसआइ शराब के नशे में धुत था। इसके बाद भी जब उसका मन नहीं भरा, तो फिर अपने कमरे में जाकर रिवॉल्वर में फिर से गोली भरी और हवा में चलाने लगा। बताया जा रहा है कि मैग्जीन में 35 गोली होती है, जिसमें 28 गोली चला दी। वहीं हजारीबाग एसपी मनोज रतन चौथे ने बताया कि तत्काल प्रभाव से एएसआइ को सस्पेंड कर दिया गया है।

## डीएसपी रैंक के पांच अधिकारियों का तबादला

**रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार ने डीएसपी रैंक के पांच अधिकारियों का तबादला किया है। इससे संबंधित अधिसूचना मंगलवार जारी की गयी। दीपक कुमार एक को डीएसपी सीआइडी रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है। रेमेजीयस टोप्पो को डीएसपी स्पेशल ब्रांच रांची के पद पर पदस्थापित किया गया। वीरेंद्र बाड़ा को डीएसपी स्पेशल ब्रांच रांची के पद पर पदस्थापित किया गया। गंदरू उरांव को डीएसपी स्पेशल ब्रांच रांची के पद पर पदस्थापित किया गया। ओम प्रकाश को डीएसपी जैप 1 रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है।**

# सहायक अध्यापकों के आंदोलन पर ब्रेक

## आश्वासन के बाद 5 तक आंदोलन स्थगित करने की घोषणा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** दो महीने से आंदोलनरत टेट पास पारा शिक्षक मंगलवार को सीएम हाउस घेराव करने वाले थे। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे घेराव को लेकर निकले ही थे कि उन्हें प्रशासन की ओर से राजभवन के पास जाकिर हुसैन पार्क धरना स्थल में ही घेराबंदी कर रोक दिया गया। इसके बाद सभी आंदोलन कर रहे शिक्षक नारेबाजी करने लगे। बैरिकैडिंग किये हुए स्थल पर ही शिक्षक बैठ गये। धरना-प्रदर्शन कर रहे सहायक अध्यापकों ने वार्ता के बाद 5 जनवरी तक आंदोलन स्थगित करने का निर्णय लिया। धरने पर बैठे पारा शिक्षकों से वार्ता के लिए झामुमो नेता विनोद पांडेय, गोमिया के पूर्व विधायक योगेंद्र महतो पहुंचे। इसके बाद शिक्षकों ने आंदोलन को स्थगित किया है।

### 127 दिन से हैं धरने पर

**राजभवन के पास जेटेट पास सहायक अध्यापक वेतनमान की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे थे। अपनी मांगों को लेकर 127 दिनों से लगातार धरना प्रदर्शन किया जा रहा था। इनके वेतनमान की मांग और सीधी नियुक्ति को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। वर्तमान में राज्य में शिक्षकों की संख्या 14,042 है।**

# आठ साइबर अपराधी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह में एक बार फिर साइबर अपराधियों पर पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने प्रतिबिंब पोर्टल के माध्यम से आठ साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को इन अपराधियों को लेकर एक गुप्त सूचना मिली थी। इसके आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ये गिरफ्तारी की है। दरअसल, एसपी दीपक शर्मा को सूचना मिली थी कि जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में कुछ साइबर अपराधी ठगी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। इसके आधार पर पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ठगी की घटना में शामिल आठ साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने 20 मोबाइल, 23 सिम कार्ड समेत कई अन्य सामान बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों ने स्वीकारते हुए कहा है कि वे गर्भवती महिलाओं के मोबाइल नंबर पर कॉल कर उन्हें मातृत्व लाभ दिलाने का झांसा देकर ठगी करते थे। इसके अलावा उनके फोन पर रिमोर्ट एक्सेस एप इंस्टॉल करवा कर ठगी की घटना को अंजाम देते थे।

## 14 अधिकारियों को एडीएम रैंक में प्रमोशन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा के एडीएम रैंक के 14 अधिकारियों को संयुक्त सचिव रैंक में प्रमोशन दिया गया है।

इन अधिकारियों को अब पुनरीक्षित वेतनमान 37400 से 67000 और ग्रेड पे 8700 पुनरीक्षित वेतनमान लेवल 13 में प्रोन्नति दी गयी है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग में अधिसूचना जारी कर दी है।

ज्योत्सना सिंह, मंजू रानी स्वांसी, अमर कुमार, मोहम्मद आसिफ हसन, जावेद अनवर, सुरेंद्र कुमार, मनोज कुमार, मधुमिता कुमारी, मीना, कमलकांत गुप्ता, चिंटू दोराईबुरू, नीलम सोरेंग, कुंवर सिंह पाहन, स्मृति कुमारी को प्रमोशन दिया गया है।

# 27 नक्सलियों को तलाश रही एनआइए

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में 27 बड़े नक्सली पुलिस के लिए सिरदर्द बने हुए हैं। ये पूरे राज्य में सक्रिय हैं। इनके विरुद्ध पुलिस लगातार अभियान चलाती रही है। ऐसे में कभी पुलिस नक्सलियों पर हावी होती है, तो कभी नक्सली पुलिस पर हावी हो जाते हैं। जब भी बड़े नक्सलियों की सूचना पर पुलिस का अभियान चलता है, ये सरगना पड़ोसी राज्यों में छिप जाते हैं। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने झारखंड के 27 माओवादी सरगनाओं को चिह्नित किया है। एनआइए को इनकी तलाश विशेष तौर पर है। ये वही नक्सली हैं, जो झारखंड पुलिस के लिए लगातार चुनौती बने हुए हैं। इनमें प्रयाग मांझी, पतिराम मांझी, गुरुवा मुंडा, बिरजू गंझू, रामदयाल महतो, अजय महतो, चंचल, शनिचर हेंब्रोम, रविंद्र गोंझू, छोटू खेरवार, मृत्युंजय भुइयां, मनीष यादव, नागेंद्र यादव, रंथु उरांव, अनिल तुरी, प्रदीप सिंह खेरवार, नेशनल गोंझू, कुंदन खेरवार, सौरभ दा, अमित मुंडा, प्रभात मुंडा, गुलशन मुंडा, रवि, अतुल महतो, प्रदीप मंडल, अनम हेस्सा पूर्ति, सचिन मार्डी शामिल है।

## रांची में लगेगा इंटरनेशनल हॉकी खिलाड़ियों का जमावड़ा

# महिला हॉकी ओलंपिक क्वालिफाइंग टूर्नामेंट 13 से

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची के मोरहाबादी स्थित जयपाल सिंह मुंडा हॉकी स्टेडियम में महिला हॉकी ओलंपिक क्वालिफाइंग टूर्नामेंट 13 जनवरी से होना है। इसके लिए टीमों का आगमन शिड्यूल भी तय हो चुका है। इसके मुताबिक अगले एक सप्ताह बाद से रांची में इंटरनेशनल प्लेयर्स का जुटान शुरू हो जायेगा। भारतीय महिला हॉकी टीम 3 जनवरी को रांची में होगी और पार्क प्राइम होटल में रुकेगी। 4 जनवरी को इटली की टीम रांची आयेगी। उसे भी पार्क प्राइम होटल में ही ठहराया जाना है। यूएसए की टीम भी इसी दिन रांची में होगी, जिसे होटल रेडिसन ब्लू में ठहराया जायेगा। 6 जनवरी को जर्मनी, क्रेच रिपबल्कि की टीम रांची आयेगी। ये दोनों टीमें भी रेडिसन ब्लू में रुकेंगी। 7 जनवरी को न्यूजीलैंड, चिली और जापान की टीम रांची आयेगी और स्टेशन रोड स्थित होटल चाणक्य बीएनआर में रुकेगी। मैच ऑफिशियल 11 जनवरी को रांची आयेंगे, जिनके ठहरने की व्यवस्था होटल ली लेक सरोवर में की गयी है।

### आठ टीमों के बीच जोर आजमाइश

**रांची में होने वाली महिला हॉकी ओलंपिक क्लालिफाइंग प्रतियोगिता में आठ देशों की टीम एक-दूसरे के खिलाफ जोर आजमाइश करेंगी। जापान, जर्मनी, भारत, चेक रिपब्लिक, अमेरिका, चिली, इटली और न्यूजीलैंड की टीम इनमें शामिल हैं। 13 से 19 जनवरी तक खेली जानेवाली इस प्रतियोगिता के जरिये टॉप तीन देशों की टीम जुलाई 2024 में पेरिस में आयोजित होनेवाले ओलंपिक गेम्स के लिए क्वालिफाइ करेंगी।**

# गोड्डा जेल में छापेमारी, कैदियों से पूछताछ

## नहीं मिली आपत्तिजनक सामग्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोड्डा।** झारखंड के गोड्डा मंडल कारा में मंगलवार को छापेमारी की गयी। इस दौरान सभी कैदी वार्डों की जांच की गयी। इस क्रम में बंदियों से पूछताछ भी की गयी। गोड्डा के उपायुक्त जीशान कमर के नेतृत्व में सुबह में जेल में छापेमारी की गयी। जेल से कोई आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई है। छापेमारी के दौरान अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद थे। बता दें कि पिछले दिन सोमवार को भी झारखंड के कई जिलों की जेलों में छापेमारी की गयी थी। हालांकि कहीं से आपत्तिजनक सामग्री मिलने की खबर नहीं है। डीसी के नेतृत्व में विभिन्न जेलों में हुई छापेमारी के दौरान बंदियों से भी पूछताछ की गयी थी और उनके भोजन की गुणवत्ता की जांच की गयी थी।

गोड्डा के उपायुक्त जीशान कमर के नेतृत्व में मंगलवार की सुबह जेल में सघन छापेमारी की गयी। बड़ी संख्या में पुलिस की मौजूदगी में कैदी वार्डों की तलाशी ली गयी। विभिन्न वार्डों में बंद विचाराधीन कैदियों से अधिकारियों ने पूछताछ की। छापेमारी अभियान में जेल अधीक्षक, एसडीपीओ जेपीएन चौधरी और अलग-अलग थानों की पुलिस थी। तकरीबन दो दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी इसमें लगाये गये थे। नशीले पदार्थों की भी जांच की गयी। **धनबाद जेल में हुई छापेमारी:** झारखंड के गैंगस्टर अमन सिंह हत्याकांड के बाद धनबाद जेल में लगातार छापेमारी की जा रही है। इसी क्रम में डीसी वरुण रंजन के नेतृत्व में जेल में छापेमारी की गयी। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के साथ-साथ कैदी वार्डों की जांच की गयी। कैदियों को दिये जानेवाले भोजन की गुणवत्ता की जांच की गयी। साफ-सफाई का निरीक्षण किया गया। उपायुक्त ने जेल मैनुअल का कड़ाई से पालन का निर्देश अधिकारियों को दिया। पांच घंटे की छापेमारी में आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं की गयी है। धनबाद के उपायुक्त ने बताया कि छापेमारी के दौरान कैदी वार्डों की जांच की गयी। भोजन की गुणवत्ता की जांच की गयी। 16 कैदियों को दूसरी जेलों में शिफ्ट किया जाना है। इनमें से नौ खूंखार कैदियों को दूसरी जेलों में शिफ्ट किया जा चुका है। अन्य कैदियों को जल्द शिफ्ट कर दिया जायेगा।

## सीमेंट दुकान में घुसा ट्रेलर

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जयनगर रोड सुधा स्वीट्स के समीप सोमवार की देर रात एक तेज रफ्तार ट्रेलर वाहन के खड़े टेंपो में टक्कर मार देने से एक टेंपो अनियंत्रित होकर एक सीमेंट दुकान में घुस गया। जिससे दुकान की दीवार, शटर और दुकान के भीतर रखे करीब 200 बोरा सीमेंट भी बर्बाद हो गया। इस दौरान दुकान के बाहर खड़ा दो ऑटो भी क्षतिग्रस्त हो गया। उक्त भारत सीमेंट सेंटर के संचालक पांडेयडीह निवासी अब्दुल रऊफ आलम अंसारी हैं।

## साइंस लैब से लाभान्वित हो रहे हैं छात्र-छात्राएं



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत बाघमारा स्थित सीबीएसई से संचालित आदर्श शिशु प्लस टू उच्च विद्यालय बाघमारा में साइंस लैब विद्यार्थियों के लिए वरदान सिद्ध हो रहा है। विद्यार्थी अपने हाथों से विज्ञान की शिक्षक मनीष कुमार सिन्हा के देख रेख में विभिन्न तरह के अम्ल, क्षार, विभिन्न गैसों की पहचान और रासायनिक अभिक्रियाओं के माध्यम से तरह-तरह के प्रयोग कर रहे हैं। विद्यार्थियों के द्वारा मीथेन गैस, इलेक्ट्रॉन प्रोटॉन की जानकारी, अम्ल एवं क्षारों के बीच अभिक्रिया सहित विद्यालय के विद्यार्थी प्रयोग के माध्यम से विभिन्न तरह की क्रियाकलापों का अध्ययन कर विज्ञान को नया आयाम देने के प्रयास में लगे हुए हैं। प्राचार्य प्रोफेसर दशरथ प्रसाद राणा में कहा की विद्यालय में विज्ञान प्रयोगशाला, कंप्यूटर लैब, पुस्तकालय सहित तमाम तरह की सुविधा प्रदान की गई है, जो विद्यार्थियों के लिए लाभदायक सिद्ध हो रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यालय के विद्यार्थी अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई कर अपने जीवन को नए आयाम देने का प्रयास कर रहे हैं। 2026 में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में यहां से विद्यार्थी शामिल होंगे। विद्यालय को झारखंड सरकार से सीबीएसई के लिए एनओसी मिल चुका है। निदेशक रामदेव प्रसाद यादव ने कहा कि आने वाले दिनों में यहां से विद्यार्थी अपने प्रयोगों के माध्यम से समस्त राज्यों में अलग पहचान बनायेंगे।

## सड़क दुर्घटना में पति-पत्नी घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के जयनगर थाना क्षेत्र के तेतरोन के समीप मंगलवार को सड़क दुर्घटना में पति-पत्नी घायल हो गये। घायलों की पहचान डोमचांच निवासी विक्रम कुमार (25 वर्ष पिता सुदामा) और गीता देवी (24 वर्ष, पति विक्रम कुमार) के रूप में हुई है। घायलों को स्थानीय लोगों की सहायता से इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया।

## हमारा संकल्प विकसित भारत रथ उरीमारी पहुंचा



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** हमारा संकल्प विकसित भारत रथ मंगलवार को बड़कागांव पुर्वी उरीमारी मंडल के उरीमारी, पोटंगा और गरसुल्ला पंचायत पहुंचा जहां पर केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी और अधिक से अधिक लोगों तक लाभ पहूंचाने पर बल दिया। वहीं कई तरह के स्टाल लगाकर कई योजनाओं का लाभ और जानकारी ग्रामीणों को दिया गया। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र मंडल, बीइओ रवि रंजन, प्रखंड लिपिक विवेक आनंद, मुखिया कमला देवी, पंसस गीता देवी, मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, सांसद प्रतिनिधि बेचन साव, श्रीकांत निराला, महामंत्री दिनेश करमाली, उपाध्यक्ष किशोर राणा, विजय यादव, सीतामुनी देवी, शांति देवी, फुलमनी देवी, सबी देवी, उर्मिला देवी, चंचला देवी, प्रिया टुडू समेत कई सहिया, जेएसपीएल के सदस्यों, वार्ड सदस्यों, जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद थे।

## महिला हिंसा रोकथाम के लिए कैंडल मार्च



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया प्रखंड के झरपो में महिला समुह के द्वारा महिला हिंसा के विरूद्ध सोमवार शाम को कैंडल मार्च निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया गया। कैंडल मार्च झारखंड स्टेट लाईवहुड प्रोमोशन सोसाईटी के बैनर तले निकाला गया जिसका नेतृत्व उषा रानी ने की। उषा रानी ने बताई कि दिन प्रतिदिन क्षेत्र में महिला हिंसा बढ़ रही है जिसका विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। कैंडल विरोध प्रदर्शन में रेखा देवी, पुजा देवी, यशोदा देवी, सुमित्रा देवी, सुदामा देवी, चमेली देवी, मंजु देवी, कांति देवी, बसंती देवी समेत अन्य महिला उपस्थित थी।

## दीपावली की तरह मनायें प्रभु श्री रामलला का स्थापना दिवस: राजेंद्र प्रसाद

**बरही (आजाद सिपाही)।** बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत में प्रभु श्री राम मंदिर निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्री रामलला का पुजित अक्षत वितरण और आम जनमानस को आमंत्रित करने को लेकर बैठक की गई। जिसमें विश्व हिंदु परिषद प्रखंड ईकाई के द्वारा समस्त सनातन परम्परा मानने वाले रामभक्त कार्यकर्ता उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता धनवार पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद और संचालन विहिप जिला मंत्री गुरूदेव गुप्ता ने किया। बैठक में विहिप जिला सह मंत्री गुरूदेव गुप्ता ने कहा कि हम सभी रामभक्त सौभाग्यशाली है कि प्रभु श्री राम मंदिर के निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा को अपनी आंखों से देख पायेंगे। मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि प्रभु श्री रामलला का पूजित अक्षत को घर-घर पहुंचाने का कार्य हम सभी रामभक्तों को करना है और सनातन समाज को श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आमंत्रित करना है। इस दिन को दिवाली के रूप में मनाने का सभी सनातनी भाइयों से आग्रह करेंगे। बैठक में मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष नंदकिशोर कुमार, प्रखंड सह मंत्री प्रदीप चंद्रवंशी, संयोजक पूजित अक्षत कार्यक्रम बरही प्रखंड के प्रभारी चंदन केसरी, अशोक कुमार यादव, रामजी प्रसाद, प्रदीप कुमार केसरी, संजय प्रसाद कुशवाहा, शिवशंकर यादव, विनय कुमार, निर्मल कुमार, अर्जुन साव ,चंदन कुमार, दीपक केसरी, संजय प्रसाद केसरी, राजेंद्र प्रसाद उर्फ राजन, प्रकाश साव, मनोज कुमार कुशवाहा, अर्जुन प्रसाद, रामसहाय यादव, उमेश कुमार, देवेंद्र कुमार, लाल धारी महतो, नागेश्वर प्रसाद, मनोज कुमार, राजेश कुमार, परमेश्वर प्रसाद, मोहन साव, मंटू कुमार ठाकुर, पवन कुमार, मुकेश रविदास, दिनेश रविदास, नरेश कुमार, अजय कुमार कुशवाहा, नंदलाल प्रसाद कुशवाहा, जागेश्वर साव, रामजी रविदास, नेहरू कुमार, लखन महतो, आनंदी प्रसाद, रवि कुमार, दिलीप केशरी, सहित सैकड़ों राम भक्त मौजूद थे।

# 10 जनवरी को होगा सूर्यकुंड उत्सव

## भोजपुरी गायक खेसारीलाल यादव होंगे मुख्य आकर्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** जिले के बरकट्ठा स्थित ऐतिहासिक सूर्यकुंड में 10 जनवरी को सूर्यकुंड उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षक भोजपुरी गायक खेसारीलाल यादव होंगे। कार्यक्रम के आयोजन जिला ग्रामीण विकास समिति के सचिव सुनील कुमार ने बताया की जिला ग्रामीण विकास समिति, हजारीबाग द्वारा बरकट्ठा के सूर्यकुंड में पर्यटकों का ध्यान आकर्षित करने हेतु आयोजित कार्यक्रम सूर्यकुंड उत्सव सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम के आयोजन में राज्य




सरकार के संबंधित विभाग एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि को पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए सहयोग का अपेक्षा भी किया गया है। उक्त सामाजिक कार्यक्रम सूर्यकुंड उत्सव सह सम्मान समारोह को सफल बनाने हेतु समिति कि ओर से मुख्य संरक्षक और सैकड़ों संरक्षक बनाये गये हैं। सम्मान समारोह में सेवानिवृत्त व्यक्तियों को सम्मानित किया जायेगा। जिसका चयन पंचायत के मुखिया द्वारा किया जायेगा और सांस्कृतिक कार्यक्रम शाम 5 -10 बजे तक भोजपुरी कलाकार खेसारी लाल यादव, पदमश्री मुकुंद नायक और शालिनी दुबे होंगे। इनके अलावा स्थानीय कलाकारों को भी मौका दिया जायेगा। वही पत्रकारों को संबोधित करते हुए जीप चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता ने आयोजन को ऐतिहासिक बताते हुए आयोजको को बधाई दी है। भाजपा नेता बटेश्वर मेहता ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हरसंभव मदद करने की बात कही। मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ आरसी मेहता, जिला ग्रामीण विकास समिति के अध्यक्ष धनेश्वर प्रसाद समेत कई लोग उपस्थित थे।

# मरकच्चो में बालू का अवैध कारोबार धड़ल्ले से है जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मरकच्चो।** थाना क्षेत्र में बालू कारोबारियों का अवैध कारोबार बेखौफ होकर चल रहा है। क्षेत्र के लिए जीवनदायिनी केशो नदी, बराकर, दशारो, महुवाटांड़, पपलो, नादकरी, हरलाडीह आदि नदियों पर बालू का अवैध उत्खनन लगातार जारी है। बालू माफिया नदियों का सीना छलनी कर जमकर उत्खनन कर रहे हैं। रेत की अवैध उत्खनन और परिवहन के संबंध में स्थानीय प्रशासन से लेकर जिला प्रशासन तक खबर होने के बावजूद भी पूरा प्रशासन बेखबर बना हुआ है। हालांकि कभी-कभार छोटी-मोटी कार्रवाई कर प्रशासन अपना दामन बचाने में लगा हुआ है। उल्लेखनीय हो कि केशो नदी, बराकर नदी और पपलो नदी में लंबे समय से रेत खनन के खेल के चलते नदियों के अधिकांश भाग को खनन माफियाओं ने रेत निकालकर खोखला कर दिया है। इस धंधे में प्रशासन व सफेदपोशों की मिलीभगत की वजह से रात के अंधेरे में धंधेबाज बेखौफ अवैध बालू खनन कर मोटी कमाई कर रहे हैं। नवलशाही थाना क्षेत्र के करमंडी, मसमोहना, कुंडीधनवार, नीमाडीह, देवीपुर, मंझलानगर, पसियाडीह आदि सहित छोटी-मोटी नदियों से भी रेत के अवैध उत्खनन का कारोबार जारी है। प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र में पीसीसी रोड, सरकारी भवन, पुल पुलिया, पेवर ब्लॉक आदि का निर्माण कार्य अवैध बालू पर ही निर्भर है और कई योजनाओं का काम चल भी रहा है। लेकिन सवाल उठता है कि अवैध बालू का चलान संवेदक कैसे विभाग को शो करता है और एमबी बुक कराता है ये सोचनीय पहलू है। जबकि इस क्षेत्र में बालू घाटों की नीलामी जिला खनन विभाग द्वारा नहीं की गयी है।

## 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम गोरहर पंचायत में आयोजित

# 1102 आवेदनों का ऑन स्पॉट निष्पादन

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरकट्ठा।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम इन दिनों पूरे झारखंड में जारी है, इस योजना के माध्यम से लोगों को बिना ब्लॉक, अंचल का चक्कर काटे सभी समस्याओं का समाधान अपने ही पंचायत भवन में आयोजित का शिविर में किया जा रहा है। तो वहीं मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोरहर में आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ बीडीओ रोशमा डुंगडुंग, अंचल अधिकारी श्री कांत लाल मांझी, प्रखंड बीस



सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, अंसारी, चिकित्स्क डॉ. जसीम अख्तर, मुखिया प्रेमिका कुमारी, पंचायत समिति सदस्य लखन कुमार, बीस सूत्री उपाध्यक्ष कुदुश अंसारी मुखिया प्रतिनिधि छोटन कोल ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सबसे अधिक अबुआ आवास योजना के लिए 670 आवेदन, जाति प्रमाण पत्र 5, आय प्रमाण पत्र 4 लगान रसीद 1 मनरेगा 7 किसान क्रेडिट कार्ड योजना 3 मुख्यमंत्री पशुधन योजना 20 साइकिल के लिए डीबीटी 133 क्लस्टर सदस्यों के बीच आईडी कार्ड वितरण 650 धोती साड़ी लूंगी वितरण 120 कंबल वितरण 168 आधार कार्ड में संशोधन 3 राशन कार्ड में संशोधन 15, यानि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में कुल 1892 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 1102 का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया। जबकी 913 आवेदनो की प्रक्रिया प्रगति में है। मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी किशोर कुमार, पंचायत सेवक कैलाश प्रसाद, उप मुखिया शीला कुमारी, अरुण कुमार वर्मा, बैजनाथ महतो, कुंजलाल महतो और वार्ड सदस्य गण समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# उपायुक्त के जनता दरबार में एक दर्जन से अधिक मामले आये

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय ने मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। साप्ताहिक आयोजित होने वाले जनता दरबार में जिले वासियों की समस्याओं के निवारण के लिए उपायुक्त के समक्ष लगभग एक दर्जन से अधिक मामलों के आवेदन आये। जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के समस्याओं से निष्पादन की आस लिए आये नागरिकों के फरियाद को सुन उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जांचोपरांत न्याय संगत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त वेश्म में आयोजित जनता दरबार में फरियादियों द्वारा आम गैर मजुरूआ रास्ता में जबरन मकान बनाने के



संबंध में, एलपीसी निर्गत करने के संबंध में, पारिवारिक विवाद निपटारा के संबंध में, अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान के संबंध में, जीविकोपार्जन के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के संबंध में, पीएम आवास योजना में अनियमितता के संबंध में, खतियानी जमीं हड़पने के संबंध में, भू रैयतों का मुआवजा भुगतान करने के संबंध में और इस दौरान रोजगार, मनरेगा, भूमि, म्यूटेशन, पेंशन, भूमिअधिग्रहण, आवास, राशन आदि समस्याओं से संबंधित आवेदन आये तथा उन आवेदनों को मार्क कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के आदेश दिये।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना क्षेत्र के जलवाबाद के समीप मंगलवार की सुबह सड़क दुर्घटना में एक युवक घायल हो गया। घायल की पहचान कोडरमा के बेकोबार निवासी रामेश्वर कुमार साव उम्र 17 वर्ष पिता स्व महेंद्र साव के रूप में हुई है। वह लोकाई से अपने घर बेकोबार बाइक से जा रहा था। इसी दौरान बाइक जलवाबाद के समीप अनियंत्रित होने से वह दुर्घटना का शिकार हो गया।

## नरकी जंगल से शव बरामद

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के नरकी जंगल से पुलिस ने एक अज्ञात शव बरामद किया है। जंगल में शव मिलने पर सोशल मीडिया पर जंगल मे लगी आग की तरह फैल गयी। शव को देखने के बाद प्रतीत होता है। उसकी हत्या कर जंगल में फेंक दिया गया है। खबर मिलने पर विष्णुगढ़ थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गयी है।

# वेतन कटौती के खिलाफ अध्यापकों ने किया धरना प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** 19 दिसंबर को राज्य के तमाम सहायक अध्यापक विधानसभा का घेराव करने रांची गये हुए थे जिसमें हजारीबाग से भी भारी संख्या में सहायक अध्यापक शामिल हुए थे। सहायक अध्यापक को बगैर अवकाश लिए घेराव में जाने को लेकर हजारीबाग डीएसई कार्यालय के द्वारा उन तमाम सहायक अध्यापकों का एक दिन का मानदेय में कटौती कर दिया गया था तथा डीएसई कार्यालय से जारी पत्र में इसका कारण ऑनलाइन छुट्टी नहीं लेना बताया गया है। इसी का विरोध हजारीबाग



सहायक अध्यापकों के द्वारा किया गया, जिसमें उनका कहना है कि पूरे राज्य में कहीं भी ऑनलाइन छुट्टी लेने का प्रावधान लागू नहीं है फिर हजारीबाग में ऐसा क्यों किया जा रहा है। सहायक अध्यापकों ने बताया कि अगर एक दिन का मानदेय काटने का लेटर निरस्त नहीं किया जाता है तो आगे वृहत आंदोलन होगा तथा प्रखंड के शिक्षा पदाधिकारी का हर एक प्रखंड में पुतला दहन भी करेंगे। विरोध प्रदर्शन में हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल, बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, हजारीबाग जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, भाजपा नेता बटेश्वर मेहता सहित हजारों की संख्या में सहायक अध्यापक शामिल हुए। सहायक अध्यापकों के विरोध को देखते हुए सुरक्षा के भी व्यापक इंतजाम समाहरणालय परिसर में किया गया था।

## चित्रगुप्त मंदिर के जीर्णोद्धार को लेकर विशेष चर्चा

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** शिवदयाल नगर उप समिती की मासिक बैठक गणेश प्रसाद के निजी आवास पर आहूत की गयी। बैठक बिपिन बिहारी प्रसाद के अध्यक्षता में की गयी। बैठक में चित्रगुप्त पूजा में हुई खर्चों के लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया एवम कई मुद्दों पर चर्चा की गयी। परंतु सबसे अहम मुद्दा छठ तलाब स्थित चित्रगुप्त मंदिर का जीर्णोद्धार करने को लेकर फैसला लिया गया। रामअवतार प्रसाद ने सभी चित्रांशों से आववाहन किया की वे बढ़ चढ़ कर मंदिर के जीर्णोद्धार में सहयोग करे जिसका समर्थन वहां मौजूद सभी सदस्यों ने किया। बैठक में कई रूपरेखा तैयार किया गया। इसी को देखते हुए मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर 14 जनवरी 2024 को मकर संक्रांति मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें हजारीबाग के सभी चित्र-ांसो को आमंत्रित किया गया है। समारोह में मंदिर जीणोर्धार को ले कर विशेष फैसले लिए जायेंगे। बैठक में अध्यक्ष बिपिन बिहारी प्रसाद, सचिव राम किशोर प्रसाद, राम अवतार प्रसाद, गणेश प्रसाद, विजय किशोर प्रसाद, शेलेश्वरी प्रसाद, प्रोफेसर आर एन सिन्हा, नीतीश सिन्हा, अखौरी प्रवीण,राजीव कुमार सिन्हा, रंजीत कुमार सिन्हा, एम के लाल, प्रशांत सिन्हा, विनय सिन्हा, अनिल सिन्हा और अधिवक्ता राज प्रकाश सहित कई महिला पुरुष चित्रांश मौजूद थे। दोपहर के सामूहिक भोजन के पश्चात बैठक संपन्न किया गया।

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला मंत्री बने राजू श्रीवास्तव



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला मंत्री के पद पर विष्णुगढ़ के राजू श्रीवास्तव को मनोनीत किया गया है। मनोनयन जिला कार्यकारिणी की बैठक में किया गया है तथा आशा व्यक्त की गयी है कि इनके मनोनयन पर जिला में संगठन मजबूत होगी। इसके साथ साथ अन्य प्रखंडो में भी मजबूती मिलेगी।

## डिवाइन स्कूल में लोगों के बीच बांटे कंबल




**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** गंगपाचो स्थित प्लस 2 तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल में गरीब व अहसहाय लोगों के बीच कंबल बांटा गया। विद्यालय निर्देशक आई पी भारती प्रधानाचार्य स्वाती ने सभी गरीब अहसहाय के बीच कंबल वितरण किया व उन सबका आशिर्वाद लिया। उन्होंने सभी लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि विद्यालय हमेशा से गरीबों के सेवा हेतु प्रयासरत है। कंबल लेने के उपरांत सभी वृद्ध व गरीब लोग खुश नजर आये। साथ ही निर्देशक ने अभिभावकों व शिक्षकों से भी अपील किया कि वे लोग आपने क्षेत्र के कम से कम एक गरीब व्यक्ति को मदद अवश्य करें। समाज के बुद्धिजीवी लोगों को आगे आकर सभी लोगों में मानवता का पाठ पढ़ाने की आवश्कता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में कमलेश कुमार, कामेश्वर प्रसाद, अर्जुन प्रसाद, संगीता कुमारी, अनिल कुमार, बिमल किसोर, राणा तेजस्वी, पूनम कुमारी और विद्यालय प्रबंधन समिति का योगदान सराहनीय रहा।

## डीलर संघ ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जन वितरण प्रणाली विक्रेता संघ केरेडारी के दुकानदारों ने केंद्र सरकार की नीतियों के विरुद्ध अपनी मांगों के समर्थन में एक जनवरी 2024 से राशन दूकान बंद के तहत प्रखंड क्षेत्र के सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानों को बंद रखने से संबंधित लिखित ज्ञापन बीडीओ अमित कुमार को सौंपा है इस आवेदन में कहा गया है, की केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा हमारी मांगों को लगातार नजर अंदाज किया जा रहा है और बार बार सिर्फ और सिर्फ आश्वासन ही दिया जाता है। इस से हम सभी विक्षुब्ध होकर प्रखण्ड क्षेत्र के सभी 83 पीडीएस दूकानदार अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने को बाध्य हैं। इस मौके पर जन वितरण प्रणाली विक्रेता संघ केरेडारी के प्रखंड अध्यक्ष रामकृष्ण दुबे सचिव अकबर अली, प्रमोद कुमार सिंह, रामचंद्र पांडेय, बाबूलाल रजक, तारामणी देवी, अजय कुमार गुप्ता, कृष्ण कुमार, सावित्री देवी, राजकिशोर प्रसाद, बिनोद नायक, सरस्वती देवी व वकील ठाकुर सहित कई लोग मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ बगोदर एन एच 522 पर चौथा नहर में गिरने से मोटरसाइकिल संख्या जे एच 09 ए के 0297 पर सवार एक युवक की मौत हो गयी। घटना सोमवार रात की है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक बगोदर प्रखंड के दामा निवासी दिनेश कुमार पिता प्रेमचंद महतो अपने घर से विष्णुगढ़ के भेलवारा स्थित रिस्तेदार के यहां जा रहा था कि चौथा नहर में अनियंत्रित होकर गिर पड़ा जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गयी।

## सहायक शिक्षकों का एक दिन का वेतन काटना सरासर गलत है: सीटू



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सहायक शिक्षकों को झारखंड सरकार ने 1 वर्ष में 16 दिन का अकास्मिक छुट्टी दिया है। 19 दिसंबर 23 को सहायक शिक्षकों का राज्य स्तरीय कार्यक्रम रांची में था उसमें भाग लेने के लिए हजारीबाग जिले के कई सहायक शिक्षक अकास्मिक छुट्टी लेकर राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेने के लिए रांची गये हुए थे। लेकिन हजारीबाग जिला के जिला शिक्षा अधीक्षक ने 19 तारीख का उनका वेतन यह कह कर काट दिया कि आप लोगों ने ऑनलाइन छुट्टी नहीं लिया था। जबकि हकीकत यह है की जनवरी 2023 से 18 दिसंबर 2023 तक सहायक शिक्षकों ने जो भी अकास्मिक छुट्टी लिया है वह ऑफलाइन लिया है तो फिर अचानक ऑनलाइन छुट्टी लेने की बात कहां से आ गयी। यह जिला शिक्षक अधीक्षक का मनमानी है। जो सरासर गलत है इसका विरोध सीपीएम करती है।

## टाटीझरिया बाजार से बाइक की चोरी

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के अमनारी निवासी राजेंद्र प्रसाद पिता प्रवील महतो ने अपने मोटरसाइकिल चोरी होने को लेकर मंगलवार को टाटीझरिया थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि वह अपने घर से मोटरसाइकिल को लेकर मंगलवार को टाटीझरिया साप्ताहिक मंगल बाजार में सब्जी बेचने आये हुआ था। इस दौरान वह अपनी पैशन प्रो बाईक बाजार में खड़ी कर सब्जी बेच रहा था। कुछ देर बाद मोटरसाइकिल को देखने गया तो वहा मोटरसाइकिल गायब मिला। उसने अपने स्तर से काफी खोजबीन की, परंतु मोटरसाइकिल कही नही मिला। इस संबंध में राजेन्द्र प्रसाद ने टाटीझरिया थाना में आवेदन देकर अपने बाईक की खोजबीन करने व चोरो के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगायी है।

## रेलवे कंस्ट्रक्शन विभाग ने पायी जीएम ओवर ऑल कंस्ट्रक्शन इफिशिएंसी ट्रॉफी



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** पूर्व-मध्य रेलवे मुख्यालय हाजीपुर स्थित वैशाली रेल प्रेक्षागृह हाजीपुर में आयोजित जोनल स्तरीय 68वें रेल सप्ताह समारोह आयोजित की गयी। समारोह में महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने डिप्टी सीइ कंस्ट्रक्शन बरकाकाना विक्रम सेठ का समारोह में जीएम ओवर ऑल कंस्ट्रक्शन इफिशिएंसी ट्रॉफी भेंट किया। यह ट्रॉफी बरकाकाना-मेसरा महत्वकांक्षी रेल परियोजना में उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला है। अवार्ड लेकर लौटने पर डिप्टी सीइ कंस्ट्रक्शन (निर्माण) विभाग बरकाकाना कार्यालय में मंगलवार को डिप्टी सीइ कंस्ट्रक्शन विक्रम सेठ ने बताया कि उपलब्ध संसाधनों के समुचित उपयोग, टीम वर्क व वरीय अधिकारियों के दिशा-निर्देश से यह कार्य मुमकीन हो सका। मौके पर एक्सइएन अजय कुमार, दिवाकर बिद्यार्थी, एसएसइ अविनाश कुमार, एनएसएच हांसदा, मनोज कुमार, कमलेश सिंह, मितेश कुमार, कुमार गौरव, विद्या भूषण चौधरी सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## भुरकुंडा कोलियरी रोड सेल समिति की हुई बैठक




**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा कोलियरी रोडसेल समिति की बैठक मंगलवार को रोड सेल परिसर में संपन्न हुई। इसमें सेल समिति के सभी श्रमिक प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से सीसीएल भुरकुंडा प्रबंधन द्वारा रोड सेल के प्रति उदासीन रैवाया की कड़ी शब्दों में निंदा की गयी। साथ ही कहा गया की प्रबंधन के ढुलमूल रवैया बरकरार रही तो भुरकुंडा रोड सेल समिति क्रमबद्ध आंदोलन करने को बाध्य होगा। रोडसेल समिति ने बैठक के माध्यम से साफ शब्दों में कहा कि विस्थापित परिवार जो जरूरतमंद हैं और जो लोग अबतक रोडसेल से नहीं जुड़ पायें हैं, उनका रोडसेल समिति स्वागत करती है। साथ ही प्रशासन से अनुरोध करती है कि वैसे विस्थापित परिवार जो रोडसेल में कार्य करने को इच्छुक हैं उन्हें सत्यापित कर रोडसेल समिति में जोड़े। मौके पर गिरधारी गोप, दर्शन गंझू, रेवती रमण शर्मा, सरोज झा झारखण्डी, मुकेश पासवान, अमरेंद्र प्रसाद, अजय सिंह, बालेश्वर पासवान, प्रेम कुमार साहू, संजय मिश्रा, रविन्द्र सिंह, हरिशंकर चौधरी, गणेश बेदिया, रॉयल एक्का, जुगल पासवान, अशोक तिवारी, शनिचर तिर्की, तुला खान, राजन तुरी, इंद्रदेव मुंडा, राजदीव मुंडा, मनोज मांझी, बालो बेदिया, कुलदीप यादव, गोविंद बड़ाई, बागेश करमाली, बुटन नायक, रोहित करमाली, अनिल रजक, जितेंद्र करमाली, उमेश नायक, ज्योति, द्रोपदी भुइयां, बिमला देवी, जयंती देवी, पिंकी देवी, फुलवा देवी सहित दर्जनों लोग मौजूद थें।

## पारिवारिक मिलन सह वनभोज समारोह संपन्न



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बासल क्षेत्र अंतर्गत हरिहरपुर इंटरनिटी रिसोर्ट के समीप मंगलवार को महात्मा गांधी उच्च विद्यालय के 1990 बैच के पूर्ववर्ती विद्यार्थियों द्वारा द्वितीय पारिवारिक मिलन सह वनभोज समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में महात्मा गांधी उच्च विद्यालय बिरसा चौक भुरकुंडा के 90 बैच के छात्रा-छात्राएं शामिल हुएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता योगेंद्र सिन्हा और संचालन अधिवक्ता धनंजय यादव व विनय मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। समारोह की शुरूवात दीप प्रज्वलित कर की गयी। मौके पर विद्यार्थियों ने 33 वर्षों की यादों को यादगार बना दिया। इससे पूर्व तमाम विद्यार्थियों ने अपने-अपने बच्चों को एक-दूसरे से परिचय प्राप्त कराया। समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। इसमें नृत्य-गीत-संगीत, चुटकुले आदि का दौर चला। जिसमें विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक गीतों के माध्यम से समां बांध दिया। इसके बाद सामुहिक भोज का आयोजन हुआ। जिसमें एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजनों का सामुहिक रूप से विद्यार्थियों ने आनंद उठाया। मौके पर योगेंद्र सिन्हा ने बताया कि सबों के सहयोग और मिलन व जुटान से समारोह सम्पन्न हुआ है। आने वाले समय में इसे और यादगार बनाया जायेगा। समारोह को सफल बनाने में इरशाद खान,कविता लोधा, ममता शर्मा, वीना शर्मा, पूनम सिंह, मौसमी चटर्जी, अर्चना अग्रवाल, गीता, सरस्वती कुमारी, संजय अग्रवाल, राजेश सिंह, संजय प्रसाद, धनंजय यादव, धनंजय साहू, कजरू गंझू, विनोद महतो सहित बंगाल, बिहार, दिल्ली, हरियाणा, जमशेदपुर, पटना, रांची, डालटनगंज आदि क्षेत्रों से 70 से अधिक छात्र-छात्राएं और बच्चे मौजूद थें।

### श्री जीण माता का छठा वार्षिक महोत्सव का आयोजन

## ओढो-ओढो म्हारी जीण भवानी भगत थारी चुनड़ लाया ऐ...

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** शहर के चट्टी बाजार स्थित मारवाड़ी धर्मशाला में श्री जीण माता समिति रामगढ़ के तत्वाधान में मंगलवार को आदि शक्ति श्री जीण माता का छठा वार्षिक महोत्सव पर शक्ति मंगलपाठ और भजन अमृतवर्षा का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम पुजारी राजेश पांडे उर्फ पिंटू पंडित ने यजमान अशोक अग्रवाल सपत्नीक प्रमिला अग्रवाल, अनिल कुमार अग्रवाल सपत्नीक सरिता अग्रवाल के हाथों समस्त पूजन कार्य संपन्न करवाया। साथ ही अखंड दीप प्रज्वलित के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मंगलपाठ, गजरा उत्सव, चुनड़ी उत्सव, महाआरती और संध्या में श्रद्धालुओं के बीच महाभोग का प्रसाद वितरण के साथ संपन्न हो गया। वही, धनबाद के पंकज मोदी ने श्री जीण माता के एक बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किया। जिसमें, ओढो ओढो म्हारी जीण भवानी. भगत थारी चुनड़ लाया ऐ, मईया की हाथा में रचावा मेहेंदी राचड़ी, चुनड़ी बनाई मईया पायी-पायी जोड़ के आदि गीतों से उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।



### कार्यक्रम में ये थे उपस्थित

कार्यक्रम के संयोजक प्रभात अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, संजय अग्रवाल, अनिल शर्मा, अजय अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, विराज अग्रवाल, श्याम सुंदर जैन, पवन अग्रवाल, मदन लाल महेश्वरी, अमर अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, हेमंत अग्रवाल, अरुणा जैन, निर्मला जैन, निशा जैन, रजनी अग्रवाल, प्रमिला अग्रवाल, बबीता बरेलिया, संगीता अग्रवाल, रीना अग्रवाल, सावित्री खंडेलवाल, सरिता खंडेलवाल, सीमा अग्रवाल, उषा खंडेलवाल, नैना मेवाड़, रंजन मित्तल, सीता अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, रीता अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, संजय गोयनका, नागेंद्र जैन सहित कई लोग उपस्थित थे।

**नन्हे मुन्ने बच्चों ने जीण माता पर आधारित झांकी पेश किया:** कार्यक्रम के दौरान नन्हे मुन्ने बच्चों और माताओं ने जीण माता और भगवान कृष्ण पर आधारित कई झांकी पेश कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। वही, समाजसेवी कमल बगड़िया ने भी अपने स्वर आवाज में एक से गीत प्रस्तुत किया।

## केंद्रीय सचिव बनाये जाने पर मनोज महतो का स्वागत

**संगठन को मजबूत और सबको को साथ लेकर आगे बढ़ूंगा: मनोज महतो**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** आजसू पार्टी केंद्रीय कमिटी द्वारा पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो को केंद्रीय सचिव बनाये जाने पर आजसू पार्टी नगर परिषद कमिटी द्वारा नगर परिषद कार्यालय में स्वागत सभा आयोजित किया गया। नगर परिषद सचिव राजेन्द्र महतो के नेतृत्व में मनोज कुमार महतो को सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया।



**मनोज महतो को संगठन में बड़ी जिम्मेवारी मिलने से कार्यकर्ता खुश: राजेंद्र:** मौके पर बताया कि मनोज कुमार महतो को केंद्रीय सचिव बनाये जाने पर पूरे कार्यकर्ताओं में खुशी है। उनके नेतृत्व में पार्टी पूरे दम खम के साथ आगे बढ़ेगी।

**केंद्रीय नेतृत्व को आभार: मनोज महतो:** मौके पर मनोज कुमार महतो ने केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो, गिरिडीह सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी और रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा संगठन को मजबूत करूंगा। साथ ही सबको साथ लेकर आगे बढ़ेंगे।

### कौन कौन थे उपस्थित

मौके पर देवधारी महतो, ललन सिंह, प्रदीप बेदिया, नरेश महतो, महेंद्र चौधरी, बलदेव महतो, सतीश आर्यन, संदीप सेंटी, दीपेन टाइगर, उमेश महतो, माधव महतो, बाबूलाल महतो, नारायण महतो, पुरुषोत्तम कुमार, गोपाल राम, सुजीत राम, राजेश राम, कललू राम, धूप लाल महतो, संतोष महतो, दिनेश ठाकुर, पारस महतो, राजेंद्र यादव आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

### सीसीएल मुख्यालय डीटी ने सारूबेड़ा और करमा परियोजना का किया निरीक्षण

## बंद पड़ी सारूबेड़ा परियोजना फरवरी में होगी चालू : आरबी

अमरजीत कुमार

**कुजू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल मुख्यालय, रांची के डायरेक्टर टेक्निकल रामबाबू प्रसाद ने मंगलवार को सीसीएल कुजू क्षेत्र की दशकों से बंद पड़ी सारूबेडा परियोजना को जल्द खोलने की दिशा में अधिकारियों के संग दौरा किया। इस दौरान उन्होंने परियोजना का निरीक्षण करते हुए बताया कि सीसीएल कुजू महाप्रबंधक नीरज कुमार सिन्हा के सेवानिवृत्त होने से पूर्व, सारूबेडा परियोजना को चालू करा दिया जायेगा। जिससे क्षेत्र में विकास का दौर जारी हो जायेगा। वही, रामबाबू के दौरे से क्षेत्र के स्थानीय लोग और मजदूर नेताओ में एक उम्मीद जगी है। मालूम हो कि क्षेत्र की बंद पड़ी आरा, सारूबेडा व पुण्डी परियोजनाओं को चालू करने की



दिशा में गत 17 दिसंबर को सीसीएल सीएमडी बी वीरा रेड्डी ने प्राथमिकता के तौर पर चालू करने का वायदा करते हुए स्थानीय सीसीएल अधिकारियों संग बैठक कर जानकारियां ली थी। वही, रामबाबू ने क्षेत्र के करमा परियोजना का निरीक्षण किया। उन्होंने परियोजना के व्यू पॉइंट से खदान का अवलोकन कर अधिकारियों को सुरक्षित बेंच बनाकर कोयला निकालने, मिले उत्पादन लक्ष्य को पूरा करने, सुरक्षा पर ध्यान रखने का निर्देश दिया। साथ ही, व्यू पॉइंट के समीप लगी आग में पानी डालकर बुझाने की बात कही। इससे पूर्व, बंद पड़ी कुजू कोलियरी के समीप तीन नंबर बंदराचुंआ स्थित चरण पहाड़ी मंदिर में विधिवत पूजार्चना कर चरण पहाड़ी के सौंदर्य की प्रशंसा की। साथ ही, अधिकारियों को स्थानीय व सीसीएल फंड से श्रद्धालुओं के आने-जाने के लिए सड़क, चेक डैम, समतलीकरण करने का निर्देश दिया। मौके पर मुख्यालय जीएम के अलावे जीएम नीरज सिन्हा, महेंद्र राम, एसओसी विजय प्रकाश, पीओ पवन कुमार, एसके सिंह, अभिमन्यु सिंह, संजय कुमार सिंह, चंद्रवीर नारायण, अनिल कुमार, एमके बड़ई, राजकुमार, एसके सिंह, सारूबेड़ा पॉय टीसी पटेल, पीसी साहू, हेमंत सिंह, तेजनाथ महतो मौजूद रहे।

### मांडू में 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन

## योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें ग्रामीण: फागू बेसरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडू।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को मांडू चट्टी पंचायत सचिवालय में आयोजित किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि राज्य सरकार के दर्जा प्राप्त मंत्री फागु बेसरा शामिल थे। मौके पर मुख्य अतिथि के द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। वहीं दर्जा प्राप्त मंत्री को लोगों ने बुके देकर भव्य स्वागत किया। आयोजित कार्यक्रम का लाभ उठाने के लिए पंचायत क्षेत्र के सैकड़ों लोग पहुंचे और अपनी-अपनी समस्याओं को रखा। जिसमें कई आवेदनों का निराकरण ऑन द स्पॉट किया गया। कार्यक्रम में विभाग द्वारा बिरसा सिंचाई कूप, भूमि संबंधित मामलों का निपटारा,



आयुष्मान कार्ड, सावित्रीबाई फुले किशोरी स्मृति योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के स्टाल लगाये गये थे। साथ ही कई सुयोग्य लाभुकों के बीच कंबल धोती साड़ी परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दर्जा प्राप्त मंत्री फागु बेसरा ने कहा कि सरकार की यह एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है, इस योजना का अधिक से अधिक ग्रामीण लाभ लें। सरकार के योजनाओं को जन जन तक पहुंचना ही सरकार की प्राथमिकता है।हर घर तक विकास पहुंचना सरकार का लक्ष्य है। सुबे के सरकार हर वर्ग का विकास चाहती है। यही वजह है कि प्रत्येक पंचायत में विशेष शिविर का आयोजन कर जन समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान किया जा रहा है। मौजूदा सरकार गरीब वंचित शोषित लोगों के सपने साकार कर रही है। कार्यक्रम में कल्याण विभाग के द्वारा 16 छात्र-छात्राओं को साइकिल क्रय करने के लिए प्रति छात्र 45 सौ रुपये की दर से उनके बैंक खाते में स्थानांतरित की गयी। साथ ही मांडू चट्टी आजीविका महिला ग्राम संगठन को 5 लाख, गोविंदपुर आजीविका महिला ग्राम संगठन को 5 लाख का लोन, अनम सखी मंडल को 6 लाख, सना सखी मंगल को डेढ़ लाख, पिंकी देवी गोविंदपुर बर्तन दुकान को डेढ़ लाख का लोन दिया गया। जबकि आपूर्ति विभाग के द्वारा 10 लोगों को लूंगी धोती साड़ी, 20 सुयोग्य लोगों को कंबल और पांच लोगों को बिरसा सिंचाई कूप योजना का लाभ दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीडीओ संजय कुमार कोंगाड़ी, सीआई सुरेश प्रसाद वर्णवाल, मुखिया अनिता देवी, पंसस विवेक कुमार गुप्ता, उपमुखिया पंकज कुमार गुप्ता, बीईईओ विजय राम, सागिर हुसैन, राजकुमार साव, पिंकी बेसरा, बालेश्वर भुईयां, सुरेश चंद्र पटेल, बैजनाथ करमाली अर्जुन राम, मो मिस्टर, प्रभुनाथ महतो, परमेश्वर ठाकुर, मुंशी महतो सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## दो ज्वेलर्स दुकानों में लाखों के आभूषण और नकदी की चोरी



**कुजू (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र अंतर्गत रांचीरोड स्थित दुर्गा मंदिर के समीप दो ज्वेलर्स दुकानों में चोरों ने सेंधमारी कर लाखों रुपये के कीमती आभूषण व नगदी की चोरी कर ली। घटना सोमवार की देर रात की है। इस मामले में भुक्तभोगी पायल ज्वेलर्स के संचालक सह इंदिरानगर रांचीरोड निवासी जितेंद्र कुमार ने कुजू ओपी को लिखित सूचना दिया है। उन्होंने आवेदन में लिखा है कि हर रोज की तरह अपनी दुकान को बंद कर घर चला गया। मंगलवार की सुबह 10 बजे दुकान खोलने के दौरान देखा कि दीवार में सेंधमारी की गयी है। जांच पड़ताल के दौरान करीब दो लाख मूल्य के आभूषण व 25 सौ रुपये नकदी गायब पाया है। साथ ही, चोरों ने अलमीरा को तोड़ दिया गया। वही, दुकान से सटे जेपी ज्वेलर्स में चोरों ने सेंधमारी कर दुकान में रखे अलमीरा को गैस कटर से काटा दिया गया है। बताया जाता है कि जेपी ज्वेलर्स दुकान से चोरों ने लाखों रुपये की कीमती आभूषण और नगदी लेकर चलता बना है। इस मामले में जेपी ज्वेलर्स के संचालक सह रांचीरोड निवासी जनार्दन प्रसाद ने कुजू ओपी में आवेदन दिया।

OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER
**JHARKHAND POLICE HOUSING CORPORATION LIMITED**
(Jharkhand Govt. Undertaking)
Line Tank Road, Ranchi, Contact Tel. No. 0651-2214712
(CIN: U45200JH2002SGC012154)

**e-Procurement Notice No. 20 / 2023-24**

Letter No.- CE/3483/1156 Date: 26.12.2023

JPHCL, Ranchi invites Percentage rate / item rate bids on approved Bill of Quantity from contractors registered before the publication date of this NIT (For F2)/ interested in registration with JPHCL (For SBD) in appropriate class for the works mentioned below:

| Sl. No. | Tender Reference No. | Name of Work | Approximate value of work (in Rs.) | Cost of BOQ (in Rs.) | Earnest Money Deposit (in Rs.) | Period of Completion | For | Type of Bid |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | JPHCL/ GR 01/ NIT20/ 2023-24 | Construction of 8 Sewak Quarter at Home Guard, Deoghar in the district of Deoghar | 19208585.00 | 10000.00 | 385000.00 | 365 days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 2 | JPHCL/ GR 02/ NIT20/ 2023-24 | Construction of District Commandant Residence at Home Guard, Deoghar in the district of Deoghar | 13324077.00 | 10000.00 | 267000.00 | 240 days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 3 | JPHCL/ GR 03/ NIT20/ 2023-24 | Construction of G+3 16 L.S. Quarter at Home Guard, Deoghar in the district of Deoghar | 39576474.00 | 10000.00 | 396000.00 | 365 days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/SBD |
| 4 | JPHCL/ GR 04/ NIT20/ 2023-24 | Construction of Guest House at Home Guard, Deoghar in the district of Deoghar | 11433214.00 | 10000.00 | 229000.00 | 180 days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 5 | JPHCL/ GR 05/ NIT20/ 2023-24 | Construction of G+3 10 U.S. Quarter at Home Guard, Deoghar in the district of Deoghar | 28353631.00 | 10000.00 | 284000.00 | 365 days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/SBD |
| 6 | JPHCL/ GR 06/ NIT20/ 2023-24 | Construction of 50 Bedded Mahila Barrack (Block 1) at Deoghar Police Line in the district of Deoghar | 12909116.00 | 10000.00 | 259000.00 | 180 days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 7 | JPHCL/ GR 07/ NIT20/ 2023-24 | Construction of 50 Bedded Mahila Barrack (Block 2) at Deoghar Police Line in the district of Deoghar | 12909116.00 | 10000.00 | 259000.00 | 180 days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 8 | JPHCL/ GR 08/ NIT20/ 2023-24 | Construction of 50 Bedded Mahila Barrack (Block 3) at Deoghar Police Line in the district of Deoghar | 12909116.00 | 10000.00 | 259000.00 | 180 days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 9 | JPHCL/ GR 09/ NIT20/ 2023-24 | Construction of 50 Bedded Mahila Barrack (Block 4) at Deoghar Police Line in the district of Deoghar | 12909116.00 | 10000.00 | 259000.00 | 180 days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 10 | JPHCL/ GR 10/ NIT20/ 2023-24 | Construction of Police Station Building at Bishrampur in the district of Palamu. | 24676245.00 | 10000.00 | 494000.00 | 365 days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 11 | JPHCL/ GR 11/ NIT20/ 2023-24 | Construction of Police Station Building at Patan in the district of Palamu. | 24327375.00 | 10000.00 | 487000.00 | 365 days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 12 | JPHCL/ GR 12/ NIT20/ 2023-24 | Construction of Mahila Thana Bhawan at Pakur in the district of Pakur. | 26140360.00 | 10000.00 | 262000.00 | 365 days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/SBD |
| 13 | JPHCL/ GR 13/ NIT20/ 2023-24 | Construction of P.C.C Road and Culvert at Police Line, Khunti in the district of Khunti. | 24487175.00 | 10000.00 | 490000.00 | 180 days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 14 | JPHCL/ GR 14/ NIT20/ 2023-24 | Repair Work of Ward –E at Mandal Kara, Dhanbad in the district of Dhanbad. | 4373630.00 | 5000.00 | 88000.00 | 90 days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 15 | JPHCL/ GR 15/ NIT20/ 2023-24 | Repair Work of Ward –A at Mandal Kara, Dhanbad in the district of Dhanbad. | 4329245.00 | 5000.00 | 87000.00 | 90 days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 16 | JPHCL/ GR 16/ NIT20/ 2023-24 | Repair Work of Mahila Ward at Mandal Kara, Dhanbad in the district of Dhanbad. | 2459291.00 | 5000.00 | 50000.00 | 90 days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 17 | JPHCL/ GR 17/ NIT20/ 2023-24 | Repair Work of Ward –B at Mandal Kara, Dhanbad in the district of Dhanbad. | 4296037.00 | 5000.00 | 86000.00 | 90 days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 18 | JPHCL/ GR 18/ NIT20/ 2023-24 | Repair Work of Ward –C at Mandal Kara, Dhanbad in the district of Dhanbad. | 4399131.00 | 5000.00 | 88000.00 | 90 days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 19 | JPHCL/ GR 19/ NIT20/ 2023-24 | Repair Work of Ward –D at Mandal Kara, Dhanbad in the district of Dhanbad. | 4362737.00 | 5000.00 | 88000.00 | 90 days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 20 | JPHCL/ GR 20/ NIT20/ 2023-24 | Construction of Watch Tower (1 & 2) at JAP 09, Sahebganj in the district of Sahebganj. | 4348342.00 | 5000.00 | 87000.00 | 120 days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 21 | JPHCL/ GR 21/ NIT20/ 2023-24 | Construction of Watch Tower (3 & 4) at JAP 09, Sahebganj in the district of Sahebganj. | 4348342.00 | 5000.00 | 87000.00 | 120 days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 22 | JPHCL/ GR 22/ NIT20/ 2023-24 | Construction of Watch Tower (5 & 6) at JAP 09, Sahebganj in the district of Sahebganj. | 4348342.00 | 5000.00 | 87000.00 | 120 days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 23 | JPHCL/ GR 23/ NIT20/ 2023-24 | Construction of Watch Tower (7 & 8) at JAP 09, Sahebganj in the district of Sahebganj. | 4348342.00 | 5000.00 | 87000.00 | 120 days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 24 | JPHCL/ GR 24/ NIT20/ 2023-24 | Construction of Reserve Office at Jamtara Police Line in the district of Jamtara. | 28295761.00 | 10000.00 | 283000.00 | 300 days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/SBD |
| 25 | JPHCL/ GR 25/ NIT20/ 2023-24 | Construction of Police Station Building at Bagdehari in the district of Jamtara. | 27773665.00 | 10000.00 | 278000.00 | 300 days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/SBD |
| 26 | JPHCL/ GR 26/ NIT20/ 2023-24 | Construction of Police Station Building at Pathergama in the district of Godda. | 32480583.00 | 10000.00 | 325000.00 | 365 days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/SBD |
| 27 | JPHCL/ GR 27/ NIT20/ 2023-24 | Construction of Police Station Building at Deodanar in the district of Godda. | 34623225.00 | 10000.00 | 347000.00 | 365 days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/SBD |
| 28 | JPHCL/ GR 28/ NIT20/ 2023-24 | Construction of R.C.C Drain for Stadium at C.T.S, Musabani in the district of East Singhbhum | 4999401.00 | 5000.00 | 100000.00 | 150 days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |

2. Bid document with detailed terms and conditions will be available online on e-tendering portal **http://jharkhandtenders.gov.in** from 02.01.2024 at 11:00 AM to 13.01.2024 up to 5:00 PM. Bids must be submitted online only at the e-tendering portal **http://jharkhandtenders.gov.in** on or before 5:00 PM on 13.01.2024. Bids received online will be opened at 11:00 AM on 16.01.2024.
3. Estimated Cost may vary.
4. Corrigendum/ Addendum, if any, will be published only on the above mentioned Website.

**Sd/- Chief Engineer, JPHCL, Ranchi**

# व्यापार के लिए चुनौती

भारत आ रहे एक कमर्शल ऑयल टैंकर पर दक्षिण लाल सागर में रविवार को हुआ ड्रोन हमला हर तरह से खतरनाक है। जहाज पर झंडा भले एक अफ्रीकी देश का था, उसके सारे 25 क्रू मेंबर भारतीय थे। एक दिन पहले शनिवार को अरब सागर में गुजरात तट से महज 200 समुद्री मील दूर एक और जहाज पर हमला हुआ था। अभी तक किसी ने इन हमलों की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन अमेरिकी सेंट्रल कमान के मुताबिक रविवार को हुए हमले के पीछे हूती विद्रोहियों का हाथ था, जबकि शनिवार को ऑयल टैंकर फेरी पर ईरान से छोड़े गए ड्रोन ने हमला किया था। वैसे शनिवार को अरब सागर में हुए हमले की भारतीय नौसेना ने अपने स्तर पर जांच शुरू कर दी है। देखना होगा कि यह जांच किस नतीजे तक पहुंचती है। लाल सागर में रविवार को हुए हमलों को लेकर ज्यादा संदेह इसलिए नहीं है, क्योंकि हूती विद्रोही इस इलाके से गुजरने वाले जहाजों पर हमला करते रहे हैं। खासकर, अक्टूबर में हमास-इस्राइल जंग शुरू होने के बाद से यह उनका घोषित स्टैंड रहा है कि वे इस्राइल जाने वाले जहाजों को निशाना बनायेंगे। इस लिहाज से देखा जाये, तो हाल के दोनों हमलों का भारत से सीधे तौर पर रिश्ता नहीं है, लेकिन निश्चित रूप से यह बाकी पूरी दुनिया की तरह भारत के लिए भी गंभीर चिंता की बात है। चिंता की सबसे बड़ी वजह यह है कि इस्राइल-हमास जंग के कारण हूती विद्रोहियों के निशाने पर आया लाल सागर और स्वेज कैनाल का रूट दुनिया का सबसे बिजी रूट है। सालाना 17000 जहाज इधर से होकर गुजरते हैं। दूसरे शब्दों में हर साल होने वाले कुल वैश्विक व्यापार का 12 फीसदी हिस्सा लाल सागर के जरिए होता है। जाहिर है स्थिति गंभीर है, लेकिन हूती विद्रोही खुले तौर पर हमास के साथ खड़े हैं। माना जाता है कि उन्हें ईरान का समर्थन हासिल है। व्यवहार में इसका असर यह हुआ है कि इस रूट को अब सुरक्षित नहीं माना जा रहा। इसलिए बड़ी शिपिंग कंपनियां यह रूट लेने में हिचकने लगी हैं। एशिया और यूरोप को जोड़ने वाले इस रूट को छोड़ने का मतलब है केप ऑफ गुड होप वाला वैकल्पिक रूट लेना, लेकिन लाल सागर के मुकाबले वह रूट करीब 3500 समुद्री मील (6500 किलोमीटर) ज्यादा लंबा पड़ता है। इस दूरी को नापने में जहाजों को करीब 9 दिनों का अतिरिक्त समय लगता है। यानी माल पहुंचने में देर तो होती ही है, ट्रांसपोर्ट का खर्च भी बढ़ जाता है। खास बात यह कि इस रूट से भेजे जाने वाले माल में तेल की भी बड़ी मात्रा रहती है। जाहिर है, पहले ही कई तरह की चुनौतियों से जूझती ग्लोबल इकॉनमी को महंगाई का एक और झटका भारी पड़ सकता है।

**एशिया और यूरोप को जोड़ने वाले इस रूट को छोड़ने का मतलब है केप ऑफ गुड होप वाला वैकल्पिक रूट लेना, लेकिन लाल सागर के मुकाबले वह रूट करीब 3500 समुद्री मील (6500 किलोमीटर) ज्यादा लंबा पड़ता है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**दुर्भाग्य से अतीत में विभिन्न देशों की संसदों पर हमले हुए हैं। इनमें 1981 का स्पैनिश तख्ता पलट का प्रयास और 2017 का यूके संसद पर आतंकी हमला शामिल है। इसके अलावा 1987 में श्रीलंकाई संसद ग्रेनेड हमले और 2021 में यूएस कैपिटल हमले और अक्टूबर, 2023 के तुर्की सरकार भवन पर हुए हमले का उल्लेख करना आवश्यक है। हालांकि प्रत्येक मामले में हमले के तुरंत बाद उचित सुधारात्मक उपाय किये गये।**

# सरकार और विपक्ष के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक

**कल्याणी शंकर**

संसद में हालिया सुरक्षा चूक के गंभीर राजनीतिक, चुनावी, विधायी और सुरक्षा निहितार्थ हैं। 146 विपक्षी सांसदों के अभूतपूर्व निलंबन ने अब विपक्षी गठबंधन को एकजुट कर दिया है। लोकसभा में 2 घुसपैठियों को दर्शक दीर्घा से कूदते और कनस्तर फेंकते हुए देखा गया, जिससे धुआं पैदा हो गया। यह एक रहस्य है कि संसद में पांच स्तरीय सुरक्षा के बावजूद वे सदन में कैसे प्रवेश कर गये।

दुर्भाग्य से अतीत में विभिन्न देशों की संसदों पर हमले हुए हैं। इनमें 1981 का स्पैनिश तख्ता पलट का प्रयास और 2017 का यूके संसद पर आतंकी हमला शामिल है। इसके अलावा 1987 में श्रीलंकाई संसद ग्रेनेड हमले और 2021 में यूएस कैपिटल हमले और अक्टूबर, 2023 के तुर्की सरकार भवन पर हुए हमले का उल्लेख करना आवश्यक है। हालांकि प्रत्येक मामले में हमले के तुरंत बाद उचित सुधारात्मक उपाय किये गये।

आइए स्थिति के सुरक्षा प्रभाव पर चर्चा करके शुरुआत करें। घटना के तुरंत बाद सुरक्षा और कड़ी कर दी गयी और संसद भवन की किलेबंदी कर दी गयी। उच्च स्तरीय जांच रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद और भी कदम उठाये जाने की उम्मीद है। हालिया घटना 2001 के आतंकी हमले के बाद शुरू किये गये पहले से ही कठोर सुरक्षा उपायों को सख्ती से लागू करने के महत्व पर प्रकाश डालती है। यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि संपूर्ण स्क्रीनिंग की जाये। पास की अनुशंसा करते समय संसद सदस्यों को सतर्क रहने की जरूरत है और उन्हें अपने कार्यों के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

घुसपैठियों ने मैसूर के एक भाजपा सांसद की सिफारिश पर अपना पास प्राप्त किया। सरकार ने गहन जांच के आदेश देकर तुरंत प्रतिक्रिया व्यक्त की, जिसके परिणामस्वरूप घटना में शामिल सभी 6 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया, फिर उन्हें आरोपों का सामना करने के लिए अदालत में पेश किया गया। चौंकाने वाले सुरक्षा उल्लंघन के बाद विपक्ष ने गृहमंत्री अमित शाह से एक बयान की मांग की, जिसे उन्होंने देने से इंकार कर दिया। इससे अराजकता और टकराव पैदा हुआ जिसे कि टाला जा सकता था अगर शाह ने संक्षिप्त बयान दिया होता। विपक्ष ने हंगामा किया, जिसके कारण 146 अनियंत्रित सदस्यों को निलंबित कर दिया गया जोकि 'इंडिया' गठबंधन से संबंधित थे। नियमों के मुताबिक 2 कारणों से सदस्यों को सदन से निलंबित किया जा सकता है। पहला तब होता है जब कोई सदस्य अध्यक्ष के अधिकार का अनादर करता है। दूसरा तब जब कोई सदस्य जानबूझ कर और लगातार सदन की कार्रवाई में बाधा डालता है। इस उदाहरण में निलंबित सदस्य राज्यसभा के अध्यक्ष और सभापति के अधिकार के खिलाफ गये। 146 सदस्यों को संसद का अपमान करने, राज्यसभा के सभापति की नकल करने और सभापति की अवज्ञा करने के लिए निलंबित कर दिया गया था। राज्यसभा के सभापति और लोकसभा अध्यक्ष ने इस तरह के अनियंत्रित व्यवहार को अस्वीकार्य बताते हुए अपना निर्णय लिया। 2024 के लोकसभा चुनावों को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि कोई भी पक्ष मुख्य रूप से सदन चलाने पर ध्यान केंद्रित नहीं कर रहा है। अगले महीने होने वाले आगामी बजट सत्र में भी कुछ टकराव हो सकता है, लेकिन फिर भी लेखा बजट पारित किया जाना चाहिए।

**2024 के लोकसभा चुनावों को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि कोई भी पक्ष मुख्य रूप से सदन चलाने पर ध्यान केंद्रित नहीं कर रहा है।**

इस चौंकाने वाली घटना का चुनावों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि विपक्षी दल मोदी सरकार के कथित अधिनायकवाद के विरोध में एक साथ आ गये हैं। वे इस मुद्दे को सड़कों पर ले गये हैं और इसे एक महत्वपूर्ण चुनावी मुद्दा बना दिया है। विपक्ष का लक्ष्य संसद की सुरक्षा में विफलता पर सरकार की आलोचना करना और यह सवाल करना है कि वह अपने नागरिकों की सुरक्षा कैसे कर सकती है? इसके अतिरिक्त वे आगामी 2024 के लोकसभा चुनावों में एक मजबूत नेता के रूप में मोदी की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने की योजना बना रहे हैं। पहले कदम के रूप में उन्होंने विपक्षी वोटों को विभाजित होने से बचाने के लिए लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों के खिलाफ एक संयुक्त उम्मीदवार खड़ा करने का फैसला किया है। जहां तक कानून की बात है, आपराधिक कानून संशोधन विधेयक जैसे महत्वपूर्ण विधेयक पारित किये गये, जबकि निलंबित सदस्यों ने संसद के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। पहले भी कई विधेयक कुछ ही मिनटों में पारित कर दिये गये थे।

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एनवी रमन्ना ने निराशा व्यक्त की कि संसद सदस्यों ने कानून निर्माताओं के रूप में विधेयकों पर पूरी तरह से बहस और चर्चा नहीं की। संसद सदस्यों (सांसदों) के पांच प्राथमिक कार्य होते हैं। उनमें कानून बनाना, बजट की समीक्षा करना, सरकारी गतिविधियों की देखरेख करना, लोगों का प्रतिनिधित्व करना और सरकार को जवाबदेह बनाना शामिल हैं। सांसदों के सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद जब संसद सुचारू रूप से नहीं चल रही है, तो उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

सदन में व्यवस्था के बिना मुद्दों को उजागर करना और विशिष्ट विषयों पर अच्छी समझ स्थापित करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। हालांकि संसद के कुशल कामकाज को सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है, विपक्ष को भी सार्थक प्रतिक्रिया देनी चाहिए। आखिरकार संसद के सदस्यों को यूं ही विधायक नहीं कहा जाता और जब कानूनों की पूरी तरह से जांच और बहस नहीं की जाती है, तो विधायी निकाय कमजोर हो जाता है।

जनता की क्या प्रतिक्रिया है? जनता सदस्यों के व्यवहार और उसके बाद अभूतपूर्व संख्या में 146 सांसदों के निलंबन से स्तब्ध है। वे निराश हैं कि वे अपने मतदाताओं की चिंताओं को दूर करने की बजाय सदन में अराजकता पैदा करते हैं। कानून बनाने का कार्य संविधान द्वारा विधायिका को सौंपा गया है। दूसरी ओर सरकार इन कानूनों को क्रियान्वित करती है जबकि न्यायपालिका उन्हें लागू करने के लिए जिम्मेदार है। लोकतंत्र के फलने-फूलने के लिए संसद का प्रभावी कामकाज महत्वपूर्ण है। सदन को सुचारू रूप से चलाने के लिए सरकार और विपक्ष के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है।



**सदन में व्यवस्था के बिना मुद्दों को उजागर करना और विशिष्ट विषयों पर अच्छी समझ स्थापित करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। हालांकि संसद के कुशल कामकाज को सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है, विपक्ष को भी सार्थक प्रतिक्रिया देनी चाहिए। आखिरकार संसद के सदस्यों को यूं ही विधायक नहीं कहा जाता और जब कानूनों की पूरी तरह से जांच और बहस नहीं की जाती है, तो विधायी निकाय कमजोर हो जाता है।**

## जमशेदपुर की खबरें

# लौहनगरी के पत्रकार की बेटी सम्मानित

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** बीते दिनों रांची में आयोजित प्रतियोगिता के दौरान वीमेन्स स्पोर्ट्स मॉडल (बॉडी बिल्डरस) में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले श्रेया अधरजी को संस्था के द्वारा सम्मानित किया गया। मंगलवार को शहर के सामाजिक संस्था सृष्टि महिला विकास सहयोग समिति व राष्ट्रीय भ्रष्टाचार नियंत्रंन जनकल्याण संगठन के स्टेट डिप्टी डारेक्टर रानी गुप्ता ने अपनी टीम के साथ सोनारी स्थित आदर्श नगर पहुची। जहा बीते तीन साल में दो बार नेशनल व दो बार रीजनल खेल कर जमशेदपुर व झारखंड का नाम रोशन करने वाली पत्रकार की बेटी श्रेया अधरजी को उनके आवास में सम्मानित किया। मौके पर रानी गुप्ता के साथ लक्ष्मी देवी, दिव्या सिंह,प्रतिभा बेरी व अन्य शामिल रहे। टीम के सभी सहयोगी ने बीते दिनों रांची में वोमेन्स स्पोर्ट्स मॉडल में दूसरे स्थान प्राप्त कर सिल्वर पर कब्जा जमाने वाली श्रेया अधरजी को अंग वस्त्र व पुष्पगुच्छ भेटकर सम्मान बढ़ाया। मौके पर संस्था की महिलाओ ने बधाई देते हुए खिलाड़ी का हौसला अफजाई की। वहीं सभी ने आगे भी बेहतर खेलने के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संस्था के सभी महिलाओं ने जोर सोर से हिफ हिफ पुरंरे का नारा भी लगाया। रानी गुप्ता ने कहा शहर की बेटियां आज किसी से कम नहीं है। राज्य व देश की बेटियां हर क्षेत्र में मेहनत कर आगे बड़ रहीं है। उन्होंने कहा शहर के पत्रकार की बेटी श्रेया अधरजी ने इसी प्रकार आगे भी जमशेदपुर व झारखंड का नाम रोशन करती रहे यही कामना करते है। उन्होंने कहा बीते वर्ष भी श्रेया अधरजी सिक्किम और पूरी से नेशनल खेल कर लौटने पर संस्था के द्वारा सम्मानित की गई थी। संस्था की टीम इसी प्रकार शहर की बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए आगे भी प्रोत्साहित करती रहेगी।

# सूरज उर्फ ओपी यादव पर लड़की खरीद बिक्री का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**आरआईटी मोड़ के समीप बस्ती वासियों ने जमकर हंगामा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर थाना अंतर्गत आरआइटी मोड़ के समीप बस्ती वासियों ने जमकर हंगामा किया। मौके पर बस्ती वासियों ने सूरज उर्फ ओपी यादव पर लड़की की खरीद बिक्री का गंभीर आरोप लगाया। स्थानीय लोगों के अनुसार यूपी का रहने वाले युवक विगत 7 सालों से लड़की की खरीद बिक्री का कार्य करते हैं। उन्होंने कई मासूम आदिवासी लड़की को लखनऊ जैसे शहरों में बेच डाला।

आरआईटी मोर में साइकिल दुकान से अपना काला कारोबार करता था। वे साइकिल दुकान के बगल में ही जगदीश कंपनी में भाड़े पर रहता था। उधर बस्ती वासियों की दबिश पढ़ते ही सूरज उर्फ ओपी यादव वहां से फरार होगया। बस्ती वासियों ने इसकी सूचना आदित्यपुर पुलिस को दीं। वहीं मौके पर पहुंचे आदित्यपुर पुलिस ने आकर्षित लोगों को समझा बुझा कर शांत कराया। वहीं कुछ महिलाओं ने आपस में हाथापाई भी कर ली। फिलहाल पीड़ित महिलाओं को आदित्यपुर थाना बुलाया गया। जहां जानकारी मिलने पर पुलिस आगे की कारवाई में जुट गयी हैं। बताया जा रहा है कि सूरज के साथ अन्य व्यक्ति भी शामिल है। सूरज लड़की को काम पे लगाने के लिए लेकर आते थे। उसे बाहर शहरों में बेच दिया करते थे। जिसमें कई सारी लड़कियां उसका शिकार होने के बाद भाग निकली और सारी दुख व्यथा अपने घर में सुनायी। बस्ती वासियों ने यह भी आरोप लगाया है इसकी सूचना कई बार थाने में दी गयी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

# युवा कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** साकची गोचक्कर में पूर्वी सिंहभूम जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष नीरज सिंह के नेतृत्व में देश मे मंहगाई व अन्य कई मुद्दों को लेकर मोदी सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। मंगलवार को युवा कांग्रेस के कार्यकताओं ने ठेला में दुकान सजाकर जुमला बेचने का काम किया। मौके पर युवा कांग्रेस ने पूछा क्या महंगाई कम हो गई? क्या बुलेट ट्रेन चलने लगी? काला धन आ गया? गैस सिलेंडर का दाम कम हो गया? आदर्श गांव कहां है? स्मार्ट सिटी बन गयी है क्या? सहित कई मुद्दों को केंद्र में मोदी सरकार को याद दिलाने का काम किया। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के सचिव प्रिंस सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने कहा इन्हीं सब मुद्दों को लेकर मोदी सरकार ने देश के आम जनता को ठगने का काम किया। उन्होंने कहा मोदी सरकार हर मामले में विफल रही है। अब समय आ गया इन जुमलेबाजों की सरकार को उखाड़ फेकने की। देश की जनता सब समझ रही है। आने वाले चुनाव में इसकी जवाब देगी। मौके पर प्रदेश महासचिव राकेश साहू, जिला के महासचिव सचिन कुमार रघु चंदन प्रधान, कुलदीप सिंह,अध्यक्ष नीरज साहू, भवानी सिंह, नवनीत मिश्रा,भोला यादव, अमित सिंह, प्रखंड अध्यक्ष अभिषेक अंजन, मिथुन चक्रवर्ती, अनीश सिंह, धीरज सिंह,पंकज कुमार, निक्कू सिंह, लव कुमार, अभिषेक कुमार, विवेक कुमार, विशाल कुमार,विवेक ठाकुर, निखिल ओझा, प्रत्येक सिंह, राज सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**जुगसलाई विधायक ने मोतियाबिंद के निःशुल्क ऑपरेशन के लिए 20 जरूरतमंदों को भेजा पूर्णिमा नेत्रालय**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में विधायक मंगल कालिंदी के निर्देश पर ग्रामीण जनता तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुचांने का प्रयास जारी है। वहीं सरकारी योजनाओं के साथ जनता के लिए सड़क, बिजली, पियेजल, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मूलभूत सुविधाओं के लिए विधायक काफी गंभीर है। बीते दिनों मुखिया पानो मुर्मू के नेतृत में पूर्णिमा नेत्रालय द्वारा पूर्वी हलुदबनी पंचायत भवन में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया था। जहां लगभग 60 लोगों की जांच की गयी थी। मंगलवार को विधायक मंगल कालिंदी की उपस्थिति में मोतियाबिंद के लिए चिन्हित 20 जरूरतमंद लोगों को ऑपरेशन के लिए पूर्णिमा नेत्रालय भेजा गया।

इस अवसर पर विधायक ने कहा कि जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में पूर्णिमा नेत्रालय के सहयोग से नेत्र जांच शिविर में मोतियाबिंद के 20 मरीज को निशुल्क ऑपरेशन के लिए भेजा गया। विधायक ने कहा कि पूर्णिमा नेत्रालय का काफी सराहनीय पहल है। ठंड के समय मोतियाबिंद का ऑपरेशन होने से क्षेत्र के लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। मौके पर सपना बेरा सहित क्षेत्र के वार्ड सदस्य व काफी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# नदी में डूबने से 14 वर्षीय युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**वह अपने साथियों के साथ सरायकेला-खरसावां जिले के नदी किनारे डोबो सापड़ा गया था। जहां उसके साथी नदी में स्नान करने के लिए उतरे हुए थे। इस बीच युवक बाहर ही खड़ा था। अचानक से वह नदी में गिर गया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** शहर के कदमा अनिल सुर पथ का रहने वाले 14 वर्षीय नाबालिक युवक का पिकनिक मनाने के दौरान नदी में डूबने से मौत हो गया। मंगलवार को घटना की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। मिली जानकारी के अनुसार कदमा अनिल सुर पथ के रहने वाले युवक नेताजी सुभाष पब्लिक स्कूल के छात्र था। वह अपने साथियों के साथ सरायकेला-खरसावां जिले के नदी किनारे डोबो सापड़ा गया था। जहां उसके साथी नदी में स्नान करने के लिए उतरे हुए थे। इस बीच युवक बाहर ही खड़ा था। अचानक से वह नदी में गिर गया। हो हल्ला के बाद मछुआरों ने युवक व अन्य दो साथियों को नदी से बाहर निकाला। इसके बाद युवक को एमजीएम अस्पताल में लाया गया। जहां इलाज के दौरान ही 14 वर्षीय युवक आदर्श पांडे ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद सूचना मिलने पर परिवार के लोग अस्पताल पहुंचे जहां सभी का रो-रो कर बुराहाल है। बताया जा रहा है कि युवक के पिता कार चालक हैं। वे शहर से बाहर है। फिलहाल पुलिस मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गयी है।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 27 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in



## भंडारा का आयोजन



श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में मंगलवार को भवनाथपुर मोड़ स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें 500 से अधिक श्रद्धालुओं ने महाभंडारा का प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा का शुभारंभ विश्व हिंदू परिषद के जिला संयोजक राजेश प्रताप देव, बैंक ऑफ इंडिया शाखा प्रबंधक एकलव्य कुमार और विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष गौरव पांडे ने संयुक्त रूप से भगवान हनुमान जी की विधिवत पूजा अर्चना के बाद भोग लगाकर प्रसाद स्वरूप खिचड़ी को श्रद्धालुओं के बीच महा प्रसाद का वितरण कर किया। भंडारा कार्यक्रम में मुख्य रूप से युवा नेता बिट्टू जायसवाल, विश्व हिंदू परिषद मंत्री राहुल जयसवाल बजरंग संयोजक, उत्कर्ष, विद्यार्थी परिषद अरविंद, गौ रक्षा रितिक, विकास, पिंटू, शुभम, अंकित, निखिल, ललित, अखिलेश, विजय, राहुल, विकास बादल आर्ट आदि ने अपना-अपना योगदान दिया।

### आरके पब्लिक स्कूल उंचरी मझिआंव में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

# खेलकूद उतना ही जरूरी है जितनी पढ़ाई: अलखनाथ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** आरके पब्लिक स्कूल उंचरी मझिआंव का 8वां वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित किया गया। प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने दीप व मशाल प्रज्वलित कर और खेल ध्वज को फहराकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। स्कूल के सानिया व ग्रुप के द्वारा स्वागत गान और मीनाक्षी व ग्रुप के द्वारा सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। मार्च पास्ट का नेतृत्व रितेश पांडे और मशाल पास में चारों सदन के छात्र-छात्राओं ने राजेश पांडे के नेतृत्व में हिस्सा लिया। इस अवसर पर



अपने संबोधन में वरिष्ठ समाजसेवी अलखनाथ पांडेय ने कहा कि शारीरिक खेलकूद से ही शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है। जब शरीर स्वस्थ रहेगा तो हम पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी अव्वल होंगे। बच्चों को अनुशासन और समय के सदुपयोग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें स्वाध्याय पर ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि जिले में पहली सीबीएसई से मान्यता प्राप्त अंग्रेजी माध्यम की स्कूल खोलने की सोच ने मझिआंव के विकास में नया अध्याय लिखने का काम किया है। विद्यालय का यह 8वां वार्षिक खेलकूद महोत्सव का आज समापन समारोह है। उन्होंने कहा कि खेलकूद उतना ही जरूरत है जितना पढ़ाई। खेलकूद में भी बेहतर कैरियर की संभावना है। अभिभावक खेल के प्रति बच्चों को प्रेरित करें। संबोधन के अंत में उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आज विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन किया गया, जिसमें 100 मीटर की दौड़, 400मीटर की दौड़, थ्रीलेग रेस, बैलून रेस, मैथ और सेंटेंस फ्रेमिंग रेस, बैक रेस, रीले रेस, ऊंची व लंबी कूद, डिस्क और जेवलीन थ्रो आदि शामिल हैं। इस उत्सवी माहौल में प्रतिभागियों ने अपने दमखम का प्रर्दशन किया। अभिभावकों के लिए मटका फोड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर उपस्थित सभी अतिथि गण के द्वारा दिया गया। इस अवसर पर आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा के प्रशासक प्रमोद कुमार झा, आरके पब्लिक स्कूल उंचरी मझिआंव के प्रशासक मिथिलेश सिंह सहित अन्य वरिष्ठ सम्मानित गण और अभिभावक गण उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन ग्रुप फोटो सेशन के साथ किया गया।

## शिव महिमा हॉस्पिटल के संचालक ने गरीबों के बीच 400 कंबल बांटे



मझिआंव (आजाद सिपाही)। शरद ऋतु में बढ़ते ठंड के ग्राफ को देखते हुए शिव महिमा केयर हॉस्पिटल खरसोता के संचालक डॉ राजकिशोर प्रसाद, डॉ दशरथ प्रसाद के द्वारा असहाय, गरीब बेसाहरा और अपने हॉस्पिटल के गरीब मरीजों के बीच 400 कंबल का वितरण किया। बताते चले कि विगत कई वर्षों से संचालित शिव महिमा केयर हॉस्पिटल के द्वारा जरूरतमंद लोगों के बीच शरद ऋतु में कंबल का वितरण किया जाता रहा है। शिव महिमा केयर हॉस्पिटल का संचालक डॉक्टर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि गरीबों को सेवा करना मेरा जीवन का मुख्य उद्देश्य है मैं जब तक हूं गरीबों को सेवा करने में मैं प्रतिबद्ध हूं। गरीबों को सेवा करने में मुझे सुख शांति समृद्धि मिलती है मैं आगे भी इसी तरह ईश्वर की कृपा से सेवा करता रहूंगा। मौके पर ओमप्रकाश मेहता, रामाधार पासवान सुनील राम तथा कई लोग उपस्थित थे।

## समाजसेवी सुग्रीव साह का आकस्मिक निधन



केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के ताली गांव निवासी 85 वर्षीय सुग्रीव साह सोमवार को शाम करीब 6 बजे इस मृत्यु हो गया। मृतक सुग्रीव साह का समाज में अच्छा पकड़ रखते थे। वे अपने जीवन काल में समाज के प्रति अग्रणी भूमिका निभाया करते थे। वहीं उनकी मौत की खबर से पैतृक गांव ताली समेत पूरे प्रखंड क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। वहीं पंचायत के मुखिया मूंगा साह व बीडीसी प्रतिनिधि इंतेयाज आलम पुष्पांजलि अर्पित कर परिवार को ढांढस बंधाया। साथ ही जनप्रतिनिधियों ने कहा की मृतक सुग्रीव साह समाज में एक प्रखर व्यक्ति हुआ करते थे। जो समाज के लिए अपूरणीय छती है। उनका कमी हम लोगों को हमेशा खलेगी। उनका अंतिम शव यात्रा में शामिल जिप सदस्य ज्वाला प्रसाद, मुखिया मूंगा साह, बीडीसी प्रतिनिधि इंतेयाज आलम सहित सैकड़ो की संख्या में अर्थी को कंधा देते हुए पास के ही पंडा नदी तट पर ले जाया गया, जहां मुक्ति धाम पर अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर पूर्व मुखिया अनिल कुमार पासवान, समाजसेवी सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, नागेंद्र ठाकुर, मनोरंजन प्रसाद गुप्ता, ब्रह्मदेव कुमार गुप्ता, हरिदास, उजागिर साह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## शांति निवास ने बीएनटी को आठ विकेट से हरा कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया



गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा जिला में स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता कैसे क्वार्टर फाइनल मैच मे शांति निवास स्कूल ने मैच के 11वें दिन जूनियर वर्ग के क्वाटर फाइनल में बीएनटी संत मैरी को आठ विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। बीएनटी संत मैरी ने पहले खेलते हुए 65 रन बनाया। जवाबी पारी खेलने उतरी शांति निवास की टीम ने ऋषभ के 23 सक्षम के 21 रनों के सहयोग से दो विकेट खोकर विजय लक्ष्य को पा लिया। बीएनटी संत मैरी की ओर से नक्की ने दो विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार शांति निवास स्कूल के आयुष कुमार पाल को विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार सिन्हा, संघ के उपाध्यक्ष अशोक कुमार दुबे,अजीत कुमार सिन्हा, शिक्षक सुधांशु जी, संजीव सिंह, सिकंदर खान,अभय कुमार ने सयुक्त रूप से प्रदान किया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चे मोबाईल पर खेल रहे है, जो सही नही है। बच्चों आप लोग मैदान में एक से दो घंटे खेलते है तो आप शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होगे और आप सभी क्षेत्र में बेहतर करेंगे। इस मौके पर प्रवीण मिश्रा, अभिषेक द्विवेदी, प्रिंस खान, विशाल कुमार, आलोक, आदित्य शुक्ला, धीरज, आदित्य तिवारी, दिव्य रंजन सहित काफी संख्या में दर्शक शामिल थे। अंपायर की भूमिका मनीष उपाध्याय, सुमित मिश्रा ने निभाया वहीं उद्घोषक की भूमिका मनोज तिवारी और स्कोरर की भूमिका दिव्य रंजन ने निभाया।

## रक्तदान के क्षेत्र में गढ़वा को झारखंड में पहले स्थान पर लाने की जरूरत : सिविल सर्जन

**डॉ राधा बाबू की पुण्यतिथि पर 23 यूनिट रक्तदान**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** डॉ राधा बाबू की पुण्यतिथि के अवसर पर एक सप्ताह तक चलाये जाने वाले जन कल्याणकारी कार्यक्रम के तहत तीसरे दिन गढ़वा स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ब्लड बैंक के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार ने कहा कि डॉ राधा बाबू की पुण्यतिथि पर रक्तदान जैसा पुणित कार्य किया जा रहा है। इससे बड़ी सच्ची श्रद्धांजलि उनके प्रति और क्या होगी। रक्तदान श्रेष्ठ कार्यों में से एक है। उन्होंने कहा कि सरकार के आदेशानुसार सभी सदर अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्लड उपलब्ध



कराने की योजना है। इस तरह की सुविधा उपलब्ध हो जाने के बाद लोगों को रक्त उपलब्ध कराने में सहूलियत होगी। रक्तदान के क्षेत्र में गढ़वा जिला को पहले पायदान पर लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वह गढ़वा सदर अस्पताल में डायलिसिस यूनिट को भी विकसित करने की भरपूर कोशिश करेंगे।

रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉक्टर जेपी सिंह ने कहा कि राधा बाबू की प्रेरणा से आज डॉक्टर पतंजलि केसरी रक्तदान जैसे पुणित कार्य को कर रहे हैं। इसमें हम सभी को सहयोग करना चाहिए। हमें हमेशा इनके आग्रह पर इस तरह के जन कल्याणकारी कार्यक्रम में शामिल रहता हूं। आगे भी आवश्यकता अनुसार सहयोग करूंगा। आर.पी. एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के निदेशक डॉक्टर पतंजलि केसरी ने कहा कि ब्लड बैंक में पहली बार एक साल में एक हजार यूनिट रक्तदान किया जा चुका है। यह बहुत ही हर्ष की बात है। किसी भी व्यक्ति की ब्लड नहीं मिलने के कारण मृत्यु नहीं हो, इसके लिए रेडक्रॉस सोसाइटी दिन-रात कार्य कर रहा है। वर्तमान में रक्तदान के क्षेत्र में पूरे झारखंड प्रदेश में गढ़वा का दूसरा स्थान है। हमलोगों को यह कोशिश करना है कि पूरे झारखंड में गढ़वा का प्रथम स्थान आये। रक्त दान शिविर में नीमा अध्यक्ष डॉक्टर संजय कुमार, सेवानिवृत शिक्षक डीपी सिंह, डॉक्टर मुरली प्रसाद गुप्ता, आईएमए के सचिव डॉक्टर कुमार पंकज प्रभात, विनोद कमलापुरी, डॉक्टर संजय केसरी सहित अन्य लोगों ने संबोधित किया। इस अवसर पर दिव्य प्रकाश केशरी, श्याम नारायण पांडेय, अरविंद तिवारी, मो. इकराम, रविंद्र नाथ ठाकुर, डॉ. रेयाज अहमद, अर्थव कुमार केसरी के अलावा ब्लड बैंक के मोटिवेटर प्रदीप कुमार, लैब टेक्नीशियन रामजी रवि, प्रदीप पासवान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री दाल भात योजना का उद्घाटन



कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय के समीप मुख्यमंत्री दाल भात योजना का उद्घाटन मंगलवार को प्रखंड प्रमुख सत्येंद्र पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय, बलियारी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि ललन कुमार मेहता पूर्व जिला पार्षद हसन रजवार ने संयुक्त रूप से फीता काट कर व नारियल फोड़कर किया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रमुख सत्येंद्र पांडेय ने कहा कि सरकार द्वारा दस रुपये में गरीबों के बीच भर पेट भोजन की व्यवस्था की गयी है ताकि गरीब मजदूर कम पैसों में भर पेट भोजन कर सके। मुख्यमंत्री दाल भात योजना के तहत प्रखंड के विभिन्न भागों के लोगों का इस योजना का लाभ मिलेगा। मौके पर विनोद चंदवंशी, पिंकू दुबे, विकास दुबे, राजन दुबे, बाबू खान, अशोक विश्वकर्मा, रमेश पटवा, मैनुदिन खान के अलावें कई लोग मौजूद थे।

## एसबीआइ की एडीबी शाखा में लगा मुद्रा मेला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** एसबीआई के एडीबी शाखा में मुद्रा लोन मेला का आयोजन किया गया। मुद्रा लोन मेला में दुकानदार और छोटे लघु और मध्यवर्गीय दुकानदारों को इस योजना के तहत व्यवसाय शुरू करने और व्यवसाय बढ़ाने के लिए तीन प्रकार के मुद्रा लोन के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। एसबीआई मुख्य शाखा के मुख्य प्रबंधक उमाकांत ने बताया कि ब्रांच के ऑफर किये जाते हैं। आपको मुद्रा लोन कैसे मिलता है और मुद्रा लोन के लिए कैसे अप्लाई करें। उन्होंने बताया कि शिशु लोन के तहत, एक लाभुक की पचास हजार रुपये तक का लोन प्राप्त कर सकता है। ये लोन




उन लोगों के लिए है, जिन्हें कम फंड की जरूरत होती है। किशोर लोन के तहत, एक आवेदक पचास हजार से लेकर पांच लाख तक लोन प्राप्त कर सकता है। इस प्रकार का लोन उन आवेदकों के लिए उपयुक्त है जो पहले ही अपना व्यवसाय शुरू कर चुके हैं, लेकिन इसे स्थापित करने के लिए कुछ और धन की आवश्यकता है। वहीं तीसरा लोन तरुण लोन है इसके तहत दुकानदार को पांच लाख से 10 लाख रुपये का लोन प्राप्त कर सकता है। यह उन लोगों को दिया जाता है जिनके व्यवसाय स्थापित हैं, लेकिन उन्हें अपने व्यवसायों को बढ़ाने के लिए धन की आवश्यकता है। इस मौके पर एडीबी शाखा के मुख्य प्रबंधक पंकज कुमार चंद्र प्रकाश दुबे, बाजार शाखा के रोहित कुमार, डेंटल शाखा के विवेक कुमार सहित अन्य शाखा के लोग शामिल थे।

## आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रमना।** प्रखंड अंतर्गत टंडवा पंचायत भवन के प्रांगण में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का अयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन, जिप अध्यक्ष शांति देवी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता नगर उंटारी अब्दुल समद, बीडीओ संजय कुमार, सीओ वासुदेव राय, उप प्रमुख खदीजा बीबी, मुखिया संतोष कुमार सिंह ने सामुहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुरूआत किया।

इस अवसर पर भूमि सुधार समाहर्ता ने कहा कि सरकार के द्वारा जनहित को देखते हुए सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गांव-गांव सरकार के



अधिकारी सहित सभी कर्मियों के द्वारा जन समस्याओं का त्वरित निस्पादन किया जा रहा है। उन्होंने इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की बात कही। जिप अध्यक्ष शांति देवी ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गांव के अंतिम लोगो तक पहुंचकर समस्या का निदान करना है। कार्यक्रम में अशहाय लोगो को कंबल, महिला समूह को सीसी की राशि और लाभुकों को योजना व पेंशन कि स्वीकृति प्रदान की गयी। मौके पर सीओ वासुदेव राय, प्रखंड सहायक रामानुज शुक्ल, पंचायती राज विक्रांत कुमार, प्रखंड सहायक राहुल कुमार, रमना मुखिया दुलारी देवी, सिलीदाग मुखिया अनीता देवी, बहियार खुर्द मुखिया सोनी देवी सहित कई लोग मौजूद थे

## अयोध्या से आये पूजित अक्षत और आमंत्रण पत्र को पंचायतों में उपलब्ध कराया गया



सगमा (आजाद सिपाही)। प्रखंड में पाहुचा अयोध्या से आए पूजित अक्षत और आमंत्रण पत्र को पंचायतों में उपलब्ध कराया गया। गौरतलब है कि 22 जनवरी को अयोध्या धाम में रामलला के प्राणप्रतिष्ठा को लेकर विश्वहिंदू परिसद के द्वारा देश व विदेश में रह रहे सनातन धर्म के लोगों को आमंत्रण देने के उद्देश्य से पूजित अक्षत व आमंत्रण पत्र घर घर मे पहुंचाया जा रहा है। इस क्रम में मंगलवार को विश्वहिंदू परिषद सगमा इकाई के द्वारा पंचायत के सभी संयोजक को अक्षत के साथ आमंत्रण पत्र को उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर सगमा प्रखंड के सभी पांच पंचायतो के संयोजक और उप संयोजक उपस्थित थे। इस पूजित अक्षत को एक जनवरी से 15 जनवरी तक प्रखंड के सभी घरों में वितरित करने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर विश्वहिंदू के प्रखंड अध्यक्ष ओम प्रकाश बैठा, प्रखंड संजोजक बिक्की यादव, श्याम बच्चन यादव, पुस्पेंद्र दुबे, अजय दुबेदी, स्वदेश कुशवाहा सह सतीश, राकेश पांडे पांडे, दराहुल यादव सह संजोक रामानंद प्रजापति, रंजन यादव सहित काफी संख्या में सदस्य उपस्थ‍ि थे।

## पत्नी को डंडा से पीट कर मार डाला



मृतक के पास बैठा आरोपी पति

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के घाघरा गांव में सोमवार की देर शाम अजित सिंह ने अपनी पत्नी को डंडा से पीटकर मार डाला। सुबह सूचना मिलते ही प्रभारी थाना प्रभारी कुंदन यादव, सुअनि प्रभु मेहता दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेजा। मौके पर से ही आरोपी पति को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में गढ़वा भेजा गया। समाचार के अनुसार पंडरिया पंचायत के घाघरा गांव निवासी अजित सिंह अपने पत्नी सबिता देवी के साथ रहकर मजदूरी का काम करता था। सोमवार को भी वह अपने काम पर गया था। काम से लौटने के बाद देर शाम पत्नी से झगड़ा करने लगा। बताया जाता है कि उस वक्त वह शराब के नशे में था। झगड़ा के दौरान वह डंडे से पत्नी की पिटाई करने लगा। पिटायी के कारण देर रात सबिता ने दम तोड दिया। गांव की महिला ममता देवी, सतवंती देवी, सबिता देवी आदि ने बताया कि अजित सिंह अपने छोटे से घर में पत्नी के साथ रहता था और अक्सर दोनों में झगड़ा हुआ करता था। बताया जाता है कि अजित सिंह अय्याश किस्म का व्यक्ति था। पिछले गर्मी में सबिता को उत्तर प्रदेश के दुद्धी के फुलवार गांव से लाया था। इस महिला के लाने से पूर्व भी एक महिला को लाया था जो कि भाग गयी। अजित सिंह ने बताया कि काम से लौटने पर देखा कि सबिता शराब के नशे में थी। इसी बात को लेकर कहा सुनी हो गयी और तीन चार डंडा मार डाला। हमे नहीं पता था कि इसकी मौत हो जायेगी। सुबह काम पर जाने से पूर्व खाना बनाने के लिए उठाने लगा तो वह मृत पड़ी थी। प्रभारी थाना प्रभारी कुंदन यादव ने बताया कि अजित सिंह ने अपनी पत्नी को डंडा से पिटकर मारा डाला है, जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## ट्रक में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, ड्राइवर और खलासी ने कूद कर बचायी जान

**आस पास के लोगों ने पंप से पानी छिड़काव कर आग पर काबू पाया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेराल।** मेराल प्रखंड मुख्यालय में एनएच 75 पर थाना के सामने असलम ऑटो सेंटर के पास मंगलवार को शाम लभाग चार बजे एक खाली ट्रक में शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गयी। आग लगने से ट्रक का केबिन धू-धू कर जलने लगा। ड्राइवर और खलासी ने ट्रक से कूदकर अपनी जान बचायी। मेन रोड में अचानक लगी आग को देख कर अफरा तफरी मच गयी। अगल-बगल के लोगों ने मोटर लगाकर आग पर काबू पाया।




सूचना मिलने पर थाना प्रभारी नीतीश कुमार दल बाल के साथ मौके पर पहुंचे तथा एनएच सड़क का काम कर रहे ठिकेदार का पानी टैंकर को मंगाकर पानी को बुझाया गया, तब तक गाड़ी में रखा गया ड्राईवर-खलासी का सारा कपड़ा तथा गाड़ी का केबिन जल गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी से केबिन में लगे आग को पूरी तरह से बुझा दिया। ड्राईवर कश्मीर कुमार ने बताया कि औरंगाबाद के रजनीश सिंह का खाली ट्रक संख्या बीआर 26 जीए 5077 से खलासी अर्जुन कुमार के साथ गढ़वा ट्रांसपोर्ट के माध्यम विशुनपुरा में धान लोड करने जा रहे थे। की अचानक शॉर्ट सर्किट से पूरे केबिन में अचानक आग लग गयी। जब तक गाड़ी को खड़ा कर पाता, तब तक सारे सिस्टम फेल होने से गाड़ी को सड़क पर ही बंद कर हम दोनो नीचे कूद कर जान बचायी।

**करीब आधे घंटे तक हाइवे जाम**

बता दें कि मेराल में फ्लाई ओवर का काम चल रहा है जिसके कारण यहां वन-वे कर गाड़ी चल रही है। सड़क पर ही ट्रक में आग लग जाने से करीब आधे घंटे तक हाइवे पर जाम लगा रहा। बाद में पुलिस तथा ठिकेदार के गार्ड ने कड़ी मसकत कर आवागमन चालू कराया।

## कसौधन वैश्य समाज की महिलाओं ने गरीबों के बीच वस्त्र का वितरण किया



गढ़वा (आजाद सिपाही)। कसौधन वैश्य समाज की महिला मंच ने गरीबों के बीच पुराने वस्त्र वितरण किया। समाज के सदस्य कैलाश कश्यप की माँ की तीसरी पुण्यतिथि और समाज के वैवाहिक सलाहकार रंजीत कश्यप की पुत्री मीठी कुमारी के जन्मदिन के अवसर पर बढ़ते ठंड को देखते हुए गरीब असहाय के बीच में बच्चे बुजुर्ग महिलाओं के लिए गर्म और अन्य कपडे लगभग 100 परिवार के बीच बांटे गये। महिला अध्यक्ष शोभा कश्यप ने कहा कि बहुत ही हर्ष की बात है कि हमारे समाज की महिलाएं दिन प्रतिदिन जागरूक हो रही हैं। मैं भी ब्लड बैंक में रक्तदान कैंप लगाकर अपना जन्मदिन मनाऊंगी। मौके पर उपस्थित समाज के सचिव संतोष कश्यप, उपसचिव विवेक कश्यप, रंजीत कश्यप, मुकेश कश्यप, स्वास्तिक कश्यप, महिला मंच के उपाध्यक्ष कंचन कश्यप, सचिव अर्चना कश्यप, कोषाध्यक्ष ममता, कश्यप संगठन मंत्री नमिता कश्यप, अदिति कश्यप, मीठी कुमारी अन्य लोग उपस्थित थे।

## डीसी और एसपी ने किया मंडल कारा का निरीक्षण



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार मंडल कारा में आज अचानक छापेमारी की गई जहा लातेहार डीसी हिमांशु मोहन , लातेहार एसपी अंजनी अंजन , एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा के नेतृत्व में मंडलकारा में छापेमारी की गई जिससे जेल के अधिकारी और जेल में बंद बंदी में हड़कंप मच गया और बंदियों में बेचैनी बढ़ गई। वही लातेहार डीसी हिमांशु मोहन ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी जेल में बंद बन्दियों के द्वारा अपराध का संचालन जेल से करने की सूचना मिली थी जिसको लेकर छापेमारी की गई है ।एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि जेल के अंदर बन्दियों की गतिविधियों को लेकर मण्डलकारा की जांच की गई है । वही जांच करने आये अधिकारी सहित पुलिसकर्मियो ने काफी बारीकियों के साथ जाँच की गई। हलाकि इस छापेमारी के दौरान टीम को कुछ मिला नहीं। गौरतलब है लातेहार मंडल कारा में कई हार्डकोर नक्सली सहित अपराधी गिरोह जेल बंद है। आये दिन जेल से अपराधियों के द्वारा कई घटनाओ का अंजाम दिया जाता रहा है। छापेमारी में मुख्य रूप से एसडीपीओ संतोष मिश्रा, लातेहार थाना प्रभारी आशुतोष कुमार, गौरव सिंह सहित कई वरीय अधिकारी और जवान मौजूद रहे।

## आज देश वीर साहिबजादों के अमर बलिदान को याद कर रहा है: वेद प्रकाश



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय के ब्लॉक परिसर स्थित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के (सीआरपीएफ) 11वीं बटालियन कैम्प में आज वीर बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जोरावर सिंह और फतेह सिंह के चित्र पर माल्यार्णय कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। मौके पर कंपनी के कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि आज देश वीर साहिबजादों के अमर बलिदान को याद कर रहा है, उनसे प्रेरणा लेने की हमें आवश्यकता है। पिछले वर्ष पीएम मोदी ने 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के तौर पर मनाने का निर्णय लिया था, तब से पूरे देशभर में साहिबजादों के अमर बलिदान को याद किया जाता है। वीर बाल दिवस भारतीयता की रक्षा के लिए कुछ कर गुजरने का संकल्प है। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष हरेकृष्णा सिंह ने कहा कि पीएम मोदी ने देश को गुलासी की मानसिकता से आजाद करने का संकल्प लिया है। आज पीएम मोदी ने दिल्ली में वीर बाल दिवस के अवसर पर कहा है कि आज वीर बाल दिवस भारतीयता की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाने का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरू गोविंद सिंह की जयंती पर 2022 में घोषणा की थी अब देशवासी हर वर्ष 26 दिसंबर को गुरू गोविंद सिंह के वीर साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह की याद में शहादत की वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जायेगा। कार्यक्रम में मौके पर सीआरपीएफ के 11 वीं बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी विनोद कनौजिया, कमांडेट प्रणन आनंद झा, सहायक कमांडेट कुनाल यादव, इंस्पेक्टर जितेंन्द्र कुमार पाण्डेय, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे, रघुवीर यादव, भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी राजीव रंजन पाण्डेय मौजूद रहे।

## एक और सहायक अध्यापक की हो गयी मौत, सरकार नहीं ले रही सुध: जिलाध्यक्ष



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय जगलदग्गा के सहायक अध्यापक स्वर्गीय रामदयाल उरांव के ब्रह्मभोज कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अतुल कुमार के नेतृत्व में मृतक के आवास पर जाकर श्रद्धांजलि दिया गया। साथ ही संगठन के साथियों के द्वारा जमा कुल बीस हजार तत्काल सहयोग राशि परिजन को दिया गया। जिला अध्यक्ष अतुल कुमार ने कहा की इस वर्ष लातेहार जिले से लगभग आठ सहायक अध्यापक इस दुनिया से रुखसत हो चुके है पर राज्य सरकार के उदासीनता के कारण एक पैसे का कोई सहयोग नहीं मिलता है । आज भी हम लोग आपस में चंदा कर मृतक के पुत्र को आर्थिक सहयोग किया है। सभी के प्रति संगठन आभार व्यक्त करता है साथ ही सरकार से मांग करता है की बीस वर्ष तक बच्चो को शिक्षा देने वाले पारा शिक्षको के लिए जो नियमावली फाइलों में ही भ्रमण कर रहा है उसे वास्तविकता में लागू करने का प्रयास करे ताकि आगे किसी भी अप्रिय घटना पर नियमानुसार सरकारी सु विधा मिल सके। श्रद्धांजलि देने वालो में जिला अध्यक्ष अतुल कुमार महासचिव अनूप कुमार जिला संयोजक पवन कुमार यादव जिला प्रवक्ता प्रवीण कुमार सिंह अभिनय कुमार मिश्र प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार सिंह महाभारत भगत राजदेव राम संगीता कुमारी निर्मल यादव धर्मेंद्र उरांव संजय दिवेधी दिलीप प्रसाद दिनेश ठाकुर संजीत प्रसाद ललन प्रसाद सतेंद्र यादव निरंजन कुमार दिनेश प्रसाद मानो कुजूर प्रेमी ज्योति तिग्गा राजेंद्र उरांव हरिशंकर यादव विश्वनाथ राम शुशील तिवारी रेशमी कुमारी मीना देवी सालो टोप्पो मनोज राम आदि शामिल है।

## सर्दी में कंबल वितरण पुण्य का काम : महानंद



**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** समाजसेवी सह अखिल विश्व गायत्री परिवार के कार्यकर्ता महानन्द कुशवाहा और कुशवाहा टेन्ट के प्रबंधक संजय कुशवाहा ने कुशवाहा टेन्ट के द्वारा गरिबो के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम मे कहा कि कड़ाके की सर्दी में जरूरतमंदों को कंबल वितरण करना निश्चय ही पुण्य का काम है।वे मंगलवार को पुराना बस स्टेन स्थित सत्यनारायण कम्प्लेक्स मे अवस्थित कुशवाहा पुसतक सदन मे कंबल वितरण समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बालूमाथ में सर्दी में गरीबों को कंबल वितरण करना गर्मी में प्याऊ लगाने की परपंरा वर्षो पुरानी है। वहीं वरिषठ पत्रकार संतोष सिन्हा ने इस तरह की कार्यक्रमों की सराहना की। मौके पर दर्जनो लोग मौजूद रहे ।

# माओवादियों ने मचाया तांडव

## पुल निर्माण कर रही कंपनी की चुटिया साइट पर बोला धावा, मिक्सर मशीन को फूंका

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुआडांड़ ।** नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के उग्रवादियों ने सोमवार की रात्रि लगभग 8 बजे पुनः अपनी धमक दिखाते हुए महुआडांड़ थाना क्षेत्र में जम कर ताडंव मचाया। बंसकरचा मोड़ से कुरो रोड तक 33 किमी लम्बी सड़क व पुल का निर्माण कार्य कर रही कंपनी के चुटीया स्थित पुल साईट पर धावा बोल कर वहां रखी मिक्सर मशीन में आग लगा दी। माओवादियों ने यहां कार्य करने वाले मुंशी, मिस्त्री एवं लेबर के साथ भी जमकर पिटाई कर दी। साथ ही निर्माण कार्य को बंद करने का फरमान भी जारी किया।



घटना के कारण लेवी नहीं मिलना बताया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर महुआडांड थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची एवं घटित घटना का जायजा लिया।

**क्या कहते हैं भुक्तभोगी:** बंसकरचा मोड़ से कुरो रोड तक 33 किमी लंबी सड़क का निर्माण कार्य कर रही कंपनी का नाम नही छापने की शर्त पर मुंशी, मिस्त्री एवं लेबर ने बताया कि रात्रि आठ बजे के करीब पांच-सात की संख्या में हथियारबंद माओवादी पहुंचे और वहां मौजूद हम सभी लोगों को कब्जे में लेकर मोबाइल ले लिया। फिर माओवादियों ने मिक्सर मशीन को आग के हवाले कर दिया। विदित हो कि ठेकेदार दिलीप पांडेय की कंपनी 33 किलोमीटर लंबी सड़क परियोजना को 86 करोड़ की लागत से बना रही है।

# डीसी और एसपी ने अधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को किया ब्रीफ

रूपेश अग्रवाल

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** माननीय मुख्यमंत्री, हेमन्त सोरेन का लातेहार जिले के कुंदरी ग्राम में आगमन को लेकर पुलिस लाईन में उपायुक्त हिमांशु मोहन, पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन द्वारा अधिकारियों, पुलिस बल को ब्रीफ किया गया।



उक्त ब्रीफिंग में माननीय मुख्यमंत्री, झारखंड सरकार के लातेहार जिला में आगमन, भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत सुरक्षा, यातायात एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

ब्रीफिंग के दौरान उपायुक्त ने सुरक्षा व्यवस्था, घेराबंदी, स्टॉल आदि जगहों पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही वीवीआईपी ड्यूटी के दौरान निर्धारित समय से पहले अपने ड्यूटी स्थल पर पहुंचने और सभी अधिकारी, कर्मचारियों को सजग व सतर्क रहकर अपना कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया।

पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने उपस्थित जिला पुलिस एवं अन्य जिलों से पहुंचे पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कार्यक्रम में आए आमलोगों की सुविधा का ध्यान रखने एवं उनसे अच्छा व्यवहार करने की बात कही। ब्रीफिंग के दौरान माननीय मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दृष्टिगत किए गए सुरक्षा-प्रबंधों एवं बेहतर सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। ब्रीफिंग के दौरान पुलिस बल को ड्यूटी के प्रति संवेदनशीलता बरतने और वीआईपी सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए निर्देशित किया गया।

इस दौरान उप समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी मो0 परवेज, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार एवं पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## नाबालिग को भगाने का आरोपी गिरफ्तार



**भंडरा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भंडरा थाना काण्ड संख्या 59/2023 के प्राथमिकी अभियुक्त मंटू साहू उम्र करीब 23 वर्ष पिता ललित साहू ग्राम चेगरी, थाना पूसो, जिला गुमला को भंडरा पुलिस द्वारा ग्राम भौरों की एक नाबालिक लड़की को भगाने के आरोपी पुणे महाराष्ट्र से गिरफ़्तार कर न्यायिक हिरासत लोहरदगा में भेजा गया। लड़की को सकुशल बरामद कर उसके परिजन को सौंपा गया। इस संबंध में भंडारा थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि नाबालिग युवती के परिजनों के द्वारा भंडरा थाना में मंटू साहू पिता ललित साहू के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया था। मंटू साहू के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# सड़क दुर्घटना में तीन घायल युवकों में एक युवक की मौत



आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा केरा झरिया नदी के समीप मोड़ में सोमवार देर रात ट्रक के चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार तीन युवक गम्भीर रूप से घायल हो गये थे। जिसे स्थानीय ग्रामीणों के मदद से 108 एम्बुलेंस के माध्यम से सदर अस्पताल लोहरदगा पहुंचाया गया। जिसमें दो की स्थिति चिंताजनक बना हुआ था। जिसका प्राथमिक उपचार के उपरांत बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया। परंतु घायल विकास उरांव पिता चरवा उराँव गुमला जिला के टोटो ग्राम निवासी की मौत हो गई। इस संदर्भ में परिजनों का कहना है कि सदर अस्पताल में कार्यरत कर्मियों के लापरवाही के कारण मौत हुआ है। जबकि अर्जुन उरांव का रांची रिम्स में इलाज चल रहा है और गणेश उरांव सदर अस्पताल लोहरदगा में इलाजरत है। तीनो घायल की पहचान अलग अलग गांव निवासी के रूप में किया गया। बसुआ अम्बाटोली निवासी बंडा उरांव का 20 वर्षीय पुत्र गणेश उरांव नवाडीह निवासी 26 वर्षीय अर्जुन उरांव तथा टोटो निवासी विकास उरांव के रूप में किया गया जिसे चिकित्सकों द्वारा विकास उराँव को मृत घोषित किया गया।

# राज्यस्तरीय कार्यक्रम में भाग लेंगे लाभुक



**चार वर्ष पूरे होने पर किया जा रहा कार्यक्रम का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** राज्य सरकार के चतुर्थ वर्षगांठ पर मोरहाबादी, रांची में दिनांक 29.12.2023 को होनेवाले राज्यस्तरीय कार्यक्रम में लोहरदगा जिला से लाभुकों को भेजे जाने संबंधी आवश्यक बैठक उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में लोहरदगा जिला से राज्यस्तरीय कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं यथा; सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, साईकिल वितरण योजना, धोती/ लुंगी-साड़ी वितरण योजना, अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, हरा राशन कार्ड समेत अन्य योजनाओं को भेजे जाने हेतु विचार-विमर्श किया गया। साथ ही, इसमें कर्मियों की प्रतिनियुक्ति, मॉनिटरिंग, वाहन की व्यवस्था आदि बिंदुओं पर भी चर्चा की गई । बैठक में डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता सौरभ प्रसाद, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, भू-अर्जन पदाधिकारी जय ज्योति सामंता, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, नजारत उप समाहर्ता समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

# 14 सूत्री मांगों को लेकर महुआडांड़ डीलर संघ अनिश्चितकालीन हड़ताल करेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुआडांड ।** फेयर प्राईश शॉप डीलर्स ऐसोसियेशन झारखंड राज्य के बैनर तले अपनी 14 सूत्री मांगो को लेकर आगामी 1 जनवरी 2024 से महुआडांड डीलर संघ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जायेगी। बैठक कर इसकी जानकारी देते हुए महुआडांड डीलर संघ के अध्यक्ष रामदत्त प्रसाद ने बताया कि अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की लिखित सूचना डीलर संघ के द्वारा लातेहार जिला आपूर्ति पदाधिकारी,



महुआडांड अनुमंडल पदाधिकारी, बीडीओ एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को दे दिया गया है। डीलर संघ के अध्यक्ष रामदत्त प्रसाद ने बताया कि जब तक हम सभी जनवितरण प्रणाली का बकाया कमीशन, मानदेय, अनुकम्पा आदि मांगो को लेकर हम सभी डीलर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिये हैं। हम कब तक आश्वासन पर जिंदा रहेंगे। इसी कारण हम डीलर संघ अपनी 14 सूत्री मांगो को लेकर आगामी 1 जनवरी 2024 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिये हैं।

बैठक में डीलर संघ के अध्यक्ष रामदत्त प्रसाद, मंगल सोनी, सुचीत प्रसाद, बद्रीनाथ प्रसाद, अशोक कुमार, किशोरी प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, सुरेन्द्र प्रसाद, शेरू खान, रोहित कुमार, आनंद प्रसाद, रामप्रवेश गुप्ता, बसंत प्रसाद, प्रितीश कुमार, अनिल कुमार प्रसाद, रौशन बेगम, राहुल कुमार, कामेश्वर प्रसाद आदि समेत लगभग सभी राशन दूकानदार एवं स्वयं सहायता समूह के सदस्य मौजूद थे।

## वीर बाल बलिदान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में वीर बालक बलिदानी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती, भारत माता एवं फतेह सिंह, जोरावर सिंह के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने कहा देश और धर्म की रक्षा के लिए गुरु गोविंद सिंह के वीर पुत्र फतेह सिंह एवं जोरावर सिंह आज के दिन ही शहीद हुए थे। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। हमें जयचंद नहीं पृथ्वीराज चौहान की तरह देशभक्त बनना चाहिए। गुरु गोविंद सिंह के दो पुत्र देश के लिए मुगलों से कड़ी टक्कर लेते युद्ध भूमि में शहीद हुए थे तथा फतेह सिंह और जोरावर सिंह को जिंदा दीवार में चुनवा दिया गया था। आचार्य नंदकिशोर साहू ने कहा कि हमें गुरु गोविंद सिंह के इन पुत्रों पर गर्व है । हमें वीरता साहस के साथ धर्म एवं राष्ट्र रक्षा का व्रत लेना चाहिए। विद्यालय के आचार्य त्रिलोचन साहू ने कहा की बंगाल के सिल्ली के पास एक टिशू नामक महिला थी, जो मुगलो से अपने सतीत्व की रक्षा करने के लिए जल समाधि ले ली थी । जिसके नाम पर आज उसे क्षेत्र में टुसू पर्व मनाया जाता है। कार्यक्रम में सभी आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित थे।

## वीर बाल दिवस पर भाषण प्रतियोगिता में किरण प्रथम, कनक द्वितीय



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में वीर बाल दिवस मनाया गयो महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी के दिशा निर्देशन में कार्यक्रम का शुभारंभ साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह के चित्र पर पुष्पार्चन कर किया गयो इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के बीच वीर बाल दिवस पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में किरण कुमारी, कनक दीप व पलक कुमारी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। अभय कुमार साहू, नितेश उरांव, आकांक्षा पांडे, ज्योति प्रिया कुजूर, सचिन उरांव, अमर उरांव, अनिमा कुमारी आदि की सहभागिता भी काफी सराहनीय रही सभी विजेता प्रतिभागियों को गणित की आचार्या रश्मि साहू के द्वारा प्रमाण पत्र व पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संचालन प्रीति कुमारी गुप्ता एवं निर्णायक की भूमिका ऋद्धि मिश्रा ने निभाई। उन्होंने कहा कि साहिबजादा फतेह सिंह और साहिबजादा जोरावर सिंह, देश और धर्म की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिए। लेकिन इन्होंने मुगलों के समक्ष घुटने नहीं टेंका। मुगलो ने इन्हें जिंदा दीवार में चुनवा दिया। इतिहास में सबसे कम उम्र के वीर बलिदानियों में इनका नाम दर्ज हो गया। कार्यक्रम में 11वीं के छात्र - छात्राएं और शिक्षक शिक्षिका शामिल थी।

## साहिबजादा वीरों का अतुलनीय बलिदान सदा याद रहेगा : प्राधानाचार्य



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में धूमधाम से वीर बाल दिवस मनाया गया। वही कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम गुरुगोविंद सिंह के साहेबजादा वीर पुत्र जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह के चित्र पर विद्यालय के कोषाध्यक्ष केदारनाथ साहू एवं प्राधानाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी द्वारा संयुक्त रूप से पुष्पार्चन एवं माल्यार्पण श्रद्धांजलि अर्पण कर कार्यक्रम पररम्भ किया गया। प्रधानाचार्य ने भैया बहनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि साहबजादा विरो का अतुलनीय बलिदान सदा याद रहेगा। किसी भी राष्ट्र की पहचान उसके सिद्धांतो मूल्यों और आदर्शों से होती है। वही बताया कि गुरु गोबिन्द सिंह जी के दोनो बाल वीर साहबजादे पुत्र जोरावर सिंह और फतेह सिंह को अल्प आयु में धर्म परिवर्तन नही करने के कारण जिन्दा दीवार में चुनवा दिया गया था। वही कोषाध्यक्ष केदार साहू ने भी छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सिक्खों के गुरु गोबिंद सिंह के दोनों वीर पुत्रो ने अपने धर्म और अपने साहस और हिम्मत के साथ अपने धर्म के प्रति निष्ठा दिखाते हुए बहुत ही कम उम्र में बलिदान दे दिये । वीर बाल दिवस के अवसर पर विद्यालय में क्विज प्रतियोगिया का आयोजन किया गया। जिसमें विवेकानन्द ग्रुप के भैया बहन विजेता हुये, तथा विद्यालय की छात्रा अंशु कुमारी द्वारा वीर बलिदानी बालकों का मार्मिक बलिदान की कहानी बताया गया। मौके पर डॉली कविता, प्रतिभा देवी, राजकिशोर उराँव, जय प्रकाश सिंह, चाँदनी कुमारी, प्रेमशीला उराँव, संध्या कुमारी, मीना देवी, मालती कुमारी सहित सभी अचार्य आचार्या एवं भैया बहन उपस्थिति थे।

## एसजीएफआइ ओलंपिक में हिस्सा लेने महाराष्ट्र पहुंची लोहरदगा की छात्रा

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की कक्षा 11वीं की छात्रा अल्पना शैली उरांव एसजीएफआइ ओलंपिक में भाग लेने के लिए महाराष्ट्र के चंद्रपुर पहुंच गयी है। संरक्षक आचार्या यशोदा कुमारी के साथ अल्पना 24 दिसंबर को रवाना हुई थी। स्कूल ओलंपिक अंदर-19 में भाला फेंक प्रतियोगिता में पूरे भारत से अपने वर्ग में विद्या भारती का प्रतिनिधित्व कर रही है। चंद्रपुर में स्कूल ओलंपिक 27 से 30 दिसंबर तक आयोजित है। विद्यालय परिवार ने अल्पना की सफलता के लिए शुभकामना दी। बताते चलें कि विद्या भारती की अखिल भारतीय प्रतियोगिता में अल्पना ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर एसजीएफआइ की पात्रता हासिल की थी।

## कारगिल शहीद विश्राम टाना भगत की पुण्य तिथि मनायी गयी

**कैरो/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कैरो कारगिल शहीद विश्राम टाना भगत की पुण्यतिथि पर कैरो प्रखण्ड के एड़ादोन स्थित शहीद स्मारक एवं कूडु प्रखंड के टाटी स्थित शहीद की प्रतिमा पर 26 दिसंबर को शहीद परिवार के लोगों ने शहीद स्मारक एवं उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। भारत पाकिस्तान के बीच हुए 2001 के कारगिल युद्ध मे कैरो थाना क्षेत्र के एडादोन गांव निवासी बिहार रेजिमेंट के एचक्यू यूनिट में तैनात हवलदार विश्राम टाना भगत दुश्मनों से लड़ते-लड़ते अपनी प्राण निक्षावर कर दिये थे। मंगलवार को उनका पुण्य तिथि पर परिवार सहित पंचायत के मुखिया एवं गण्यमान्य व्यक्तियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण किया। मौके पर सोमो टाना भगत,तारामणि टाना भगत,खुशबू टाना भगत,आजसू नेत्री नीरू शांति भगत,सढ़ाबे मुखिया सुमित्रा उरांव, पंचायत समिति सदस्य सीमा उरांव, उपमुखिया जगबन्धन भगत, झुलाला टाना भगत,देवा उरांव एवं प्रखंड के गण्यमान सहित क्षेत्र के काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित



**चैनपुर (आजाद सिपाही) ।** चैनपुर प्रखंड के बमदा पंचायत में मंगलवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शिविर में अबुवा आवास, मनरेगा राजस्व विभाग, कृषि एवम पशुपलन सर्वजन पेंशन योजना, स्वस्थ विभाग, कल्याण विभाग, उद्योग विभाग, श्रम विभाग, समेत अन्य सभी विभागो के द्वारा लगाए गए स्टॉल लगाया गया था। जहां अबुआ आवास एवं कई आवेदन मिले। मौके पर चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी डा. शिशिर कुमार सिंह ने के द्वारा ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा की गरीब आवास विहीन परिवार अबुआ आवास का लाभ ले सकते है, इसके लिए आप आवेदन दे। सरकार द्वारा कार्यक्रम में चलाये जा रहे कल्याणकारी योजना से अपना जीविका को बढ़ाने के लिए केसीसी, मुख्यमंत्री सृजन योजना, मनरेगा बिरसा सिचाई कूप, पशुधन योजना एवम अन्य योजना का लाभ ले सकते है साथ ही परिसंपतियो का वितरण किया गया। कार्यक्रम मे जिप सदस्य मेरी लकड़ा, कुरुमगढ़ थाना प्रभारी आवास समन्वय कमलेश बारला, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी कांति कुमारी,राजेंद्र तिर्की ,कल्याण पदाधिकारी हुलेस प्रसाद, उद्योग विभाग, समन्वयक बिमला कुमारी, श्रम विभाग सरस्वती देवी , पंचायत सचिव महताब आलम, पंचायत मुखिया सदस्य समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## मदरसा की मशवेराती बैठक का हुआ आयोजन



**सिसई (आजाद सिपाही)।** मदरसा फैजुर्रशीद सिसई मे मंगलवार को मदरसा के मशावेराती बैठक का अयोजन किया गया। बैठक में प्रखंड के सभी गांव के सदर, सचिव उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता हाजी मुमताज व संचालन ज्याउल्लाह कासमी ने की। बैठक का उद्देश्य यहां की अपनाई जाने वाली गतिविधियां व शैक्षणिक व्यवस्था को व्यक्त करना था। इस बैठक में सचिव जनाब हाजी मोबीनुद्दीन के द्वारा ऑडिट रिपोर्ट की जानकारी दी गई। बैठक में मुख्य रूप से सदर हाजी सलमान अली, सचिव समसामुल हक, प्रवक्ता महमूद आलम पूर्व अध्यक्ष अहमद खान, सचिव फैयाज अंसारी, जुल्फान अंसारी, मुबारक अंसारी,मुंतजिर अंसारी सहित सैकड़ों की संख्या लोग मौजूद थे।

## जंगली हाथी के आने से ग्रामीणों में दहशत



**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के लुंगटु पंचायत में एक जंगली हाथी ने आने से स्थानीय ग्रामीण दहशत में है। प्राप्त जानकारी अनुसार लुंगटु पंडराटोली आबादी क्षेत्र में सुबह लगभग दस बजे अचानक एक जंगली हाथी आ गया जिसे देखते ही लोग दहशत में आ गये उंसके उपरांत गांव के कल्याण टोपनो, अरविंद कोंगाडी, जान कोंगाड़ी,विनीत टोपनो समेत अनेक युवाओं ने हाथी को पास के ही जंगल की ओर खदेड़ दिया ।मालूम हो कि लुंगटु क्षेत्र हाथी प्रभावित क्षेत्र है और इस क्षेत्र में अनेकों बार जंगली हाथी आते रहते है।

## दिल्ली में आयोजित मजदूर संघ के सेमिनार में जुम्मन खान हुए शामिल




**गुमला (आजाद सिपाही)।** दिल्ली में आयोजित सीएफटीयूआई के सेमिनार में झारखंड प्रदेश के सचिव जुम्मन खान ने राज्य का प्रतिनिधित्व किया। राज्य के मजदूरों, किसानों, असहायों, गरीबों के हित को लेकर प्रदेश सचिव जुम्मन खान ने इस बैठक में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होने झारखंड प्रदेश में हो रहे मजदूरों की समस्याओं को सेमिनार में खुल कर रखा। झारखंड सहित गुमला जिले के मजदूरों के हक अधिकार को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष एन कनिका राव एवं राष्ट्रीय महासचिव नीरज चौबे सहित सीएफटीयूआई.के विश्व स्तर के नेताओं को इन बुनियादी समस्यायों की जानकारी दी गई। झारखंड प्रदेश के मजदूरों, किसानों सहित अन्य हर एक तरह के मजदुर वर्ग को उनके भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए योजना पर चर्चा हुई ।जिस पर मजदूर संघ सीएफटीयूआई. के अंतराष्ट्रीय स्तर के नेताओं को विशेष रूप से झारखंड प्रदेश को ध्यान देने का आश्वासन राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा है ।साथ ही 2024 में गुमला जिला में मजदूर संघ की एक बैठक करने का निर्णय लिया गया है। जिसमे मजदुरों को उनके हक अधिकार के प्रति जागरूक किए जाने की योजना है। राज्य सरकार, केंद्र सरकार से मिलने वाले मजदुरों के लाभ की जानकारी दी जाएगी। प्रदेश सचिव जुम्मन खान ने गुमला जिला सहित पूरे झारखंड प्रदेश के मजदूरों की समस्या को दूर करने के लिए हर तरह का जागरुक अभियान चलाने की बात कही है।

### आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सिसई विधायक जिग्गा सुसारन ने कहा

# जंगलों तक में रहनेवालों को पेंशन दे रही हेमंत सरकार

आजाद सिपाही संवाददाता




**बसिया।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में झारखंड सरकार के निदेर्शानुसार आपकी योजना आपके सरकार आपके द्वार के तहत प्रखंड स्तरीय का आयोजन मंगलवार को किया गया। इस शिविर में बतौर मुख्य अथिति सिसई विधायक जिग्गा सुसारन होरो कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा पहले गांव के भोले भाले गरीब लोगों से पेंशन, मनरेगा कुआ आवास समेत ओर अन्य सरकारी योजना दिलाने के नाम पर बिचौलिया लोग ठगने का काम करते थे। मनरेगा कुआं देने के एवज में पंद्रह पंद्रह हजार तक की वसूली की जाती है। लेकिन हमारे हेमंत सरकार के द्वारा गांव गांव में जाकर लोगो को समस्याओं का समाधान करते हुए उन्हें पेंशन, अबुआ आवास, मनरेगा, छात्रों को सायकल, सावित्री बाई फुले जैसे योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। हेमंत सरकार ओल्ड पेंशन को लागू किया है। उन्होंने उपस्थित लोगों को कहा कि सरकार गांव गांव के बारे में सोचती है। जंगलों तक मे रहने वालों को पेंशन मिल रहा है। वनपट्टा मिल रहा है। आप लोगो के मालगुजारी से सरकार आपको सुविधा प्रदान दे रही है। उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों को कहा कि जब भी कोई काम कराने आये तो उन्हें पूरा मान सम्मान दें।

**विधायक ने बिजली विभाग के जीएम ओर जेई को लगाई फटकार:** विधायक जिग्गा सुसारन होरो द्वारा बिजली विभाग के जीएम और जेई को लोगो को बेवजह परेशान करने, लोगो पर अनावश्यक फाइन लगाने , मीटर रीडिंग नही करने और जनता दरबार मे किसी सक्षम पदाधिकारी के नही आने पर जमकर फटकार लगायी। विधायक ने जीएम को फटकार लगाते हुए कहा कि उनके विधानसभा में बिजली संबंधी सभी समस्याओं का तुरंत निराकरण होना चाहिए। आज विधायक से लेकर मुख्यमंत्री, बडे अफसर जनता दरबार मे आ रहे है तो आखिर बिजली विभाग के लोग एक मिस्त्री को कैसे भेज रहे है। उन्होंने जीएम को तुरंत सुधार करने की बात कही।

कार्यक्रम संचालन एई दिवाकर केसरी द्वारा किया गया। इस मौके पर एसडीओ जयवंती देवगम, एलआरडीसी शेखर कुमार, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सुकरात उरांव, कॉग्रेस जिला अध्यक्ष चैतू उरांव, बीडीओ सुप्रिया भगत, सीओ नरेश कुमार मुंडा, प्रखंड प्रमुख जगरानी तिग्गा, उमेश नाग, लुकमान खान, निकोलस मुंडा, मुखिया गुलशन टेटे, समेत विभागीय पदाधिकारी,कर्मचारी एवं सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## बाइक ने साइकिल सवार को मारी टक्कर, दो घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला ।** घाघरा थाना क्षेत्र अंतर्गत पुटो ससंग टोली के समीप बाइक सवार खंभा निवासी 16 वर्षीय रमिल उरांव पिता बरगी उरांव ने बाइक में सवार पुटो ससंग टोली निवासी 35 वर्षीय लछु मुंडा को टक्कर मार दिया। घटना में लछु मुंडा व उसके दो नाती घायल हो गए हालांकि दोनों बच्चे को हल्की चोट लगी। जबकि लछु मुंडा का एक पैर टूट गया। वहीं रामिल उरांव के सिर व चेहरा सहित शरीर के कई हिस्से में गंभीर चोट लगी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक एक बाइक में चार लोग सवार होकर घाघरा बाजार से अपने गांव खंभा जा रहे थे। वहीं लछु मुंडा अपने दो छोटे-छोटे नातियों को साइकिल में बैठा कर घर जा रहा था। तभी बाइक चालक ने पीछे से टक्कर मार दिया। बाइक में सवार 3 अन्य लड़कों को चोट नहीं लगी।वहीं घटना स्थल से दो लड़के भाग गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को उप स्वास्थ्य केंद्र घाघरा ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को गुमला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं लछु मुंडा का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है जबकि रामिल उरांव को सिर ,चेहरा में गंभीर चोट लगने के कारण उसे होश नहीं आया इसके बाद डॉक्टर ने उसे रिम्स रांची रेफर कर दिया। लेकिन काफी रात होने के कारण परिजन उसे शहर के एक निजी अस्पताल में ले गए। मंगलवार की सुबह तक उसे होश नहीं आया है।

# गुमला मंडल कारा में अधिकारियों ने किया औचक निरीक्षण

### कैदियों की सुरक्षा व सुविधाओं को लेकर दिए गए कई निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** पुलिस अधीक्षक गुमला हरविंदर सिंह के नेतृत्व में प्रशासनिक पदाधिकारियों के द्वारा मंगलवार को गुमला मंडल कारा का औचक निरीक्षण किया गया। इस मौके पर एसपी सहित डीएसपी हेडक्वार्टर , मेजर सार्जेंट उप विकास पदाधिकारी सदर एसडीओ एवं पुलिस कर्मियों की उपस्थिति में टीम बनाई गई और कैदियों के लिए बनाये गये विभिन्न वार्डो की जांच की गई। गुमला एसपी हरविंदर सिंह एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों ने मंडल कारा के अंदर एवं मंडल कारा में कैदियों से मिलने आने वाले परिजनों को मंडल कारा में दी जाने वाली सुविधाओ का निरीक्षण किया। साथ ही मंडल कारा परिसर के लिए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जानकारी हासिल की। इस अवसर पर अधिकारियों ने मंडल कारा में कार्यरत कर्मियों को कई आवश्यक निर्देश दिए। माना जा रहा है कि धनबाद जेल के अंदर हुई कैदी की हत्या वाली घटना को लेकर मंडल कारा में गहनता से जांच की गई है। इसी के निमित मंडल कारा में जिला के आला अधिकारियों एवं पदाधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण किया गया है। जेल में बंद अपराधकर्मी एवं अन्य मामलों में बंद कैदियों को लेकर भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर यह औचक निरीक्षण किया गया है। हालांकि इस निरीक्षण के कारणों पर कोई आधिकारिक सूचना या बयान नही दिया गया है।

# धान अगलगी मामले को लेकर किसान सभा ने किया पंडरिया गांव का दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा का सात सदस्यीय टीम ने गरीब किसान बुधरा खड़िया के खलियान में रखे धान के गांज में आग लगाने वाली घटना की तहकीकात करने तथा किसी भी किसान के साथ इस तरह की घटना ना घटे इस बात को लेकर किसान नेताओं ने पंडरिया गांव का दौरा किया। बीते 20 दिसंबर 2023 की रात्रि दबंगों की मिली भगत से बुधरा खड़िया के खलिहान में रखे धान के पर आग लगाकर करीब 45 क्विंटल धान को नष्ट कर दिया गया था। घर के लोग धान में लगी आग न बुझा पाए इसके लिए बुधरा खड़िया के घर को हरवे हथियार के साथ लोग घेर कर रखे हुए थे। पुलिस के गांव आने के बाद घर घेरने वाले भागे तब जाकर बुधरा खड़िया पुलिस के साथ खलिहान गए तब तक सभी धान जलकर राख हो चुका था। किसान नेताओं को पीड़ित किसान बुधरा खड़िया और ग्रामीणों ने बताया कि सूखाग्रस्त के बावजूद किसी प्रकार से लगाया गया खलियान में रखे गए धान को करमा खड़िया वगैरह के द्वारा आग लगाया गया है। किसान नेताओं ने कहा है कि मामले से जिला प्रशासन को अवगत कराया जाएगा और दोषियों पर कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में किसान सभा आंदोलन के लिए की भी तैयारी करेगी। दौरा करने गई टीम में मुख्य रूप से पार्टी के नेता प्रकाश उरांव, आदित्य सिंह, शिवप्रसाद साहू, शंकर उरांव, पुष्पा उरांव, कुसुमा मिंज व मालती देवी शामिल थे। मौके पर बुधरा खड़िया के अलावे गांव के सोमरा खड़िया, घनश्याम साहू, रामविलास साहू, विवेक साहू, बंधन लोहरा, खिरो साहू मोहर साहू, दातीया गोप, अर्जुन खड़िया, कुंदन साहू के अलावे काफी संख्या में गांव के लोग उपस्थित थे।

### खबर का असर

# अधिकारियों ने की कार्य की गुणवत्ता की जांच

आजाद सिपाही संवाददाता

**भरनो।** सड़क निर्माण में अनियमितता की खबर आजाद सिपाही में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद मंगलवार को आरईओ विभाग के सहायक अभियंता ,कनीय अभियंता कार्यस्थल पहुंचे । इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष आशीषनाथ शाहदेव,सांसद प्रतिनिधि रामनंदन शाही, कांग्रेस उपाध्यक्ष मोख्तार आलम, भाजपा नेता हरिशंकर शाही, मुखिया मंजू देवी ,पूर्व पंसस एतवा उरांव भी उपस्थित थे । विभाग के अधिकारियों ने कार्य की गुणवत्ता की जांच की । उन्होंने मुंशी को गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने का निर्देश दिया । अधिकारियों ने सभी जनप्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि सड़क निर्माण में कोताई नही बरती जायेगी । विभाग के लोग इसपर विशेष ध्यान देकर कार्य पूरा कराएंगे । गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने का आश्वासन के बाद सभी जनप्रतिनिधि संतुष्ट हुए । अब बुधवार से काम शुरू होगा ।बता दें कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत आरईओ विभाग से भरनो के गुलेचीटोली से आमलिया, अम्बाटोली तक सड़क निर्माण कराया जा रहा है । इस निमित गुलैचीटोली में पुल निर्माण कार्य कराया जा रहा है ।

# शिविर में अबुआ आवास के 734 आवेदन मिले, 120 वृद्ध के बीच कंबल वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई ।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के तहत प्रखंड के अंतिम पंचायत शिविर पुसो पंचायत मे लगाया गया। शिविर में अबुआ आवास के 734 आवास, 120 वृद्ध असहाय के बीच कंबल वितरण, 200 लोगों को पौधा वितरण, 6 महिला समुहों को सामुहिक रूप से 6 लाख का सीसीएल, 15 छात्राओं को साइकिल के लिए साढ़े चार-चार हजार का चेक, पांच बच्चियों को सावित्रीबाई फुले योजना व 20 आवेदकों को आंन द स्पॉट सर्वजन पेंशन योजना का लाभ सहित विभिन्न विभागों द्वारा परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि विधायक जिग्गा सुसारन होरो ने कहा की राज्य की हेमंत सरकार द्वारा समाज के सभी गरीबों -वंचितों व जरूरतमंदों सरकारी योजनाओं का लाभ व अपनी आवश्यकता के अनुसार सभी विभागों की योजनाओं की जानकारी लेने और इसका भरपूर लाभ उठाने के लिए पंचायत स्तर पर प्रशासन को पहुंचाने जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव ने कहा कि क्षेत्र की ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं की जानकारी के आभाव में परेशान होते है।

मौके पर जिप सदस्य विजय लक्ष्मी कुमारी, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश उरांव, बीडीओ रमेश कुमार यादव,पुसो मुखिया सोमा उरांव, पंसस सुषमा उरांव,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष बैबुल अंसारी सहित कई जनप्रतिनिधि, सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण व विभिन्न विभागों के कर्मी उपस्थित थे।

## तीन वर्षो से अधिक कार्यरत अधिकारियों के तबादले की मांग

**गुमला (आजाद सिपाही)।** निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में तबादलों का दौर शुरू होगा। गुमला में भी कई ऐसे अधिकारी है, जो तीन वर्ष या उससे अधिक समय से जिले में जमे हुए है। इस बाबत कांग्रेस की महिला उपाध्यक्ष हेमावती लकड़ा ने वैसे अधिकारियों का तत्काल तबादला करने का अनुरोध किया है।

कहा है कि ऐसे अधिकारियों की सूची उपायुक्त से मांगी गई है। उम्मीद है कि जल्द ही स्थानांतरण सुनिश्चित किया जाएगा। हेमावती का कहना है कि आईटीडीए निदेशक सहित कई अधिकारी लंबे समय से यहां कार्यरत है। जबकि एसी स्थानांतरण के बाद भी गुमला में बने हुए है। उनका स्थानांतरण सितंबर में ही हो गया है।

## बाइक से गिर कर तीन घायल

**गुमला (आजाद सिपाही) ।** सदर थाना क्षेत्र के बांसडीह मोड में बाइक से अनियंत्रित होकर गिरने से चेटर निवासी 14 वर्षीय कमला कुमारी 16 वर्षीय रेशमी कुमारी और करमटोली निवासी बाइक चालक विकास माझी गिरकर घायल हो गए। घटना में रेशमी कुमारी को पैर में काफी चोट लगी जबकि अन्य दोनों को हल्की चोट लगी है। घटना सोमवार की रात 8:00 बजे की है। घटना के बाद सभी इलाज के लिए अस्पताल आए। बताया जाता है कि तीनों एक ही बाइक से बांसडीह क्रिसमस पर्व मनाने गए थे वहीं वापसी क्रम में बांसडीह मोड में अनियंत्रित होकर गिर गए।

# सरस्वती विद्या मंदिर में मना वीर बाल बलिदानी दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** विद्या भारती योजना के अनुसार देश के स्वाधीनता संग्राम के इतिहास को पुनर्जीवित करने के प्रयास को सरस्वती विद्या मंदिर गुमला में वीर बाल बलिदानी दिवस के रुप में मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा दशम तथा द्वादश के विद्यार्थियों ने गुरु गोविंद सिंह के चारों बेटे फतेह सिंह, जोरावर सिंह, जुझार सिंह तथा अजीत सिंह के बलिदानों को याद करते हुए सभा कक्ष के माहौल को गमगीन बना दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में महेंद्र सिंह, प्रबंधन समिति के सचिव विजय बहादुर सिंह,प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा, पूर्व छात्र राजेश कुमार सिंह, संजीव मालानी, वरिष्ठ आचार्य योगेंद्र कुमार, पूर्व छात्र परिषद के संयोजक आचार्य सुदर्शन शर्मा की गरिमामय उपस्थिति रही। महेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा की वीर बाल दिवस खालसा के चार साहिबजादों के बलिदान को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। अंतिम सिख गुरु गोबिंद सिंह के छोटे बच्चों ने अपने आस्था की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। यह उनकी कहानियों को याद करने का दिन और यह जानने का भी दिन है कि कैसे उनकी निर्मम हत्या की गई- खासकर जोरावर और फतेह सिंह की। सरसा नदी के तट पर एक लड़ाई के दौरान दोनों साहिबजादे को मुगल सेना ने बंदी बना लिया था। इस्लाम धर्म कबूल नहीं करने पर कम उम्र में कथित तौर पर जिंदा दफन कर दिया गया था। प्राचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने आह्वान करते हुए भैया बहनों से कहा कि हमें उनके जीवन से राष्ट्र के प्रति बलिदान समर्पण त्याग की भावना ग्रहण करने की प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन कक्षा दशम की बहन रश्मि कुमारी तथा लक्ष्मी कुमारी के द्वारा किया गया। सचिव विजय बहादुर सिंह के धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त आचार्य एवं दीदी जी की उपस्थिति रही।

# अयोध्या से पहुंचे अक्षत और मंदिर के फोटो का किया गया वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल सिसई प्रखंड के द्वारा प्रखंड के ग्राम स्तरीय इकाईयों के बीच अयोध्या से पहुंचे अक्षत और मंदिर के फोटो का वितरण किया गया। इस दौरान कारसेवक गोविंद साहु ने कहा कि लंबे परिश्रम व संघर्ष के पश्चात हिन्दूओं के अराध्य श्री राम जी का भव्य मंदिर बनकर तैयार हुआ है। उन्होंने 6 दिसंबर 1992 के दिन व कारसेवकों के बलिदान को याद करते हुए उस दिन की यादों को सभी से साझा किया। वहीं जिला सह मंत्री मनीष बाबू ने कहा कि अक्षत प्रत्येक सनातनियों के घर तक जाएगी। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल व संघ परिवार के द्वारा महा अभियान के रूप में पूरे भारत में 1 जनवरी से 15 जनवरी तक एक साथ सभी सनातनियों के घर में अक्षत पहुंचाई जाएगी।

मौके पर विश्व हिंदू परिषद प्रखंड सह मंत्री मदन साहु, प्रखंड संयोजक सौरव ताम्रकार बजरंग दल गौ रक्षा प्रमुख किशन सिंह, रामनिवास साहु, अरुण नारायण सिंह, नवीन साहु, गौतम साहु, चंद्रनाथ बड़ाईक, रामनारायण दास, सहित विभिन्न ग्राम -पंचायत के कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

### केंद्र सरकार और सांसद पर जनता से धोखा करने और विकास नहीं करने का लगाया आरोप

# जनता पार्टी नहीं व्यक्ति देखकर प्रत्याशी को चुनें : केएन त्रिपाठी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नीलांबर पितांबरपुर/पलामू।** प्रखंड के मध्य विद्यालय के परिसर में विकास परामर्श यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल झारखंड के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, पांकी के पूर्व विधायक देवेन्द्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह का स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा कि इस परामर्श यात्रा के दौरान पूरे चतरा संसदीय लोकसभा क्षेत्र के 336 पंचायत में से 280 पंचायत का दौरा कर चुका हैं। लेकिन केंद्र द्वारा किसी तरह का कोई विकास का कार्य नजर नहीं आया। यह संसदीय क्षेत्र का क्षेत्रफल 400 किलोमीटर का है और भारत सरकार के 54 मंत्रालय में से किसी भी मंत्रालय की ओर से विकास का एक भी कार्य पूरे संसदीय क्षेत्र में नहीं किया गया है जो निराशाजनक है। कहा कि जनता पानी, सड़क, बेरोजगारी से परेशान है। यहां के लोगों के हक को छीना गया है। उन्हें अधिकार दिलाना और सिंचाई, सहित कारखाना लगाकर यहां के लोगों को रोजगार सृजन करना मेरी पहली प्राथमिकता में होगा। मुझे आप सभी ने चतरा लोकसभा से एक बार मौका दिया तो क्षेत्र का विकास देखने को मिलेगा। वहीं, पूर्व विधायक बिट्टू सिंह ने कहा कि चतरा लोकसभा में जनप्रतिनिधि ने आज तक लोगों से छलावा व लूट ही किया है। यह हम सभी के भूल का नतीजा है। कहा कि बाहर से आए हुए सांसद ने जीतने के बाद क्षेत्र में मुंह दिखाने के लिए भी नहीं आए। यहां तक कि बहुत लोग उन्हें पहचानते भी नहीं है। उन्होंने लोगों से अपील की कि केएन त्रिपाठी जैसा कर्मठ योग्य कुशल नेता को चतरा लोकसभा से जीताया जाय। त्रिपाठी जी के आने के बाद हमारा विकास होगा। हमारे सभी कार्यकर्ता, नौजवान साथी नेतागण आपके साथ है।

इस मौके पर विकास परामर्श यात्रा में बीस सूत्री अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र शुक्ला, डॉ कृष्णकांत दूबे, तारकेश्वर पासवान, विवेकानंद त्रिपाठी, जोगेंद्र पासवान, मनदीप तिवारी, धनंजय त्रिपाठी सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।




पत्रकारों से बातें करते राज्य के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी व अन्य।

## सरकार से हरसंभव दी जायेगी सहायता: सांसद

**किडनी रोग से पीड़ित युवक के परिजन पलामू सांसद से मिले, सहायता की लगाई गुहार**
**- गुड़गांव के वेदांता अस्पताल में मौत से जूझ रहा युवक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र के हैदरनगर प्रखंड अंतर्गत कबरा खुर्द गांव का 23 वर्षीय युवक एहसान अख्तर विगत दो महीने से किडनी प्रत्यारोपण के लिए गुड़गांव के वेदांता अस्पताल में भर्ती है। उसके इलाज में करीब 15 लाख रुपए का खर्च आ रहा है। एहसान अख्तर एक गरीब परिवार से हैं। इतना खर्च उठा पाना उसके परिजनों के लिए संभव नहीं है। एहसान के परिजन हैदरनगर के सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह से मिलकर वस्तु स्थिति की जानकारी दी। जिस पर सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह ने मंगलवार को सांसद विष्णु दयाल राम से उनके मेदिनीनगर स्थित आवास पर पीड़ित परिवारों से मिलाया। पीड़ित एहसान अख्तर के भाई फरहान अख्तर ने सांसद विष्णुदायल राम से अपनी फरियाद सुनाई। सांसद ने फरहान को सभी कागजात उपलब्ध कर मिलने की बात कही। कहा कि एहसान अख्तर के किडनी का प्रत्यारोपण पैसे की वजह नहीं रुकेगा। भरोसा दिलाया कि केंद्र सरकार से पूरी सहायता दिलाने की कोशिश करेंगें। सांसद के आश्वाशन से पीड़ित परिवार ने राहत की सांस ली है। एहसान अख्तर के भाई फरहान अख्तर ने कहा कि सांसद जी के व्यवहार से पूरा परिवार प्रभावित है। कहा कि पलामू जैसे पिछड़े इलाके को विष्णुदयाल राम जैसे नेता की जरूरत है। उन्होंने सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह का भी आभार व्यक्त किया है। सांसद से मिलने वालों में सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह, आफताब अहमद, फैसल नेजामी आदि शामिल थे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

### सरकार आपके द्वार में उमड़ी लोगों की भीड़



**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** सतबरवा प्रखंड में मंगलवार को सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के तरह अंतिम शिविर बकोरिया पंचायत सचिवालय परिसर में लगाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ शामिल हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद सुधा कुमारी, सतबरवा बीडीओ, विधायक प्रतिनिधि प्रमोद यादव, मुखिया संतोष उरांव, धावाडीह मुखिया रिंकी यादव ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान सबसे ज्यादा भीड़ अबुआ आवास के स्टाल पर दिखी। अबुआ आवास के लिए 640, मनरेगा सिंचाई कूप के लिए 3, भूमि म्यूटेशन लिए 30, आयुष्मान कार्ड के लिए 23 आवेदन प्राप्त हुए। वहीं, जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा योजना का प्रचार के 15वें वित निर्माण योजना के लिए 3, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के लिए 18, गुरुजी क्रेडिट कार्ड में 3, सर्वजन पेंशन योजना के लिए 65, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के लिए 30 औरजनजाति कल्याण योजना के लिए 10 आवेदन जमा हुए। इसके अलावा 831 मामलों का निष्पादन मौके पर ही कर दिया गया। लगे हाथ 300 लूंगी साड़ी और कंबल का वितरण भी किया गया। मौके पर एमओ अरविंद कुमार, जमुना पांडा, ब्रह्मदेव रजक, पिंटू अंसारी, रवि प्रसाद आदि उपस्थित थे।

### शैक्षणिक टूर पर गये ज्ञान निकेतन के बच्चे, उठाया पिकनिक का आनंद

**विश्रामपुर/पलामू (आजद सिपाही)।** उमेश सिंह एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित रेहला के ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल के बच्चों ने क्रिसमस-डे पर शैक्षणिक टूर पर गये। जहां छात्र-छात्राओं ने पिकनिक का लुफ्त उठाया। स्कूल प्रबंधन द्वारा छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक टूर पर बेलचम्पा एसआईएस पार्क का भ्रमण कराया गया। बच्चों को कोयल नदी तट पर स्थित पिकनिक स्पॉट पर ले जाया गया। जहां बच्चों ने लुफ्त उठाया। शैक्षणिक टूर के दौरान ग्रीटिंग, मेकिंग व क्रिसमस ट्री बनाओ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें कई बच्चों ने भाग लिया। विजयी प्रतिभागियों को मेडल देकर पुरस्कृत भी किया गया। स्कूल के निदेशक अमित कुमार सिंह उर्फ बाबुल सिंह ने बच्चों को वन, पहाड़ो व नदियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वहीं, प्राचार्य मनीष कुमार पांडेय ने बच्चों को मानव जीवन में पौधों व नदियों के उपयोगिता के बारे में बताया। इस मौके पर स्कूल के कई शिक्षक-शिक्षिका व छात्र-छात्राएं मौजूद थीं।

## कार्डधारियों ने डीलर पर लगाया अंगूठा लगवा कर राशन नहीं देने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



**उंटारी रोड/पलामू।** प्रखंड अंतर्गत डेवडर के पीडीएस डीलर गंगा मिलन स्वयं सहायता समूह अनुज्ञप्ति संख्या 03/2017 के अध्यक्ष, सचिव पर कार्डधारियों ने दिसंबर महीने के राशन गबन का आरोप लगाते हुए मंगलवार को प्रदर्शन किया। पीडीएस दुकान के समक्ष खड़े होकर कार्डधारियों ने बताया कि डीलर ने ईपॉश मशीन में अंगूठा लगवा लिया और राशन भी नहीं दिया है। राशन मांगने पर बोला गया कि अभी राशन नहीं मिला है बाद में देंगे। लाभुक नारायण यादव, मंजू देवी, मीना देवी, मानो देवी, लालती देवी, रुबी देवी, राजमानिया देवी, उर्मिला देवी, सबिता देवी, पूनम देवी, रिंकू देवी, पुनीता देवी, गीता देवी, प्रेमशिला देवी, कोशिला देवी, कोशीला देवी, मालती देवी, सुनीता देवी आदि कई कार्डधारियों ने बताया कि पीडीएस दुकान समूह के डीलर मनमाने तरीके से राशन का वितरण करते है। नियमित राशन नहीं दिया जाता है। विरोध करने पर अध्यक्ष अभद्रता करती है। कहती हैं कि वीडियो बनाने व लिखने से कुछ नहीं होने वाला है। इस बाबत प्रत्रकार जानकारी के लिए संबंधित डीलर के दुकान पर जब गए तो समूह का कोई सदस्य वहां मौजूद नहीं था। दुकान बंद था। लाभुक राशन को लेकर हंगामा कर रहे थे। अध्यक्ष मैमून बीवी से बात करने पर उन्होंने बताया कि दिसंबर महीने का अंगूठा लगवा कर राशन वितरण नहीं किए हैं। दो-चार दिन में राशन सभी कार्डधारियों को दे देंगे। इस संबंध में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी संजय कुमार से बात करने पर उन्होंने बताया की जांचोपरांत आरोप सही पाए जाने पर कारवाई की जाएगी।

## सुतत्व ऋजु ने बनाया साइकलिंग का नेशनल रिकॉर्ड

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवधर में अपनी साइकल से पहुंच कर सुतत्व ऋजु ने 2000 किलोमीटर के विशाल लक्ष्य को पूरा कर गंगोत्री से लाए गंगा जल को देवघर शिव मंदिर में चढ़ा कर पूरे विश्व को प्रेम और शांति का संदेश दिया। इसके साथ ही उन्होंने सबसे कम उम्र में सबसे लंबी साइकल यात्रा करने का नेशनल रिकॉर्ड भी बना दिया। रांची के एएसटीवीएस प्लस-2 जिला स्कूल की कक्षा सात में पढ़ने वाले पलामू के मूल निवासी सुतत्व ऋजु ने अपनी यह यात्रा 12 दिसंबर को उत्तराखंड के गंगोत्री धाम से शुरू की थी। इस यात्रा में उनके साथ बिहार के औरंगाबाद इंटरनेशनल साइकलिस्ट राकेश कुमार पवन, बिहार के पूर्णिया के विजय कुमार एवं श्रीराम भगवान जी ने साथ-साथ साइकल चलाया जिनके हौसले और मार्गदर्शन में सुतत्व ऋजु ने साइकल को चलाकर 2000 किलोमीटर जैसे विशाल लक्ष्य को सफलतापूर्वक पूरा किया। इस विश्व शांति संदेश यात्रा टीम की संपूर्ण यात्रा कुछ इस प्रकार रही। गंगोत्री से उत्तरकाशी (115 किलोमीटर) उत्तरकाशी से चम्बा (120 किलोमीटर) चम्बा से हरिद्वार (110 किमी) हरिद्वार से मुरादाबाद (180 किमी) मुरादाबाद से शाहजहांपुर (185 किमी) शाहजहांपुर से लखनऊ (155 किमी), लखनऊ से अयोध्या (130 किमी) अयोध्या से कुशीनगर (200 किमी) कुशीनगर से मुजफ्फरपुर (230 किमी) मुजफ्फरपुर से सीमराई (180 किमी), सीमराई से पुर्णिया (135 किमी), पुर्णिया से बांका (150 किमी), बांका से देवघर (70 किमी) एवं देवघर से बासुकीनाथ (40 किमी) यात्रा 2 दिन के मध्य विश्राम के साथ कुल 15 दिन में पूरी की गयी।

### काजीनगर को हराकर सड़ेया पहुंचा कर्नल कप के सेमीफाइनल में



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल के कपूरी मैदान में खेले जा रहे कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में मंगलवार को सड़ेया की भिड़ंत काजीनगर से हुई। दोनों टीमें निर्धारित समय तक 1-1 गोल की बराबरी पर रही। उसके बाद फैसला पेनाल्टी शूटआउट में हुआ। जिसमें सड़ेया ने काजीनगर को 1-0 से हारकर प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में स्थान पक्का कर लिया है। इसके साथ ही इस ग्रुप के दो और टीम विश्वसीया और काजीनगर का सफर इस प्रतियोगिता में समाप्त हो गया है। मैच के पूर्व क्लब के संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह अध्यक्ष माणिक चंद्र सिंह बद्रीनारायण सिंह और जय प्रकाश ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका मनोबल बढ़ाया। बतातें चलें कि लीग मैच के अपेक्षा क्वार्टर फाइनल मुकाबले में हर दिन ग्रामीण क्षेत्रों से भारी संख्या में फुटबॉल प्रेमी मैच देखने आ रहे हैं। इस मौके पर क्लब के राजीव रंजन सिंह उर्फ डबल सिंह, गुड्डू पाल, उदय सिंह अनुज प्रकाश, विकास कुमार, आशीष रंजन सिंह, सुधीर कुमार सिंह, मनोहर सिंह, शुभम सिंह, पियूष पाठक, विंध्याचल सिंह व प्रल्हाद ठाकुर आदि उपस्थित थे। उधर, बुधवार को जपला बनाम लपेया के बीच मैच खेला जाएगा।

### जीएम की पहल पर हुसैनाबाद प्रखंड में 20 घंटे बाद बहाल हुई बिजली सेवा

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जीएम की पहल पर हुसैनाबाद शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति 20 घंटे बाद बहाल हो सकी। जिससे लोगों ने राहत की सांस ली है। बतातें चलें कि हुसैनाबाद शहर के दातानगर के समीप 33 हजार केवीए के रेलवे अंडर पास से गुजरी केबुल तार में सोमवार की देर शाम से अचानक टेक्निकल फॉल्ट होने के कारण शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में ब्लैक आउट हो गई थी। बिजली नहीं रहने से परिक्षार्थियों को पठन पाठन में परेशानी हो गई हैं। बताया जा रहा कि इसकी सूचना मिलते ही विभाग के महाप्रबंधक सह कार्यपालक अभियंता ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एक टेक्निकल टीम को हुसैनाबाद भेजा। जिसने जपला विद्युत विभाग की टीम के साथ मिलकर इसे ठीक करने में लगी हुई थी। कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा इसे ठीक कर दिया गया है। मंगलवार की देर शाम तक बिजली बहाल कर दी गई। बताया जा रहा कि एक सप्ताह पहले भी 18 घंटे से बिजली आपूर्ति बाधित रहने के कारण लोगों को काफी परेशानी हुई थी। इस मौके पर सहायक अभियंता रामप्रसाद महतो, मानव दिवस कर्मी जितेन्द्र ठाकुर, संतोष आदि मौजूद थे।

### मुन्ना हेयर कटिंग एंड जेंट्स ब्यूटी पार्लर का उद्घाटन




**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** शहर के न्यू बस स्टैंड सह यात्री प्रतिक्षालय स्थित मुन्ना हेयर कटिंग एंड जेंट्स ब्यूटी पार्लर का उद्घाटन बसपा के पूर्व प्रदेश सचिव प्रमोद कुमार रवि ने किया। कहा कि इस सैलून के कुशल ट्रेनर से शहरवासियों को उच्चस्तरीय हेयर कटिंग, ग्लोबल कलर, हेयर स्पा व ब्यूटी मेकअप की सुविधा मिलेगी। वहीं, प्रोपराइटर मुन्ना ठाकुर ने कहा कि सैलून में पुरुष व युवकों के लिए ब्राइडल मेकअप की खास व्यवस्था है। साथ ही कैरेटिन, फेशियल, वब्लीच, वैक्सिंग की सुविधा दी जाएगी। मौके पर आलमगीर आलम उर्फ टुडे, शिवप्रसाद ठाकुर, शंभू ठाकुर, विक्रम ठाकुर, राजेश ठाकुर, पप्पू ठाकुर, कामेश्वर पासवान, मो मोबीन, गुलाम पीर, कमलेश साव, पुनीत साव, राजेश शौंडिक, रविंद्र ठाकुर, अरविंद मेहता, मोहम्मद नईम, अभिषेक कुमार, पुरुषोत्तम ठाकुर आदि मौजूद थे।

## हर साधन संपन्न व्यक्ति को जरूरतमंदों की मदद को आगे आना चाहिए: दिनेश

**प्रेरणा परमार्थ आश्रम ने 600 जरूरतमंदों में कंबल वितरण**
**- मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिवर व महाभंडारा का भी आयोजन**

कौशल किशोर



**विश्रामपुर/पलामू (आजद सिपाही)।** आदि गुरु भगवान श्री दत्तात्रेय के जयंती पर प्रयागराज प्रेरणा परमार्थ आश्रम के रेहला शाखा की ओर से 600 जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन रेहला शिवतार ड्रेडर्स परिसर में किया गया था। जिसकी शुरूआत से पहले गुरु दत्तात्रेय, अघोरेश्वर अवधूत भगवान राम, गुरुपद संभव रामजी व किन्नाराम जी महाराज की विशेष पूजा-अर्चना से की गयी। वितरण समारोह का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने किया। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता आश्रम के रेहला शाखा अध्यक्ष रंजीत सिंह व संचालन अमित कुमार सिंह बाबुल ने किया। दिनेश सिंह ने कहा कि प्रेरणा परमार्थ आश्रम के प्रणेता भैय्या जी का स्पष्ट मानना है कि मानव सेवा, देव सेवा के बराबर है। इस लिए आश्रम के सदस्य जरूरतमंदों तक पहुंचकर उनकी सेवा व मदद करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि हर साधन संपन्न व्यक्ति को जरूरतमंदों के मदद के लिए आगे आना चाहिए। वहीं, शिक्षाविद राजेश्वर पांडेय ने कहा कि दुनियां में न देने वाला बड़ा होता है और न ही लेने वाला छोटा होता है। सभी मनुष्य के शरीर में भगवान का वास होता है। रंजित सिंह ने बताया कि आश्रम द्वारा आगामी 28 दिसंबर को लातेहार जिला के महुआडांड़ प्रखंड के तीन गांवों में आदिवासी परिवारों के बीच एक हजार कंबल वितरित किया जायेगा।

कंबल वितरण के दौरान समाज में समानता बनाए रखने के लिए सभी समाज के दर्जनों लोगो को आश्रम की ओर से सम्मनित किया गया। वितरण समारोह स्थल पर भंडारा का भी आयोजन किया गया था। जिसमें सैकड़ो लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। इसके अलावा कार्यक्रम स्थल पर मुफ्त स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया था। शिविर में डॉ विश्वजीत सिंह अपने टीम के साथ मरीजों का स्वास्थ्य जांच किया। जांचोपरांत रोगियों को मुफ्त दवा भी दी गयी। मौके पर सतेंद्र नाथ चौबे, महेंद्र नाथ चौबे, गामा चौबे, ब्रजराज चौबे, एचके सिंह, रंधीर सिंह, राज सिंह, केदार सिंह, डॉ वीपी शुक्ला, डॉ डीपी शुक्ला, अरुण कुमार सिंह, संजय शुक्ला, राजेश चौबे, बबलू चौबे, नागेंद्र प्रसाद पांडेय, संजू सिंह, विनोद सिंह, मृत्युंजय सिंह और ज्वाला गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे।

## स्पोर्ट्स



आफगानिस्तान के खिलाफ 11 जनवरी से शुरु हो रहे टी-20 सीरीज में चोटिल सूर्य कुमार यादव के खेलने की संभावना नहीं के बराबर है। क्योंकि चोट से उबरने की संभावना कम है। बेंगलुरू स्थित नेश्नल क्रिकेट अकादमी में रिहैब कर रहे हैं।

### सफलता : तीन गोल्ड, चार सिल्वर और दो ब्रॉन्ज मेडल किया अपने नाम

# संत मरियम स्कूल के कराटे खिलाड़ियों ने बंगाल में लहराया पलामू का परचम


अपने-अपने मेडल दिखाते खिलाड़ी।

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** बंगाल के आसनसोल में आयोजित नेशनल स्पोर्ट्स फेस्टिवल के कराटे इवेंट में पलामू जिले के बाल कराटे खिलाड़ियों ने फाइट में जोरदार प्रदर्शन करते हुए तीन गोल्ड, चार सिल्वर, दो ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। संत मरियम विद्यालय के आर्यन राज गोल्ड मेडल, आर्यन कुमार सिंह, अंकित कुमार सिंह, आसिफ खान सिल्वर मेडल, आशीष कुमार शर्मा, अंकुश कुमार आदि को ब्रॉन्ज मेडल। वहीं, इंडियन पब्लिक स्कूल कुंदरी के बाल कराटेकार सृष्टि प्रिया, दीपिका कुमारी को गोल्ड मेडल, सृष्टि कुमारी सिल्वर मेडल मिला। यह नेशनल स्पोर्ट्स फेस्टिवल ब्लैक बेल्ट मार्शल आर्ट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में 23-24 दिसंबर को आसनसोल इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया गया था। इस नेशनल स्पोर्ट्स फेस्टिवल में बेस्ट बंगाल के अलावा झारखंड, बिहार, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, असम, महाराष्ट्र, पंजाब, तमिलनाडु, केरल, गुजरात, नागालैंड, जम्मू -कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश राज्यों के मार्शल -आर्टस के खिलाडियों ने हिस्सा लिया। यह टीम मुख्य मार्शल-आर्ट्स प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार के नेतृत्व में वेस्ट- बंगाल गई थी। जबकि टीम मैनेजर सेंसाई संध्या कुमारी एवं विनीत चौधरी को नियुक्त किया गया था। इस उपलब्धि पर प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखण्ड के अध्यक्ष एवं झारखंड माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव कहा कि पलामू में प्रतिभा की कमी नहीं है बस समय-समय पर उसे निखारने के जरूरत हैं जो की अथक प्रयास कर मुख्य मार्शल-आर्ट्स प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार द्वारा किया गया। मैं पलामू के सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनायें देता हुआ। यह कहना चाहूंगा कि जहां इतनी कड़ी ठंड में बड़े लोग बाहर निकालना नहीं चाहते हैं वहां ॅछोटे से बच्चो ने कड़ी ठंड में वेस्ट-बंगाल जाकर फाइट कर अपनी जीत का लोहा मानवा कर वापस लौटकर पलामू जिले का नाम रोशन किया है। आने वाले समय में यह बाल कराटेकार विदेशो में भी जाकर पलामू के साथ झारखंड व भारत का नाम रोशन करेंगे।

## सीएमपीएफ घोटाले को लेकर सीसीएल-सीकेएस के सदस्यों ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

# सीएमपीएफ में हुए घोटाले की हो सीबीआइ जांच: रवींद्र मिश्रा

**सांसद ने दिया यथा संभव सहयोग का आश्वासन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ के सदस्यों ने कोयला कर्मचारियों के सीएमपीएफ में हुए घोटाले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी को मांग पत्र सौपा। यह कार्य सीसीएल सीकेएस के कार्यकारी अध्यक्ष सह संयुक्त सलाहकार संचालन समिति सदस्य रवींद्र कुमार मिश्रा के नेतृत्व में बेरमो कोयलांचल के तीनों क्षेत्र ढोरी, बीएंडके और कथारा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं सम्मलित रूप से किया। इस अवसर पर रवींद्र मिश्रा ने कहा कि ज्ञापन सीसीएल सीकेएस के महामंत्री राजीव रंजन सिंह द्वारा लिखित लेटर पैड पर संगठन की ओर से सासंद को सौंपे हैं। कहा कि कोयला कर्मियों की मेहनत की कमाई 1.5 लाख करोड़ रुपये का भविष्य निधि और पेंशन फंड धनबाद स्थित सीएमपीएफ द्वारा घोटाला किया गया है। इसके लिए भारतीय मजदूर संघ पूर्व में भी 24 मार्च 2022 को पूरे कोल इंडिया स्तर पर संबंधित क्षेत्र के सीएमपीएफ कार्यालय-मुख्यालय पर ज्ञापन दे चुकी है। आज पूरे कोल इंडिया स्तर संबंधित क्षेत्र के सांसदों को संगठन द्वारा मांग पत्र सौंपा जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कोयला कर्मचारियों की मेहनत की कमाई सीएमपीएफ द्वारा दुरुपयोग किया जा रहा है। हमारा संगठन यह कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। संगठन का मानना है कि सीएमपीएफ भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है, तभी वर्ष 2015-18 के दौरान बगैर सोचे समझे दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड में 1,390.25 करोड़ रुपये का निवेश किया गया था। सीएजी ने भी वार्षिक खातों की रिपोर्ट में गंभीर आपत्तियों और टिप्पणियां की है। इसी तरह वर्ष 2011-14 के दौरान इन्फ्रास्टक्चर लीजिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज में 102.43 करोड रुपये और रिलायंस कैपिटल में 150 करोड रुपये का निवेश किया गया था। हालांकि कंपनियों के परिसमापन में जाने से पहले सीएमपीएफ अधिकारियों द्वारा राशि वापस लेने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। जिससे कोयला कर्मचारियों के सीएमपीएफ फंड में काफी नुकसान हुआ है। मांग की कि पूरे मामले की सीबीआइ जांच हो। साथ वसूली भी की जाए। संगठन के सभी मांगों को पारदर्शिता के साथ समाधान किया जाए और पूरी प्रणाली का डिजिटल बनाया जाए। निजी संस्थाओं में निवेश नहीं करें जब तक भारत सरकार गांरटी नहीं दें। मौके पर भारतीय मजदूर संघ बोकारो जिला के जिला मंत्री सन्त सिंह, सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ के संगठन मंत्री रामेश्वर मंडल, उपाध्यक्ष दिलीप कुमार, ढोरी क्षेत्र के क्षेत्रीय सचिव विनय कुमार सिंह, नुनुचंद महतो, हीरालाल रविदास, वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता, राजेश पासवान, सोमनाथ मिश्रा, फुली गोप, ललन मल्लह, बीएंडके क्षेत्र से विनय पाठक, रामनिहोरा सिंह, दिलिप मारीक, कथारा क्षेत्र से आर ईंगिनेश, टिकैत महतो आदि उपस्थित थे।



गिरिडीह के सांसद को मांग पत्र सौंपते सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ के सदस्य।

## झरिया विधायक ने हादसे में मृतक के आश्रित को सौंपा एक लाख का चेक



**झरिया (आजाद सिपाही)।** झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने मंगलवार को पाथरडीह (पांडेय बस्ती) निवासी दिवंगत निरंजन रवानी के आश्रित को अपदा प्रबंधन विभाग से सड़क हादसे के बाद मिलने वाली एक लाख रुपये की राशि का स्वीकृति पत्र सौंपा। इस दौरान विधायक ने कहा कि आपदा प्रबंधन विभाग से सड़क हादसे में मृत व्यक्ति के आश्रित को एक लाख रुपया देने का सरकारी प्रावधान है। जिसके तहत डीबीटी के माध्यम से लाभुक आश्रित को इनके बैंक खाते में राशि का भुगतान किया गया। बता दें कि स्वर्गीय निरंजन रवानी की मौत पिछले दिनों लोको बाजार के समीप सड़क हादसे में हो गई थी। जिसके बाद इस दिन उनकी पत्नी पूजा देवी को उक्त राशि का भुगतान किया गया। मौके पर निवर्तमान वार्ड पार्षद सुमित सुपकर, भगवान दास, मुख्तार खान, किशोर कुमार, कृष्ण रवानी, सतीश रजक सहित कई लोग उपस्थित थे।

## मासूम शाह बाबा का सालाना लंगर कल, कमेटी गठित

**कतरास (आजाद सिपाही)।** कतरास बाजार मस्जिद मुहल्ला स्थित संत फकीर दाता मासूम शाह बाबा का 27 वां सालाना लंगर की तैयारियां जोर शोर से की जा रही है। जिसे लेकर मंगलवार को नियाज अहमद की अध्यक्षता में मासूम शाह बाबा के अनुयायियों की एक बैठक हुई। आयोजकों ने बताया कि पिछले 26वर्षों से लगातार मासूम शाह बाबा का सालाना लंगर का आयोजन किया जा रहा है। 28 दिसंबर को 27 वां लंगर का आयोजन सुबह 11बजे से शाम 4 बजे तक किया गया है। लंगर के सफल आयोजन के लिए एक कमेटी भी बनाई गई है। जिसमें राजू सिंह अध्यक्ष, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता उपाध्यक्ष, सुरेश प्रसाद साहू सचिव, देवेंद्र सिंह सह सचिव, शमी इमान खान कोषाध्यक्ष, धनंजय प्रसाद सह कोषाध्यक्ष, मो सरमत, मो अजमत, सोनू शर्मा, कुंदन साहू, फिरोज खान, शकील, गुलाम रसूल, इब्राहिम, बेबी प्रवीण, रोशनी प्रवीण, दीपक गोप, तारिक अनवर, निमाई गोस्वामी, अफसाना खातून, बेबी प्रवीण और वीरेंद्र आदि है।

## राजनीतिक छवि धूमिल करने का हो रहा प्रयास, करेंगे मानहानि: अजमुल

**अवैध कोयला खनन में नाम जुड़ने पर बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष ने दी सफाई**

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** झामुमो के बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष अजमुल अंसारी ने मंगलवार को महुदा मोड़ में संवाददाता सम्मेलन कर अवैध कोयला खनन में नाम जुड़ने पर अपना पक्ष रखा। कहा कि रविवार को जिला खनन टास्क फोर्स ने महुदा क्षेत्र में अवैध कोयला खनन के खिलाफ छापामारी की थी जिसके बाद किसी अजमूल अंसारी पर एफआइआर दर्ज किया गया है। जबकि स्थानीय एक अखबार द्वारा इस मामले में राज्य के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री के साथ मेरी फोटो प्रकाशित कर मुझे आरोपी बताया गया। जब मैंने इस संबंध में भाटडीह ओपी प्रभारी से फोन पर जानकारी ली तो उन्होंने कहा की झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अजमुल अंसारी के नाम से कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है। एक अजमुल नाम के व्यक्ति हैं, जिसका फिलहाल सत्यापन नहीं हुआ है। प्रकाशित खबर से यह स्पष्ट होता है कि एक राजनितिक षड्यंत्र से प्रेरित होकर सोची-समझी साजिश के तहत मेरी राजनीतिक छवि को धूमिल किया गया हैं। कहा कि अगर प्रशाशनिक तौर पर मेरा नाम सत्यापन नहीं हुआ तो उक्त अखबार पर मानहानि का मुकदमा दर्ज करेंगे। इस संबंध में उन्होंने जिले के वरीय एसपी से शिकायत करने की बात कही है। उधर, इस प्रकरण में भाटडीह ओपी प्रभारी सौरभ चौबे ने फोन पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष के नाम पर मामला अंकित होने से इन्कार किया है। कहा कि एफआइआर में दर्ज अजमूल अंसारी का अभी तक सत्यापन नहीं हुआ है। जांच चल रही हैं।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, हंगामा

**महुदा (आजाद सिपाही)।** महुदा थाना के पेट्रोल पंप समीप मुख्य सड़क मार्ग पर वाहन के टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गयी। युवक महुदा थाना में चौकीदारीन के पद पर कार्यरत अपनी मां यशोदा देवी को ड्यूटी पर छोड़कर वापश अपने गांव भक्तूडीह लौट रहा था। घटना मंगलवार की सुबह 11 बजे घटित हुई। इससे नाराज सैकड़ों ग्रामिणों ने धनबाद-बोकारो मुख्य सड़क तीन घंटों तक जाम कर प्रदर्शन किया। सड़क के दोनो ओंर टायर जलाकर सभी आने-जाने बाले वाहनों को रोक दिया। खबर पाकर विधायक प्रतिनिधि शरद महतो, पदुगोड़ा के मुखिया महेश पटवारी, जिप अध्यक्ष शारदा सिंह और शेखर सिंह आदि घटनास्थल पर पहुंच गए। इस बीच बाघमारा सीओ व बीडीओ सुषमा आनंद भी पहुंच गई। जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों ने अंदोलित ग्रामिणों एवं परिजनों से घंटों वार्ता के बाद सरकारी प्रावधान के अनुकूल दो लाख रुपये, एक अबुआ आवास योजना, मृतक की विधवा को पेंसन सहति बीपील के तहत अतिरिक्त 20 हजार रुपये की मुआवजा राशि देने की घोषणा की। जिसके बाद मामला शांत हुआ।

## भाजपा महानगर कमेटी के नेतृत्व में सद्भावना रैली निकालकर चार साहिबजादों को किया गया नमन

# देश को सभी युवाओं को गुरु गोविंद सिंह के चारों साहिबजादों का इतिहास जानना चाहिए : अपर्णा

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद/चिरकुंडा।** गुरु गोविंद सिंह के चारों साहिबजादों व माता गुजर (गुजरी) कौर की शहादत दिवस को नमन करने के लिए भाजपा महानगर की अगुवाई में मंगलवार को सिख समाज ने सद्भावना रैली निकाली। जिसमें बड़ी संख्या में सिख समाज के लोग शामिल हुए। रैली गुरुनाकपूरा गुरुद्वारा से प्रारंभ होकर मटकुरिया गुरुद्वारा से बैंक मोड़, रांगा टांड होते हुए रणधीर वर्मा चौक से वापस पुनः गुरुद्वारा में पहुंचकर समाप्त हुई। प्रीतपाल सिंह आजमानी कार्यक्रम के संयोजक बनाये गए थे। रैली में नितिन भट्ट, मानस प्रसून सोनी सिंह, जॉली छाबड़ा, मनिन्दर सिंह सोनी, गुरमीत सिंह राजा, राजपाल जिम्मी, राजपाल सोनी सिंह, गुरुनानक पूरा गुरुद्वारा के प्रधान बलबीर सिंह राजपाल, सत्यपाल सिंह, राजेंद्र सिंह चावला, नरेंद्र सिंह, मटकुरिया गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान वरयाम सिंह आदि शामिल हुए।



### कुमारधुबी में निकाली गयी प्रभातफेरी

वहीं, चिरकुंडा के सरसापहाड़ी स्थित गुरु नानक मिशन स्कूल से मंगलवार को प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें स्थानीय विधायक अपर्णा सेनगुप्ता भी मौजूद रहीं। प्रभात फेरी में छोटे बच्चे और सिख समाज की महिलाओं द्वारा शबद कीर्तन का गायन किया गया। प्रभात फेरी गुरु नानक मिशन स्कूल से पदयात्रा करते हुए कुमारधुबी बाजार स्थित गुरुद्वारा पहुंच समाप्त हुई। विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर पूरे देश में शाहिबजादों की शहादत की याद में वीर बाल दिवस मनाया जा रहा है। इसी उपलक्ष में इस दिन क्षेत्र में छोटे-छोटे बच्चों और महिलाओं के साथ प्रभात फेरी निकाली गई। उन्होंने कहा कि आज देश के युवाओं को जरूरत है कि वह शाहिबजादों की शहादत को जानें और उससे प्रेरणा लें कि किस तरह छोटी से बाल आयु में धर्म की रक्षा के लिए मुगल शासकों से लोहा लिया और हंसते-हंसते देश के लिए शहीद हो गए।



**प्रदेश प्रवक्ता बनाये जाने पर शमशेर का स्वागत/लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के सचिव शमशेर आलम को प्रदेश प्रवक्ता मनोनित किए जाने पर लोयाबाद मोड़ में फुल-माला पहनाकर स्वागत किया गया। वहीं, शमशेर ने कहा कि पार्टी द्वारा दी गयी जिम्मेवारी का पूरी निष्ठा से निर्वाहन करुंगा। उन्होने कार्यकर्ताओं से आनेवाले चुनाव मे कांग्रेस को जीत दिलाने के लिए जुटने की अपील की।


## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला (विकास शाखा)

E-Mail – ddcgumla2014@gmail.com Phone No. 06524-222209 Fax No. 06524-222209

–: संशोधित अति–अल्पकालीन निविदा हेतु निर्धारित शर्तें :–

विशुनपुर विधान सभा क्षेत्र के विधायक मद से विशुनपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत गुमला, घाघरा एवं विशुनपुर प्रखण्ड के विभिन्न विद्यालयों में छात्रोपयोगी पुस्तकों के क्रय कर आपूर्ति हेतु अनुशंसित पुस्तकों के क्रय/आपूर्त्ति हेतु इच्छुक निविदादाताओं से दिनांक 08.01.2024 के अपराह्न 12.00 बजे तक सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित किया जाता है।

निविदादाता अनुशंसित पुस्तकों की विवरणी एवं निविदा से संबंधित अन्य शर्त्ते गुमला जिले के वेवसाईडट http://gumla.nic.in पर देख सकते है।

निविदा दिनांक 08.01.2024 के अपराह्न 03.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोला जायेगा।

ह0/– उप विकास आयुक्त, गुमला।

PR.NO.314394 Rural Development(23-24):D

## हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० 40/2023–24**

| Group No. | Name of work | Estimated Cost (Rs.) | Earnest Money (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Completion period for construction |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Supply Fitting Fixing of kerb Stone and M.S. Grill in west Side Boundry Wall in Ward No. - 12 (Twelve) under Hazaribag Municipal Corporation, Hazaribag | 7,93,000/- | 16,000/- | 5,900/- | 60 Days |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान तिथि एवं समय | : | नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग दिनांक 03.01.2024 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 2.00 बजे अपराह्न तक |
| 2. | निविदा प्राप्ति का स्थान तिथि एवं समय | : | नगर निगम, हजारीबाग दिनांक 04.01.2024 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 2.00 बजे अपराह्न तक |
| 3. | निविदा खोलने का स्थान तिथि एवं समय | : | नगर निगम, हजारीबाग दिनांक 05.01.2024 को 2.00 बजे अपराह्न से अंतिम निविदा खुलने तक |
| 4. | विज्ञापनदाता का पदनाम | : | नगर आयुक्त–सह–प्रशासक, नगर निगम, हजारीबाग। |

नोट :– निविदा से संबंधित शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालय अवधि में नगर निगम कार्यालय में देखा जा सकता है।

ह०/–
नगर आयुक्त–सह–प्रशासक
नगर निगम, हजारीबाग

PR 314380 Urban Development and Housing(23-24)#D

## कार्यालय, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी सिमडेगा

**अति अल्पकालिन निविदा**

जिला कुष्ठ निवारण कार्यालय, सिमडेगा अंतर्गत राष्ट्रीय कुष्ठ उन्नमुलन कार्यक्रम के तहत नीचे अंकित कुष्ठ रागीयों हेतु **MCR Foot Wear** के कय हेतु प्रतिष्ठान/एंजेसी/संस्थान से अल्पकालिन निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क0 सं0 | Name | दर |
|---|---|---|
| 1 | MCR Foot Wear 5no | |
| 2 | MCR Foot Wear 6no | |
| 3 | MCR Foot Wear 7no | |
| 4 | MCR Foot Wear 8no | |
| 5 | MCR Foot Wear 9no | |

उक्त सामग्री के कय हेतु ईच्छुक प्रतिष्ठान/एंजेसी/संस्थान सीलबन्द लिफाफा में अपना अल्पकालिन निविदा निबंधित डाक या स्वयं/ प्रतिनिधि के हाथ से दिनांक 03.01.2023 के अपराह्न 01:00 बजे तक कार्यालय में जमा कर सकते है। प्राप्त अति अल्पकालिन निविदा दिनांक 03.01..2023 को सिविल सर्जन की अध्यक्षता में अपराह्न 03:00 बजे खोली जाएगी।

नियम एवं शर्तें:–

1- GST No. की छायाप्रति।
2- PAN No. की छायाप्रति।
3- Manufacture license की छायाप्रति।
4- Income tax return certificate F.y 2022-2023

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सिमडेगा।

PR.NO.314377 Simdega(23-24):D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल,कोडरमा।

**दर कोटेशन आमंत्रण सूचना**

कोटेंशन आमंत्रण सं0–

एतद् द्वारा कोडरमा जमुआ पथ के 7.00 km से 13.00 km में सुखे वृक्षो का लॉग बनाना Stacking एवं Loading कर डिपो चौपारण तक पहुँचाना जिसकी दूरी 58.00 km उक्त पथ से है। यह कोटेशन में carriage, Stacking लौग बनाना एवं लोडिंग कर डिपो तक पहुँचा कर वन अधिकारी के निर्देशानुसार यथा स्थान पर Unloading करना सम्मिलित है। इच्छुक कोटेशन दाता से मुहरबंद लिफाफा में दर कोटेशन आमंत्रित किया जाता है।
यह दर अनुमोदन के लिए है।

| Sl No. | Item of Work | Quantity | Unit | Rate | Amount |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Transportation of logs and fire wood from Koderma -Jamua road 7.00 km to 13.00 km to forest corporation depot at Chouparan including cost of stacking,Loading, unloading of Logs as per the direction of forest officials. | | | | |
| | Logs | 24.00 | cum | | |
| | Firewood | 5.55 | cum | | |

PR 314345 Road(23-24)D

कार्यपालक अभियंता प0नि0वि0,पथ प्रमण्डल,कोडरमा।

## Government of Jharkhand Rural Works Department
## JHARKHAND STATE RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

3rd Floor, FFP Building, Dhurwa, Ranchi 834004, Jharkhand

PhoneNo.:-0651-2401741, e-mail : jh-ce@pmgsy.nic.in

**PR No. 312770 dated 06.12.2023.**

Jharkhand State Rural Road Development Authority (JSRRDA),a wholly owned Authority under Rural Works Department (RWD), Government ofJharkhand is responsible for planning, execution and maintenance of PMGSY Roads/Bridges in Jharkhand State.

JSRRDAinvites application for filling up vacant contractual posts of its head office from persons of requisite qualification and experience as mentioned below.

**CURRENTVACANCIES (Very Short Notice)**

| Sl.No. | Nameof Post | UR | EWS | ST | SC | OBC | TOTAL |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Finance Controller | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 |

***Detailed terms and conditions, eligibility criteria along with the application Performa can be downloaded from website www.pmgsytendersjhr.gov.in ->Downloadsorcollected from JSRRDAofficeat 3rd Floor,F.F.P. Building,Dhurwa,Ranchi -834004 duringoffice hours between 26/12/2023 to 02/01/2024. Last Date of submission of application is 02/01/2024 by 5 pm through prescribed mode.***

**EligibilityCriteria and Other Details**

| Sl. No. | Post | UpperAge as onclosing date i.e.31.10.2023 | Essential Qualification | EssentialPostQualificationExperience |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. |
| 1. | Finance Controller<br>Salary:Rs.1,00,000/- per month consolidated | 64Yearsforthe candidate who isRetiredOfficer of State Finance Service /Retired Senior Accounts Officer of AG Jharkhand& 50 years for other candidates | Working/ Retired Officer of State Finance Service / Senior Accounts Officer of AG Jharkhand or Chartered Accountant with relevant experience | • Should have at least 8 years' post qualification experience in finance controlling, finance management and analysis at senior level in corporates/ Government Organization(s).<br>• ExperienceinPreparing and Reviewing financial statements, expenses and statutory returns to identify the best strategy for various compliances<br>• Should have experience of handling Internal,statutory and governmentaudits.<br>• Shouldhave knowledgeof statutory provisions and applicable rules/ regulations.<br>• Should have legal drafting skills, presentation skills, knowledgeof SNA and working under computerized environment. |

Chief Engineer
JSRRDA,Ranchi

PR 314310 Rural Work Department(23-24)D

# बरगड़ में रघुवर दास : ग्रामीणों और छात्रों के साथ बातचीत की



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** राज्यपाल रघुवर दास ने बरगड जिले का दौरा किया और अताबीरा दुर्गा शक्ति स्वयंसेवक समुदाय की महिलाओं के साथ बातचीत की। इसके अलावा बरगड प्रखंड के गोबिंदपुर पंचायत में ग्रामीणों के साथ विभिन्न समस्याओं व जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की। पंचायत के किसानों, दिहाड़ी मजदूरों, स्वयं सहायता महिलाओं, सेवानिवृत्त सैनिकों और स्कूली छात्रों से बातचीत की। उन्होंने सीधे उनकी समस्याओं के बारे में जाना। उन्होंने धान की बढ़ती कीमत, किसानों के लिए बिजली कटौती के साथ टोकन की समस्या के कारण धान नहीं बेचने जैसे कई मुद्दों पर चर्चा की और कहा कि वे इसे तुरंत हल करने का प्रयास करेंगे। बाद में सोहेला ब्लॉक के केंदपाली गांव में आंगनवाड़ी केंद्र और लेबिडी स्कूल का दौरा करने के बाद मेलचा मुंडा पीएचसी, पद्मपुर उपखंड क्षेत्र के विभिन्न स्थानों का दौरा किया।

## सांसद अपराजिता ने सीएम को लिखा पत्र

# दो घंटे वाहन रोके जाने की भरपाई कौन करेगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर की सांसद अपराजिता षाड़ंगी ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र। उन्होंने भुवनेश्वर के वार्ड नंबर 43 में अपने खिलाफ हो रहे विरोध पर नाराजगी जतायी है। पत्र में उन्होंने लिखा, लक्ष्मी सागर वार्ड नंबर 43 में कुछ असामाजिक लोगों ने उन्हें 2 घंटे तक अटकाये रखा। एक मीटिंग में जाते वक्त कुछ असामाजिक लोगों ने उनकी कार रोक ली। वह पुलिस के इंतजार में 2 घंटे तक कार में बैठे रही। उनके बर्बाद हुए 2 घंटे का जिम्मेदार कौन है। उन्होंने पूछा कि बर्बाद हुए समय की भरपाई कैसे करें। इसके अलावा अपराजिता ने कहा, क्या मुख्यमंत्री के कारकेड को 5 मिनट के लिए रोका जायेगा। अपराजिता षड़ंगी ने सवाल उठाया कि सरकार सुरक्षा की दिशा में ऐसा कदम क्यों उठा रही है। कल रात जब अपराजिता एक जनसंपर्क बैठक में आ रही थीं तो लोगों के एक समूह ने उनका विरोध किया। इस पर अपराजिता के समर्थक और विरोधी भिड़ गये। 2 घंटे विरोध के बाद अपराजिता षड़ंगी जनसंपर्क बैठक में शामिल हुईं।

# पीएम विश्वकर्मा योजना का लाभ दिलाने में सहयोग करें कार्यकर्ता : लक्ष्मण प्रसाद सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता




कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह।

**राजधनवार।** भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने मंगलवार को बरजो स्थित भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान श्री सिंह ने भाजपा मंडल अध्यक्षों व प्रमुख कार्यकर्ताओं को लोगों के बीच पहुंच पीएम विश्वकर्मा योजना का प्रचार-प्रसार करने तथा इसका लाभ दिलाने में सहयोग करने की बात कही। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी द्वारा लागू इस योजना से दर्जनाधिक समुदाय के कारीगर लाभान्वित हो सकते हैं और इस योजना का मुख्य उद्देश्य कारीगरों को स्वरोजगार से जोड़ कर स्वावलंबी बनाना है और इसके लिए उन्हें ऋण दिया जायेगा, जहां ऑन लाइन आवेदन करना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को उनसे आवेदन कराने एवं ऋण दिलाने में सहयोग करने की बात कही।

श्री सिंह ने कहा कि इसके लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत प्रचार वाहन भ्रमण करेंगे और हर पंचायत में शिविर भी लगाया जायेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को मिशन 2024 में सूबे की सभी 14 सीटों पर कब्जा के लिए जनता से मोदी सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को बताने और लाभ दिलाने का आह्वान किया। इस क्रम में उन्होंने कई कार्यकर्ताओं की समस्या भी सुनी और यथासंभव उनका निदान भी किया। बैठक में उदय सिंह, उमा शंकर, नारायण देव, पवन सिंह, संजय साव, उपेंद्र सिंह, श्याम सिंह, संजय वर्मा, मो असलम, लोकेश कुमार, संजीव राय, रंजीत राणा आदि मौजूद थे।

# सम अल्टीमेट स्पोर्ट्स का आगाज

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** सम अल्टिमेट मेडिकेयर की पहली स्पोर्ट्स मीट 'सम्ममन्बय-2023' का उद्जापित सोमवार को हुआ। इस स्पोर्ट्स मीट में भाग लेने वाली 10 टीमों में से, 'नेबुला नोमैड्स' टीम चैंपियन बनी। ओड़िशा के गृह, इलेक्ट्रॉनिक्स और प्रौद्योगिकी, खेल और युवा मामलों के राज्य मंत्री तुसारकांति बेहेरा ने 'सम्ममन्बय-2023' नवाचार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और कहा कि खेल मानव जीवन का अभिन्न अंग हैं। सम्मम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ श्वेतपद्मा दास ने बेहेरा का स्वागत किया और समाज के लिए खेलों की आवश्यकता पर जोर दिया। अस्पताल के डॉक्टरों, नर्सों और अन्य कर्मचारियों ने वॉलीबॉल, क्रिकेट, रस्साकशी, थ्री लेग्ड रेस, म्यूजिकल चेयर्स, लेमन स्पून रेस, कैरम, बैडमिंटन और 100 मीटर दौड़ जैसी प्रतियोगिताओं में भाग लिया। 21 से 25 दिसंबर तक 5 दिनों तक आयोजित इस स्पोर्ट्स मीट में 10 टीमों ने हिस्सा लिया। अन्य टीमें ऑरोरा एवेंजर्स, फोनेक्स फैंटम्स, फ्यूजन फोर्स, सेलेस्टियल क्रॉसर्स, जेनिथ जिलट्स, गैलेक्सी ग्लेडियेटर्स, क्वांटम क्वासर्स, स्विफ्ट स्ट्राइकर्स और रोग राइडर्स हैं। इस मौके पर सीईओ डॉ दाश सीएमएस प्रोफेसर (डॉ) बिराज मोहन मिश्र अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## आय से अधिक संपत्ति जमा करने के आरोप में

# विजिलेंस विभाग ने इडको के मुख्य महाप्रबंधक के घर पर छापा मारा

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** विजिलेंस पांझा में इडको अधिकारी। इडको के मुख्य महाप्रबंधक सरोजकांत महांति के घर विजिलेंस ने छापा मारा। भुवनेश्वर, कटक, जाजपुर सहित 8 स्थानों पर छापे मारे जा रहे हैं। आय से अधिक संपत्ति जमा करने के आरोप में छापे मारे गये। छापेमारी में 10 डीएसपी, 6 इंस्पेक्टर और अन्य कर्मचारी शामिल रहे हैं। इडको के मुख्य महाप्रबंधक सरोजकांत महांति की कटक महानदी बिहार स्थित 3 मंजिला इमारत, भुवनेश्वर के ओम्रित आलय में फ्लैट, जाजपुर जारका में स्थित उनके पिता के घर पर अभी भी छापेमारी चल रही है।

# एम्स भुवनेश्वर ने सुशासन दिवस मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** एम्स भुवनेश्वर ने दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री और महान राजनेता, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 99वीं जयंती के शुभ अवसर पर सुशासन दिवस मनाया। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में दूरदर्शी नेता को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी, जिन्होंने एम्स भुवनेश्वर के संस्थापक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी, जिससे राज्य के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन आया। एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर (डॉ) आशुतोष विश्वास ने राष्ट्रीय संस्थान की स्थापना और विकास में अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान के लिए गहरा सम्मान और प्रशंसा व्यक्त की। संस्था ने दिवंगत नेता की गतिशीलता पर विचार किया और स्वास्थ्य सेवा परिदृश्य पर उनके स्थायी प्रभाव को स्वीकार किया। इस महत्वपूर्ण अवसर को चिह्नित करने के लिए, एम्स भुवनेश्वर परिसर में एक बैठक बुलायी गयी, जिसमें डीन (शैक्षणिक) डॉ पीआर महापात्र, डीन (अनुसंधान) डॉ सत्यजीत मिश्रा, डीन (परीक्षा) डॉ सौभाग्य कुमार जेना, एमएस डॉ दिलीप ने भाग लिया। कुमार परिदा, उप निदेशक (प्रशासन)प्रभारी रस्मी रंजन सेठी, और डॉ अशोक कुमार जेना, संकाय सदस्यों, छात्रों और कर्मचारियों के साथ।












# ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और रिसर्च स्कॉलर को सम्मानित किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता






**भुवनेश्वर।** ओड़िशा केंद्रीय विवि के जैव विविधता और प्राकृतिक संसाधन संरक्षण विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ देबब्रत पांडा को प्रतिष्ठित अबसार बेउरिया मेमोरियल नेचर कंजर्वेशन अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया है और शोधकर्ता प्रियंजोली रॉय को 14वें वार्षिक सम्मेलन में ओड़िशा पर्यावरण कांग्रेस (ओइसी) द्वारा पद्मश्री डॉ अजय परिदा युवा वैज्ञानिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। 14वीं ओड़िशा पर्यावरण कांग्रेस 22 से 23 दिसंबर तक आरएमएनएच, भुवनेश्वर में आयोजित की गयी थी। इस अवसर पर ओइसी के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ अरविंद बेहरा, ओइएस के अध्यक्ष प्रोफेसर एसएन पात्रा, सीवाइएसडी के सदस्य सचिव जगदानंद और ओबीएस के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय में डॉ देबब्रत पांडा कोरापुट के पारंपरिक चावल, बाजरा, नाइजर और जंगली पौधों के लक्षण वर्णन में लगे हुए हैं। उन्होंने कोरापुट के विभिन्न आदिवासी क्षेत्रों से 130 से अधिक महत्वपूर्ण आनुवंशिक संसाधनों को एकत्र किया है, जिसमें देसी चावल, नाइजर के 30 स्थानीय फिंगर मिलेट्स और 8 विभिन्न जंगली खाद्य रतालू शामिल हैं और आदिवासियों की स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए इसके संरक्षण और व्यावसायीकरण के लिए कदम उठाये हैं। इसी प्रकार, प्रियांजोली रॉय ने मछली जीवों के विशेष संदर्भ में जलीय पारिस्थितिकी तंत्र स्वास्थ्य पर शहरीकरण का प्रभावः दक्षिणी ओड़िशा, भारत के पूर्वी घाटों से एक केस-स्टडी शीर्षक से एक पेपर प्रस्तुत किया। वह जैव विविधता और प्राकृतिक संसाधन संरक्षण विभाग के डीन प्रोफेसर शरत कुमार पालिता की देखरेख में काम कर रहे हैं। बेउरिया मेमोरियल नेचर कंजर्वेशन अवार्ड हर साल दिवंगत राजदूत अबसार बेउरिया के सम्मान में दिया जाता है और पद्म डॉ अजय युवा वैज्ञानिक पुरस्कार हर साल प्रख्यात वैज्ञानिक और जीवन विज्ञान संस्थान के पूर्व निदेशक के सम्मान में दिया जाता है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर चक्रधर त्रिपाठी ने पुरस्कार के लिए डॉ पांडा और शोधकर्ता प्रियंजोली रॉय को बधाई दी और उन्हें स्थानीय जैव विविधता (वनस्पतियों और जीवों) और आदिवासियों की आजीविका और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए फसलों पर अधिक काम करने के लिए प्रोत्साहित किया।

विवि के जनसंपर्क अधिकारी डॉ फागूनाथ भोई ने कहा कि स्कूल ऑफ बायोलॉजिकल डायवर्सिटी के डीन प्रोफेसर शरत कुमार पालिता ने भी उन्हें बधाई दी।












# मालकानगिरी हवाई अड्डे का उद्घाटन जनवरी में किया जायेगा : खेल सचिव

- मालकानगिरी हवाई अड्डे के रनवे की लंबाई 1620 मीटर और इसकी चौड़ाई 30 मीटर है।

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** मालकानगिरी हवाई अड्डा जनवरी में उद्घाटन किया जायेगा। खेल सचिव और मालकानगिरी के पूर्व जिला मजिस्ट्रेट विनिल कृष्णा ने यह ट्वीट किया। इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री नवीन पटनायक करेंगे। मालकानगिरी शहर के बाहरी इलाके में हवाई अड्डे का निर्माण कार्य अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है। दिसंबर के अंत तक रनवे का ट्रायल रन पूरा कर लिया जायेगा। इसलिए तय समय सीमा के अंदर काम पूरा करने के लिए ठिकादार, अभियंता और विभागीय अधिकारी दिन-रात काम में लगे हुए है। मालकानगिरी हवाई अड्डे के रनवे की लंबाई 1620 मीटर है और इसकी चौड़ाई 30 मीटर है। आवश्यकता पड़ने पर इसे 3 हजार मीटर या 3 किमी तक बढ़ाया जा सकता है।






आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**